सूर्योदय : 6:22
सूर्यास्त : 6:11
अधिकतम तापमान : 33.5
न्यूनतम : 20.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-261 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 13 मार्च 2026
23 रमज़ान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# भारत की ईरान से तीन बार बातचीत

**■ तेल और जहाजों की सुरक्षा पर चर्चा**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संकट के बीच भारत की ईरान से तीन बार बातचीत हुई है। हालांकि बातचीत को लेकर क्या नतीजा निकला, इसके बारे में कोई ठोस जानकारी साझा नहीं की गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर की ईरान के विदेश मंत्री के बीच हाल के दिनों में तीन बार बातचीत हुई है। पिछली बातचीत में जहाजों की सुरक्षा, भारती ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ों मुद्दों पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा उनके लिए अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हम उन भारतीय नागरिकों की भी मदद कर रहे हैं जो अजरबैजान और आर्मेनिया जाना चाहते हैं और वहां से कमर्शियल फ्लाइट्स लेकर घर लौटना चाहते हैं। हम उन्हें वीजा दिलाने में मदद कर रहे हैं। हम उन्हें सीमा पार कराने में भी मदद कर रहे हैं। '

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया 'ईरान में लगभग 9,000 भारतीय नागरिक थे या हैं। इन 9,000 भारतीय नागरिकों में स्टूडेंट, नाविक, बिजनेस करने वाले, प्रोफेशनल और कुछ तीर्थयात्री शामिल हैं...कई इंडियन नागरिक, जिनमें ज़्यादातर स्टूडेंट हैं, देश छोड़कर घर पहुंच गए। हमने तेहरान में मौजूद कई इंडियन नागरिकों, जिनमें स्टूडेंट और तीर्थयात्री शामिल हैं, को देश के दूसरे सुरक्षित जगहों और शहरों में शिफ्ट कर दिया है। हम उन इंडियन नागरिकों की भी मदद कर रहे हैं जो अज़रबैजान और आर्मेनिया जाना चाहते हैं। और वहां से कमर्शियल फ्लाइट्स लेकर घर वापस आ सकें। हम उन्हें वीज़ा दिलाने में मदद कर रहे हैं। हम उन्हें लैंड बॉर्डर क्रॉस करने में भी मदद कर रहे हैं।

'रणधीर जायसवाल ने कहा, 'कई भारतीय नागरिकों ने हमसे संपर्क किया है और हमने उन्हें अज़रबैजान और आर्मेनिया में घुसने और वहां से कमर्शियल फ्लाइट्स लेकर घर वापस आने में मदद की है। मैं इस मौके पर उन सभी भारतीय नागरिकों को सलाह देना चाहूंगा जो सीमा के रास्ते ईरान छोड़ना चाहते हैं। उन्हें हमारी एम्बेसी द्वारा जारी की गई एडवाइजरी का पालन करना चाहिए। रणधीर जायसवाल ने कहा, प्रधानमंत्री ने संघर्ष शुरू होने के बाद खाड़ी के कई नेताओं से बात की है। इन बातचीत में, उन्होंने कूटनीति और डिप्लोमेसी की ज़रूरत पर ज़ोर दिया ताकि जल्दी शांति लौट सके।

**बांग्लादेश ने भारत से डीजल की मांग की :** पड़ोस के देशों को एनर्जी मदद पर रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत रिफाइंड पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स का एक बड़ा एक्सपोर्टर है, खासकर हमारे पड़ोस में। हमें बांग्लादेश सरकार से डीज़ल की सप्लाई के लिए एक रिक्वेस्ट मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। यह बताना ज़रूरी है कि 2017 से बांग्लादेश को डीज़ल एक्सपोर्ट काफी हद तक जारी है, लेकिन फ़ैसले लेते समय भारत की रिफाइनिंग कैपेसिटी, हमारी अपनी ज़रूरतें और डीज़ल की अवेलेबिलिटी को ध्यान में रखा जाएगा। हमें श्रीलंका और मालदीव समेत कई दूसरे देशों से भी ऐसी रिक्वेस्ट मिली है।

### होर्मुज से होकर एक तेल टैंकर पहुंचा मुंबई

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत के लिए कच्चा तेल लेकर आ रहा एक विदेशी ध्वज वाला टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य को सकुशल पार कर मुंबई पहुंच गया है जबकि एक अन्य बड़ा टैंकर भारतीय जलक्षेत्र में प्रवेश कर ओडिशा के पारादीप बंदरगाह की तरफ बढ़ रहा है। यह जानकारी जहाज निगरानी आंकड़ों और उद्योग सूत्रों से मिली है। क्षेत्र में बढ़ते संघर्ष के कारण जलडमरूमध्य से टैंकर की आवाजाही काफी हद तक प्रभावित हुई है। ऐसे में इन जहाजों का सुरक्षित पहुंचना भारत की ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। लाइबेरिया के ध्वज वाला टैंकर 'शेनलांग' सऊदी अरब से लगभग 10 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर बुधवार शाम मुंबई बंदरगाह पहुंच गया।

# सीएम योगी ने लिया अयोध्या में राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों का जायजा




**अयोध्या।** सीएम योगी ने गुरुवार को अयोध्या में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले संकटमोचन हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजन किया और प्रदेश की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद सीएम ने श्रीराम मंदिर में श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। उन्होंने श्रीराम मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे की शुरुआत संकटमोचन हनुमानगढ़ी मंदिर से की। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। यहां से निकल कर मुख्यमंत्री श्रीराम मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीरामलला के दर्शन किए। आरती उतारी और मंदिर की परिक्रमा की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली।

### संतों से भी की मुलाकात, पूछा कुशलक्षेम

मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री यहां सबसे पहले महंत प्रेमदास जी महाराज से मिले। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अन्य संतों से भी मिलकर उनका हालचाल जाना। इससे पहले मुख्यमंत्री के अयोध्या आगमन पर रामकथा पार्क हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री/कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, चंद्रभानु पासवान, अमित सिंह चौहान, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय आदि मौजूद रहे।



23 रमज़ान 13.03.2026

| सुन्नी हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04:54 | 06:16 |

| शिया हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04:48 | 06:26 |

# देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार

**■ लोकसभा में बोले केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लोकसभा में गुरुवार को कहा कि भारत में गैस-सिलेंडर, तेल और पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। हरदीप पुरी ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से देश में तेल और गैस के संकट का मुद्दा उठाए जाने पर कहा कि दुनिया के ऊर्जा इतिहास में शायद ही कभी ऐसा समय आया हो जैसा अभी पश्चिम एशिया के संकट के कारण देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति के लिए बेहद गंभीर मानी जा रही है।

उन्होंने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य से 20 प्रतिशत आवाजाही प्रभावित हुई है, 40 प्रतिशत कच्चा तेल दूसरे देश से आ रहा हैं। हमारे पास पर्याप्त कच्चा तेल है। भारत की क्रूड सप्लाई पूरी तरह से सुरक्षित है और भारत में पेट्रोल-डीजल की किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं, देश में अभी पर्याप्त गैस है। उन्होंने कहा कि सीएनजी की आपूर्ति 100 प्रतिशत जारी है, भारत में एलपीजी के कार्गो रोज आ रहे हैं। गैस सिलेंडर को लेकर किसी भी तरह से घ्नबराने की जरूरत नहीं है। इसी घबराहट की वजह से मांग बढ़ी है। हरदीप पुरी ने बताया कि देश में एलपीजी का उत्पादन 28 फीसदी बढ़ा है और देश लंबे समय तक इस संकट से निकटने को लेकर पूरी तरह से तैयार है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि भारत अभी भी कनाडा, नार्वे और रूस से तेल ले रहा है और हमने गैस की कालाबाजारी को रोकने के निर्देश जारी किए है। उन्होंने कहा कि उत्पादन बढाने के लिए तेल विपणन कंपनी को बढाने के निर्देश दिए गए हैं। भारत के 33 करोड़ परिवारों को कोई गैस की कमी का समाना नहीं करना होगा और अभी भी ढाई दिन में गैस सुनिश्चित की गयी है।

### फारूक अब्दुल्ला पर जानलेवा हमला

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार देर रात को यहां एक शादी समारोह में एक व्यक्ति ने गोली चलाई, लेकिन इससे उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अधिकारिक सुत्रों के अनुसार, अब्दुल्ला ग्रेटर कैलाश इलाके में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वहां एक व्यक्ति ने काफी नजदीक से उनपर गोली चला दी। उनके आसपास के लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उस व्यक्ति को पकड़ लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फारूक अब्दुल्ला के साथ जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी भी मौजूद थे। बाद में सुरिंदर चौधरी ने इस घटना को बड़ी सुरक्षा चूक करार दिया। इस बीच फारूक अब्दुल्ला के पुत्र एवं जम्मू-कश्मीर के मुख्यंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'अल्लाह दयालू हैं। मेरे पिता बाल-बाल बच गए'।

### व्हाट्सएप लाया 'पेरेंट-मैनेज्ड अकाउंट्स' अब अभिभावकों का होगा कंट्रोल

**■ 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए प्राइवेसी होगी सख्त**



**नई दिल्ली।** मेटा के स्वामित्व वाले संदेश मंच व्हाट्सएप ने 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए अभिभावक नियंत्रित खाते शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत अभिभावकों की कड़ी निगरानी में छोटे बच्चों को इस मंच का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाएगी। यह कदम संदेश मंच की नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है, क्योंकि अब तक इस मंच के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा 13 वर्ष (कुछ क्षेत्रों में इससे अधिक) रखी गई थी।

व्हाट्सएप ने अपने 'ब्लॉग' में कहा, '' परिवारों व विशेषज्ञों से मिले सुझावों के आधार पर अभिभावक-नियंत्रित खातों की नई व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसके तहत माता-पिता या अभिभावक छोटे बच्चों के लिए व्हाट्सएप खाता बना सकेंगे और उनके उपयोग को केवल संदेश भेजने तथा कॉल करने तक सीमित कर सकेंगे।''

कंपनी के अनुसार, अभिभावक बच्चों की संपर्क सूची नियंत्रित कर सकेंगे। हालांकि संदेशों की सामग्री 'एंड टू एंड एन्क्रिप्शन' से सुरक्षित रहेगी। नई नियंत्रण व्यवस्था और अन्य 'सेटिंग' को अभिभावक 'पिन' के माध्यम से सुरक्षित किया जाएगा और केवल माता-पिता ही गोपनीयता संबंधी 'सेटिंग' को देख या बदल सकेंगे। कंपनी ने बताया कि यह सुविधा फिलहाल चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही है।


### तत्काल टिकट बुकिंग का मामला : कोर्ट ने रेलवे बोर्ड को फटकारा

**कोच्चि :** केरल उच्च न्यायालय ने गुरुवार को रेलवे बोर्ड को फटकार लगाई। अदालत ने बोर्ड को कई महीनों का समय दिया लेकिन बोर्ड ने अभी तक इसका जवाब नहीं दिया है कि तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य है या नहीं।

मुख्य न्यायाधीश सौमेन सेन और न्यायमूर्ति श्याम कुमार वी एम की पीठ ने बोर्ड के वकील द्वारा इस मुद्दे पर जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का और समय मांगे जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। पीठ ने कहा, इतने सरल मुद्दे पर आप इतना समय ले रहे हैं। कई महीनों का समय दिए जाने के बावजूद आपने कोई जवाब नहीं दिया है। यदि आप जवाब देने में असमर्थ हैं, तो हम इस मुद्दे पर फैसला कर सकते हैं। अदालत ने मामले को तीन सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया और यह स्पष्ट किया कि बोर्ड को उस अवधि के भीतर अपना जवाब दाखिल करना होगा।

# समाज में फैले नकली संतों का होगा अंत

**■ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात के बाद बोले अखिलेश यादव**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ के कृष्णानगर क्षेत्र में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की और कहा कि शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलने से समाज में फैले नकली संतों का अंत होगा। अखिलेश यादव दोपहर 12:30 बजे अपने आवास से कृष्णानगर स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से भेंट की।

मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि वह शंकराचार्य से आशीर्वाद लेने आए थे। उन्होंने कहा कि किसी भी अच्छे कार्य की शुरुआत से पहले शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलना सौभाग्य की बात होती है। उन्होंने गोरक्षा के मुद्दे पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि समाजवादी सरकार के समय गायों की सेवा और संरक्षण के लिए कई फैसले लिए गए थे और भविष्य में भी गायों की सेवा के लिए जो संभव होगा, वह किया जाएगा।

इस दौरान अखिलेश यादव ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद संतों को हाथ जोड़कर प्रणाम भी किया। उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी और पूर्व सांसद अनु टंडन भी मौजूद रहीं। गौरतलब है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को लखनऊ से गोरक्षा जनजागरण अभियान की शुरुआत की है। इससे पहले वह 8 मार्च को वाराणसी से यात्रा शुरू कर विभिन्न जिलों का दौरा करते हुए 11 मार्च को लखनऊ पहुंचे थे।

# राहुल गांधी का पीएम मोदी पर तीखा हमला

**■ कहा- प्रधानमंत्री घबराए हुए हैं, इसलिए सदन के अंदर नहीं आ रहे**



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि रसोई गैस की किल्लत को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों से नहीं घबराने की अपील कर रहे हैं, जबकि वह खुद अलग कारणों से घबराए हुए हैं। राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन खुद प्रधानमंत्री बिल्कुल अलग वजहों से घबराए हुए हैं। वह अदाणी मामले, 'एप्सटीन फाइल' के कारण घबराए हुए हैं।''

उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री सदन के अंदर नहीं आ पा रहे हैं और देश से कह रहे हैं कि घबराओ मत, जबकि वह खुद घबराए हुए हैं। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण रसोई गैस की किल्लत के बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को लोगों से नहीं घबराने की अपील की थी और जनहित की रक्षा का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा था, ''मैं लोगों से अपील करना चाहता हूं कि हम केवल सही और सत्यापित जानकारी ही फैलाएं।''

कांग्रेस सांसद जेबी माथेर ने कहा, 'भारत जिसे 'सफलतापूर्व' रुख कहता है, हम वही चाहते हैं, लेकिन हमें कोई कार्रवाई नजर नहीं आती। ऊर्जा संकट के संबंध में यह तथाकथित सफलता कहां है? लोग परेशान हैं, होटल बंद हो रहे हैं और घरेलू बाजार बुरी तरह प्रभावित होने वाले हैं। इन चिंताओं का समाधान करना बेहद जरूरी है।

### भारत को मजबूती से अपना पक्ष रखना चाहिए

कांग्रेस सांसद धर्मवीर गांधी ने कहा, 'हमारी अपनी जरूरतें और प्राथमिकताएं हैं और हमें अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर भी विचार करना चाहिए। वैश्विक समुदाय के सामने भारत का पक्ष रखना आवश्यक है। सरकार ने भारत की गुटनिरपेक्षता की दीर्घकालिक नीति को त्याग दिया है, जिससे विदेश मामलों में गड़बड़ी पैदा हो गई है। इससे निपटने के लिए हमें देश और अपनी पार्टी के हितों को ध्यान में रखते हुए अन्य देशों को अपना संदेश देना होगा। अगर आप विदेश यात्राओं पर नजर डालें तो मौजूदा प्रधानमंत्री ने कई दौरे किए हैं, लेकिन लोकसभा सत्र के दौरान बहुत कम समय के लिए और कोई जवाब नहीं दिया।

## अमेरिका-इस्राइल से जंग के बीच मोजतबा खामेनेई का पहला बयान

# खाड़ी के देशों पर ईरान के हमले जारी रहेंगे



### अमेरिकी ठिकानों को बनाएंगे निशाना

मोजतबा खामेनेई ने यह भी कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ मित्रता चाहता है और अब केवल अमेरिका के ठिकानों को निशाना बना रहा है, जिस पर हमले जारी रहेंगे। मोजतबा खामेनेई ने देश से एकजुटता आह्वान किया और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखा जाएगा, ताकि ईरान के दुश्मनों पर दबाव बनाया जा सके। उन्होंने कहा, हम अपने शहीदों के खून का बदला लेंगे। ईरान के नए सर्वोच्च नेता ने कहा कि जो लोग नुकसान झेल चुके हैं, उन्हें आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि घायल लोगों का मुफ्त इलाज किया जाएगा और मौजूदा स्थिति को संभालते हुए प्रभावित लोगों की मदद की जाएगी।

**तेहरान।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता आयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इस्राइल के साथ जारी जंग के बीच अपना पहला बयान जारी किया, जिसे गुरुवार को सरकारी टेलीविजन पर एक समाचार एंकर ने पढ़ा। खामेनेई खुद कैमरे पर नजर नहीं आए। लेकिन उनके बयान को पूरे देश में दिखाया गया।

बयान में खामेनेई ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का इस्तेमाल ताकत के रूप में किया जाना चाहिए और खाड़ी के अरब पड़ोसी देशों पर हमले जारी रहेंगे। पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच यह उनका पहला संदेश है।

मोजतबा खामेनेई के सार्वजनिक रूप से दिखाई न देने पर कई रिपोर्ट्स में बताया गया था कि उन्हें युद्ध के दौरान शुरुआती हमलों में चोटें आई थीं। शुरुआती अमेरिकी और इस्राइली हवाई हमलों में उनके पिता पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्य मारे गए थे। उन्होंने देश की सेना का धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने ईरान को विभाजित होने या कब्जे में जाने से बचाया। खामेनेई ने कहा, मैं बहादुर लड़ाकों का शुक्रगुजार हूं, जो उस समय बेहतरीन काम कर रहे हैं, जब हमारा देश दबाव और हमले का सामना कर रहा है। खामेनेई ने यह भी कहा कि ईरान आगे भी अपनी रक्षा करता रहेगा। यमन और इराक में सशस्त्र समूह ईरान का समर्थन कर रहे हैं।

### जंग के बीच अमेरिकी ऊर्जा मंत्री ने कहा नहीं कर सकते तेल टैंकरों की निगरानी

**■ होर्मुज में छूटे अमेरिका के पसीने**




**वॉशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना अभी होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों को निगरानी करने के लिए तैयार नहीं है। यह जानकारी अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने दी है। उनके अनुसार, सेना का तात्कालिक ध्यान ईरान की आक्रामक क्षमताओं के खिलाफ अभियानों पर केंद्रित है।

क्रिस ने कहा, 'यह अपेक्षाकृत जल्द ही होगा, लेकिन अभी नहीं हो सकता। हम अभी तैयार नहीं हैं। हमारी सभी सैन्य संपत्तियां इस समय ईरान की आक्रामक क्षमताओं और उन विनिर्माण उद्योगों को नष्ट करने पर केंद्रित हैं जो इन क्षमताओं के लिए आवश्यक सामग्री की आपूर्ति करते हैं।' राइट ने कहा कि नौसेना महीने के अंत तक निगरानी अभियान शुरू करने के लिए तैयार हो सकती है। यह भी बताया कि इस पर रक्षा अधिकारियों के साथ चर्चा चल रही है। इससे एक दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या तेल कंपनियों के सीईओ को हॉर्मुज जलडमरूमध्य का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो उन्होंने कहा कि कंपनियों को इसका इस्तेमाल करना चाहिए।

# नियमों से ही चलेगा सदन : ओम बिरला

**■ पीएम भी बोलने की अनुमति लेते हैं**



**नई दिल्ली।** लोकसभा में अपने खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के खारिज होने के एक दिन बाद स्पीकर ओम बिरला ने स्पष्ट संकेत दिया कि सदन की कार्यवाही नियमों और प्रक्रियाओं के तहत ही चलेगी।

करीब एक महीने बाद कुर्सी पर लौटे बिरला ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि सदन में चाहे प्रधानमंत्री हों, मंत्री हों या नेता प्रतिपक्ष, किसी को भी नियमों से अलग बोलने का अधिकार नहीं है। यहां तक कि वक्तव्य देने से पहले प्रधानमंत्री को भी नोटिस देना पड़ता है। किसी दस्तावेज को सदन के पटल पर रखने के लिए भी पूर्व अनुमति जरूरी होती है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सदन की गरिमा और अनुशासन बनाए रखने के लिए यदि कठोर फैसले लेने पड़ें तो भी वह परहेज नहीं करेंगे। बिरला ने कहा कि लोकसभा किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे सदन की संस्था है और स्पीकर की कुर्सी उसकी प्रतिष्ठा का प्रतीक है। इसलिए कार्यवाही व्यक्तिगत पसंद या राजनीतिक दबाव से नहीं, बल्कि स्थापित नियमों के अनुसार संचालित होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये नियम उन्होंने नहीं बनाए हैं, बल्कि परंपरा से उन्हें विरासत में मिले हैं और उनका दायित्व केवल इन्हें निष्पक्षता से लागू करना है। सदन में हाल में हुई कुछ घटनाओं पर बिरला ने चिंता जताई।

### कुछ सदस्यों ने निष्पक्षता पर सवाल उठाए

अविश्वास प्रस्ताव पर दो दिन चली चर्चा का जिक्र करते हुए स्पीकर ने कहा कि कुछ सदस्यों ने आसन की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपने विचार रखे, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने हमेशा संतुलन बनाए रखने और सभी पक्षों को बोलने का अवसर देने का प्रयास किया है।

### माइक का स्विच मेरे पास नहीं होता : बिरला

विपक्ष के माइक बंद करने के आरोपों पर भी बिरला ने कहा कि माइक का स्विच उनके पास नहीं होता। जिस सदस्य को बोलने की अनुमति मिलती है, उसी का माइक तकनीकी रूप से चालू किया जाता है, इसलिए इस व्यवस्था को व्यक्तिगत हस्तक्षेप से जोड़ना उचित नहीं है।

# लक्ष्मीबाई एकेडमी लखीमपुर में सीतापुर आँख अस्पताल द्वारा निः शुल्क नेत्र शिविर का किया गया आयोजन




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** दिनांक 12/03/2026 को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया श्रीमती ज्योति सर्वेश वर्मा सभासद ईदगाह के घर के पास पी के इंटर कॉलेज के पीछे रानी लक्ष्मीबाई एकेडमी लखीमपुर में सीतापुर आँख अस्पताल द्वारा निः शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।आयोजक संदीप वर्मा पूर्व अध्यक्ष छात्र संघसदस्य जिला पंचायत ने बताया कि कुल 220 ओपीडी हुई और 25 मरीज आपरेशन हेतु सीतापुर आँख अस्पताल भेजे गए कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामपाल सिंह यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी लखीमपुर द्वारा किया गया इस अवसर पर अतिथि के रूप में आकाश गुप्ता जिला उपाध्यक्ष सपा, अशोक वर्मा विधानसभा अध्यक्ष , रियाजुला खान नगर अध्यक्ष सपा उपस्थित रहे। आए हुए सभी अतिथियों को स्वागत संजय वर्मा अध्यक्ष यूथ डेवलपमेंट सोसाइटी लखीमपुर खीरी ने किया मुख्य अतिथि रामपाल सिंह यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि वास्तव में जन हित में जनता की सेवा करता है वही जन सेवक कहलाता है आंख सबसे अनमोल है इनकी देख रेख करना बहुत जरूरी है।सीतापुर आई हॉस्पिटल सीतापुर की डॉ श्रुति सक्सेना डॉ आयुषी अंकिता दुआ, ऑप्टोमेट्री सिमरन मौर्य ,दीपक और कृपाल व रामकिशोर शुक्ला जी प्रदीप शुक्ला नवी शेर ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा निकाय की महिला सफाई मित्रों को किया गया सम्मानित

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर धौरहरा में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया







**लखीमपुर-खीरी/धौरहरा। (अवधनामा संवाददाता)** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर नगर पंचायत धौरहरा जिला खीरी में नगर पंचायत अध्यक्ष नफीस खां द्वारा निकाय की महिला सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया एवं सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के अन्तर्गत सी0एच0सी0 धौरहरा में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया जिसमें महिला सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# बृहद रोजगार मेले में बड़ी कंपनियों के उच्च अधिकारियों को करें आमंत्रित, अधिक से अधिक बेरोजगारों को कराएं सेवायोजितः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*




**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई बिजनौर को निर्देशित किया कि आगामी 17 मार्च को आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले को सफल बनाने के लिए बड़ी बड़ी कंपनियों के उच्च अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित करें। उन्होंने जिला सेवा योजना अधिकारी को निर्देशित किया कि वह अपने स्तर से भी कंपनियों के अधिकारियों से बात कर उन्हें रोजगार मेले में सम्मानित रूप से आमंत्रित करें और अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं की सेवायोजित कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में 17 मार्च, 2026 को आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेला कार्यक्रम को सफल बनाने उद्देश्य से आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे दिए। उन्होंने आगामी 17 मार्च, 2026 को राजकीय आईटीआई बिजनौर में आयोजित होने वाले ÷बृहद रोजगार मेले को सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न कराने के प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई बिजनौर जिला सेवा योजना अधिकारी तथा डीसी एनआरएलएम को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय में स्थापित करते हुए रोजगार मेले को सफलतापूर्वक का आयोजन करने में अपना सहयोग दें। उन्होंने नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले की समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई के प्रधानाचार्यों को कोर्स पूरा करने वाले युवाओं के साथ रोजगार मेले में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित कराएं ताकि उनको भी रोजगार के सुअवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने नगर निकाय अधिकारी को निर्देशित किया कि रोजगार मेला स्थल पर पानी एवं सफाई की विशेष व्यवस्था करना सुनिश्चित करें तथा गर्मी के मौसम के दृष्टिगत स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए कैंपर आदि की समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को महिला सुरक्षा कार्मिक सहित समुचित संख्या में पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। बैठक के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से रोजगार मिले के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक, उपायुक्त उद्योग, जिला सेवायोजन अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म में वांछित बाल अपचारी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना नागल पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया, जिसके कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद हुए है। थाना नागल प्रभारी राजकुमार चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 7 मार्च को वादी की तहरीर पर अज्ञात युवक के खिलाफ वादी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने, डरा-धमका कर लाखो रुपये ले लेने, पुनः पैसा देने से मना करने पर पीडिता व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने व पीडिता की अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देने के सम्बन्ध में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

श्री चौहान ने बताया कि आज उनके व वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगेन्द्रसिंह तथा उपनिरीक्षक शिवकार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 02 मोबाइल फोन बरामद किए है।

# गैस सिलेंडर बुक करना हो रहा मुश्किल

## जनता हो रही परेशान, 8-10 गुना बढ़ी कॉल्स से सिस्टम पर पड़ा दबाव



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** दुनिया के कई हिस्सों में चल रहे युद्ध और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव की वजह से गैस सिलेंडर की कमी हो रही है। इसी वजह से अचानक गैस बुकिंग की कॉल्स में भारी बढ़ोतरी देखने को मिली है। मनीकंट्रोल के मुताबिक, गैस बुकिंग के लिए आने वाली कॉल्स सामान्य दिनों की तुलना में 8 से 10 गुना तक बढ़ गई, जिससे Indane का बुकिंग सिस्टम कुछ समय के लिए क्रैश हो गया। इसका असर यह हुआ कि कई यूजर्स फोन, ऐप या वेबसाइट के जरिए सिलेंडर बुक नहीं कर पाए और उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ शहरों में तो लोग सीधे गैस एजेंसी के दफ्तर पहुंच गए, जिससे वहां लंबी लाइनें भी लग गईं। मनीकंट्रोल के अनुसार Indane के IVRS और मिस्ड कॉल नंबर पर बुकिंग के लिए अचानक कॉल्स की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई। सामान्य दिनों के मुकाबले कॉल्स लगभग 8 से 10 गुना ज्यादा आ गईं। कंपनी ने अपने डीलरों को भेजे एक message में बताया कि इतनी ज्यादा कॉल्स आने की वजह से पूरा सिस्टम भारी दबाव में आ गया और कई बार ग्राहकों को कनेक्ट होने में दिक्कत होने लगी।

**लोगों को हुई परेशानी**

सिस्टम में आई टेक्निकल दिक्कत की वजह से कई शहरों में लोग गैस सिलेंडर बुक नहीं कर पाए। कुछ जगहों पर मोबाइल ऐप और वेबसाइट भी ठीक से काम नहीं कर रही थीं। ऐसे में कई लोग सीधे गैस एजेंसी के दफ्तर पहुंच गए, जिससे वहां लंबी लाइनें लग गईं और काफी भीड़ देखने को मिली। कई ग्राहकों ने शिकायत की कि उन्होंने कई बार कॉल करने की कोशिश की लेकिन बुकिंग नहीं हो सकी।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार

## छिनैती के मुकदमें में थे वांछित, अवैध अस्लाह, जेवरात व नगदी बरामद

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान छिनैती के मुकदमें में फरार चल रहे दो बदमाशों को घायलावस्था में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से कान के कुण्डल व टाप्स, 14000 रुपये की नकदी, घटना में प्रयुक्त अवैध असलाह/कारतूस व एक बिना नम्बर प्लेट की बाईक बरामद की है।

थाना कोतवाली देहात प्रभारी सुनील नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक यमुना प्रसाद व राजकुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम रात्रि में बिजोपुरा नहर पुल के पास कच्ची चकरोड पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी, तभी बिजोपुरा नहर की तरफ से एक बाईक पर सवार दो व्यक्ति आते दिखायी दिये। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी दिखाकर रुकने का इशारा किया गया। तो बाईक सवार संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी और चिलकाना की तरफ जाने वाली रोड पर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों की पीछा किया गया। पुलिस टीम को अपने नजदीक आता देख बदमाशों ने पुनः पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी और खेतो की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में दोनो बदमाश के पैर में गोली लगने से घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। घायल बदमाशों की पहचान अमजद पुत्र इरशाद निवासी मौ. विश्वास नगर थाना मण्डी व साजिद उर्फ सुक्खा पुत्र इकराम निवासी ताहिरा गार्डन बिहार नगर थाना मण्डी के रूप में हुई। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 02 तमंचा .315 बोर, 02 जिन्दा/02 खोखा कारतूस .315 बोर, एक बिना नम्बर प्लेट की बाईक व छिनैती के कुण्डल व टाप्स तथा 14000 रुपये की नगदी बरामद कर ली। घायल बदमाशो को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सीतापुर से श्रद्धालुओं को लेकर मनौना धाम जा रही निजी बस खड़े ट्रक से पीछे से टकराई

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सीतापुर से श्रद्धालुओं को लेकर मनौना धाम जा रहा निजी बस लखीमपुर खीरी में हादसे का शिकार हो गई। बस सड़क पर खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई। हादसा बुधवार रात करीब 11 बजे हुआ। हादसे में 27 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची उचौलिया थाना पुलिस ने घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में भर्ती कराया है, जहां पर सभी की हालत सामान्य बताई जा रही है बस में सवार 27 यात्री घायल हुए हैं। जिन्हें कई एंबुलेंस पर शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। कुछ घायल सीएचसी पसगवां भी भेजे गए थे, जो बाद में शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिए गए। घायल सुशील 30 वर्ष निवासी राजपुर रेउसा सीतापुर ने बताया कि बस में करीब 40 यात्री थे, जो मनौना धाम जा रहे थे। वह चालक के पीछे वाली सीट पर वह बैठा था। हादसे के बाद वह नीचे जा गिरा। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## बिजली चोरी रोकने के लिए मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** विद्युत वितरण मंडल लखीमपुर की ओर से बिजली चोरी रोकने के लिए मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिजली विभाग की टीम ने शहर और आसपास के इलाकों में जांच कर कई उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। विभाग ने कुल 50 मामलों में कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज किए हैं। अधीक्षण अभियंता ब्रह्मपाल ने बताया कि अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड लखीमपुर, मितौली और निघासन की टीमों के साथ प्रवर्तन दल ने संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया। जांच के दौरान कई स्थानों पर उपभोक्ताओं को केबल बाइपास कर और एलटी लाइन से सीधे कटिया डालकर बिजली चोरी करते हुए पाया गया बिजली विभाग की टीम ने ऐसे 30 उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुकदमे दर्ज किए। इसके अलावा 19 ऐसे मामले सामने आए, जिनमें उपभोक्ताओं ने बकाया बिल के कारण काटे गए कनेक्शन को दोबारा चोरी से जोड़कर बिजली का उपयोग किया। इन उपभोक्ताओं के खिलाफ धारा 138 के तहत कार्रवाई की गई। वहीं विद्युत वितरण खंड मितौली क्षेत्र में एक उपभोक्ता को गलत विधा से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। उसके खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 126 के तहत विधिक और एफआईआर की कार्रवाई की गई।

# गर्म हवा व लू से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बिजनौर द्वारा एडवाइजरी जारी

## लू से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपायों को अपनाएं जनसामानसः अपर ज़िलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** डीएम साहिबा जसजीत कौर के निर्देशों के क्रम में अपर ज़िलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में आज अपराह्न 3:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में हीटवेव लू प्रकोप से बचाव के संबंध में बैठक आयोजित हुई। अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व/प्रभारी/नोडल अधिकारी आपदा ने बताया की हीटवेब (लू) से बचाव के लिए संबंधित विभाग ससमयअपनी अपनी तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करें। है तथा उससे संबंधी एहतियातें बरतना भी सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को समय समय पर उनके द्वारा हीट वेव से बचाव हेतु विभागवार दायित्व जारी कर निर्देशन दिए गए हैं, जो जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी कर लू से बचाव के उपाय, लक्षण एवं उपचार आदि के बारे में बताया गया है। अपर जिलाधिकारी ने अपील करते हुए कहा है कि जन-सामान्य लू से बचाव को लेकर बताये उपायों को अमल में लायें और अपना बचाव करें। बैठक के दौरान जिला आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव ने बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि गर्मी के हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को रेडियो व अन्य संसाधनों के माध्यम से सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। *सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। उन्होंने बचाव के बारे में बताते हुए कहा कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें और यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरूर ढकें। *घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि* का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि अभी आगे गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा इसलिए गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।

**कब लगती है लू**

गर्मी में शरीर के द्रव्य बॉडी फ्लूड सूखने लगते हैं। शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। शराब की लत, हृदय रोग,, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह वाले व्यक्तियों को लू से विशेष बचाव करने की जरूरत है इसके अलावा डॉययूरेटिक, एंटीस्टिमिनक, मानसिक रोग की औषधि का उपयोग करने वाले व्यक्ति भी लू से सावधान रहें।

**लू के लक्षण**

गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उल्टे श्वास गति में तेजी,व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, मिचली, थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना, मूत्र न होना अथवा इसमें कमी आदि मुख्य लक्षण हैं। इन लक्षणों के चलते मनुष्यों के शरीर के उच्च तापमान से आंतरिक अंगों, विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है। इससे शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है।

## स्वास्थ्य शिविर में 300 उद्यमियों ने करायी जांच



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** डॉ.लाल पाथलैब्स द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में औद्योगिक क्षेत्र के आईआईए सदस्यों, विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत 300 कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डॉ. लाल पाथलैब्स द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचें न्यूनतम दरों पर उपलब्ध कराई गईं, जिनमें प्रमुख रूप से ब्लड शुगर जांच, सामान्य रक्त परीक्षण (ब्लड टेस्ट), थायरॉइड जांच, यूरिन जांच, ब्लड प्रेशर जांच सहित अन्य आवश्यक परीक्षण शामिल रहे। डॉ.लाल पाथलैब्स की विशेषज्ञ टीम द्वारा अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से सभी जांचें सावधानी पूर्वक एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराई गईं, जिससे प्रतिभागियों को त्वरित एवं विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकीं। इस अवसर पर आईआईए चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा, खाद्य विभाग कन्वीनर अनुज कुमार जैन, शिवम गोयल, पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र/खाद्य विभाग कन्वीनर अनुज कुमार जैन ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं लाभदायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने सभी उद्यमियों एवं कर्मचारियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा संतुलित आहार एवं व्यायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

# मानदेय न मिलने पर मनरेगा कर्मियों ने जताई नाराजगी, सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** मनरेगा कर्मियों ने लंबित मानदेय व ईपीएफ भुगतान की मांग को लेकर बीडीओ योगेंद्र चौधरी को ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक मुजफ्फराबाद के तकनीकी सहायक संजय कुमार, प्रदीप कुमार के नेतृत्व में मनरेगा कर्मी बीडीओ योगेंद्र चौधरी से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जुलाई 2025 से मनरेगा कर्मियों को मानदेय और ईपीएफ का भुगतान नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि मानदेय न मिलने के कारण होली और दिवाली जैसे त्योहार भी फीके रहे। आर्थिक संकट के चलते विभागीय कार्यों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि मनरेगा कर्मियों ने विभागीय निर्देशों के अनुसार जनपद के लक्ष्यों की पूर्ति में पूर्ण योगदान दिया है। इसके अलावा एसआईआर, क्रॉप सर्वे सहित अन्य विभागीय कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। इसके बावजूद मानदेय और ईपीएफ का भुगतान नहीं किया गया। मनरेगा कर्मचारियों ने चरणबद्ध कार्य बहिष्कार की चेतावनी भी दी। इस दौरान तकनीकी सहायक, रोज़गार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मी के अलावा चंदपाल, रजनीश कुमार, शोसीन, धर्मवीर सिंह, मोनी कुमार, प्रवीन कुमार, अशोक कुमार, मोहर सिंह, रविंदर राणा, सुहेल ख़ान, जमाल अहमद, जितेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, मौ.जावेद, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने अवैध चरस समेत दबोचा नशा तस्कर

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना कुतुबशेर पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 238 ग्राम चरस बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर नशा तस्कर रिहान पुत्र वसीम निवासी मौहल्ला चरवरदरान थाना कुतुबशेर को दर्पण तिराहे के पास पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 238 ग्राम चरस बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

# भगवान ऋषभदेव जन्म कल्याणक पर निकाली प्रभात फेरी



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में जैन समाज आवास विकास द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी जैन मंदिर, आवास विकास से प्रारंभ होकर झंडा चौक, हरि मंदिर रोड और जैन कॉलेज रोड सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान ऋषभदेव के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समाज के महिला-पुरुष, युवा और बच्चों ने धर्म ध्वज के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। जैन परंपरा के अनुसार चैत्र कृष्ण नवमी को अयोध्या में प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का जन्म हुआ था। इसी पावन तिथि को भगवान ऋषभदेव के ज्येष्ठ पुत्र चक्रवर्ती सम्राट भरत का भी अयोध्या में जन्म हुआ था, जिनके नाम पर हमारे देश का नाम ÷भारत÷ पड़ा। जैन ग्रंथों में भगवान ऋषभदेव को आदिनाथ, ऋषभदेव, प्रजापति और आदिब्रह्मा सहित अनेक नामों से स्मरण किया गया है। विश्व जैन संगठन के अध्यक्ष अरिहंत जैन ने भगवान ऋषभदेव के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पीयूष जैन, मनीष जैन विनीत जैन, उमंग जैन, प्रतीक जैन, उमेश जैन, सुधा जैन, अपूर्वा जैन, आरती जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# क्विक रिस्पांस टीम व आवारा पशु नियंत्रण दल गठित करेंः नगरायुक्त

## चैत्र नवरात्रि, ईद उल फितर, रामनवमी व महावीर जयंती आदि पर्वो पर व्यवस्थाओं के लिए नगरायुक्त ने दिए अधिकारियों को निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*




**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने निकट भविष्य में आने वाले चैत्र नवरात्रि, ईद उल फितर, रामनवमी व महावीर जयंती आदि पर्वो पर जुलूस मार्गों को गड्ढ़ा मुक्त करने, मेनहॉल पर ढक्कन लगवाने तथा धार्मिक स्थलों के पास साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ मार्गो को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने त्यौहारों पर व्यवस्था के सम्बंध में त्वरित कार्रवाई हेतु क्विक रिस्पांस सिस्टम तैयार करने तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास आवारा पशुओं के विचरण को नियंत्रित करने के लिए आवारा पशु नियंत्रण दल का गठन करने के भी निर्देश दिए हैं।

नगरायुक्त ने पर्वो की तैयारियों के सम्बंध में निगम अधिकारियों के साथ ऑन लाइन बैठक कर ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त पर्वो के दृष्टिगत मंदिर, मस्जिद व ईदगाह के आस-पास साफ-सफाई, पेयजल व पथ प्रकाश व्यवस्था के सम्बंध में नियमित निगरानी रखते हुए उक्त सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। ईद उल फितर के अवसर पर मुख्यतः मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पेयजल एवं नालियों तथा सड़कों की साफ सफाई व्यवस्था, ईदगाह के आस-पास नमाज से पूर्व पानी व चूने का छिड़काव और मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। जहां-जहां मेनहॉल खुले हैं वहां ढक्कन लगवाए जाएं।

नगरायुक्त ने विद्युत कटौती के दृष्टिगत निर्बाध जलापूर्ति हेतु जनरेटर की व्यवस्था करने तथा बढ़ते तापमान के दृष्टिगत क्लोरीनेशनयुक्त जल की आवश्यकतानुसार पूर्ति पूर्णतः बनाये रखने के अलावा धार्मिक स्थलों के आस-पास बने सार्वजनिक शौचालयों व मूत्रालयों की नियमित साफ सफाई रखने तथा मोबाइल शौचालयों व पानी के टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा है। उन्होंने निगम क्षेत्र की सभी सड़कों विशेषकर धार्मिक स्थलों के आस-पास की सभी सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने, इन स्थलों तक पहुंच मार्ग की प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास अतिक्रमण को चिह्नित कर उसे हटाने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। नगरायुक्त ने धार्मिक स्थलों के आस-पास कूड़ा एकत्रीकरण न करने और नगर में उत्सर्जित कूड़े का एकत्रीकरण कर उसका लैण्डफिल साइट पर निस्तारण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए है।

# गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तों को 3-3 वर्ष का कठोर कारावास

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** न्यायालय अपर-सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 ने एक अभियुक्तों को गैंगस्टर के मामले में 03-03 वर्ष का कठोर कारावास व 05-05 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता मेघराज सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 23 जून को वादी निरीक्षक बीएन पराशर थाना नकुड़ की सूचना पर अभियुक्त सद्दाम पुत्र मौ.अली, मौ. उस्मान पुत्र गुलबहार निवासीगण खेडा अफगान थाना नकुड़ व तसलीम पुत्र मौ.इनाम निवासी ग्राम रणदेवा थाना नकुड द्वारा अपने साथियों के साथ संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ हेतु अध्याय 16 व 17 में वर्णित अपराध कारित कर जनता में भय व्याप्त करने की सूचना पर धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना नकुड पर पंजीकृत कराया गया था। यह मामला न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 में विचाराधीन रहा। एसएसपी अभिनंदन के निर्देशन व पुलिस मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासो के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 ने आज अभियुक्त सद्दाम पुत्र मौ.अली आदि को धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट में दोषी पाये जाने पर 03-03 वर्ष का कठोर कारावास व 05-05 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# गोदाम से किसी को गैस नहीं मिलेगा सरकारी निर्देश के बावजूद उपभोक्ता परेशान

- डीएम ने पीएनजी गैस सप्लाई को भी सुचारू रूप से बनाए रखने निर्देश दिए

(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो





**वाराणसी।** खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की कमी हर तरफ देखी जा रही है। इसका सीधा असर भारत के कई राज्यों पर पड़ा है। जिसमें उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर भी शामिल है। कैंट रेलवे स्टेशन के सामने बड़ी संख्या में खाने पीने के रेस्टोरेंट, भोजनालय संचालित किए जाते हैं। वहीं एलपीजी सिलेंडर पहले जैसे आसानी के साथ नही मिलने की वजह से अब भोजनालय बंद होते भी नजर आ रहे हैं। बता दे की कैंट रेलवे स्टेशन पर रात दिन भोजनालय खुला रहता है और प्रिंस अभी भोजनालय मे कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर से ही भोजन तैयार किए जाते हैं। यहां के एक स्थानीय होटल के मालिक ने कहा कि एलपीजी सिलेंडर नहीं मिल पाने की वजह से अब हमें चूल्हा से ही खाना बनाने का विकल्प खोजना होगा। वहीं सरकार और जिलाप्रशासन के आश्वासन के बाद भी लोगों की परेशानी कम नहीं हो रहा है

लोगों का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग होने के बावजूद अभी गैस नहीं मिल पा रहा है। जो सप्लाई करता है उसके नंबर पर फोन करने से भी वह फोन नहीं उठा रहा है। ऐसे में हम लोगों को डर सता रहा है। जबकि उपभोक्ताओं के लिए गैस एजेंसी द्वारा अपने गोदाम में लिखकर टांग दिया गया है की गोदाम से गैस किसी को नहीं मिलेगा बुकिंग कराए हुए उपभोक्ताओं को उनके घर पर ही गैस दिया जाएगा।

**वही वाराणसी के डीएम ने क्या कहा** – जिले में पेट्रोल डीजल एवं घरेलू सिलेंडरों की किल्लत पर डीएम सत्येंद्र कुमार ने कहा कि आयल मार्केटिंग कंपनियों से निरंतर समन्वय स्थापित कर जिले में पेट्रोल डीजल एवं घरेलू सिलेंडरों की सुचारू रूप से आपूर्ति कराई जा रही है। और कहा कि जिले में सभी पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों पर पेट्रोल डीजल एवं घरेलू सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसी भी तरह के अफवाह फैलाने एवं कालाबाजारी करने वालों पर नज़र रखी जा रही है, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा केन्द्रों का अपर जिलाधिकारी व एएसपी ने किया निरीक्षण

**महोबा।** जनपद में आयोजित होने वाली उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को अपर जिलाधिकारी महोबा कुंवर पंकज एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह द्वारा जनपद में बनाये गये विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण कर उनका जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संबंधित केन्द्र व्यवस्थापकों व ड्यूटी में तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, शुचिता एवं सुरक्षा के साथ सम्पन्न कराया जाए तथा परीक्षा से संबंधित सभी मानकों व दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# बरेका में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो




**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 12 मार्च 2026 को बरेका सिनेमा हॉल में एक भव्य सांस्कृतिक एवं महिला सशक्तिकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शक्ति की उपलब्धियों को सम्मानित करना तथा समाज, रेल और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के अमूल्य योगदान को रेखांकित करना था।कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह द्वारा मुख्य अतिथि बरेका महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती गौरी श्रीवास्तव को पौधा भेंट कर सम्मानित करने के साथ हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती गौरी श्रीवास्तव, महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारियों तथा आमंत्रित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया।समारोह का आरंभ भक्तिपूर्ण शिव वंदना से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर दिया। अपने संबोधन में श्रीमती गौरी श्रीवास्तव ने कहा कि 'महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। राष्ट्र के विकास और समाज के सशक्त निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। 'इस अवसर पर 01 मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 के मध्य सेवानिवृत्त होने वाली महिला कर्मचारियों को उपाध्यक्षा श्रीमती गौरी श्रीवास्तव एवं महिला कल्याण संगठन की अन्य पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में आमंत्रित वक्ता डॉ. रचना अग्रवाल तथा डॉ. मधुलिका सिंह ने महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरूकता पर अपने विचार साझा किए।समारोह के दौरान प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। पूजा चौधरी के निर्देशन में प्रस्तुत कुमारी खुशी शर्मा का भावनृत्य शिव वंदना, करुणा सिंह का कविता पाठ तथा श्रीमती निशा, दीप्ति गुप्ता एवं श्रीमती नीतू जैसवार द्वारा प्रस्तुत गीतों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 :- परिवार परामर्श केन्द्र की पहल से 02 परिवारों में लौटी खुशियां

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद महोबा पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभावी प्रयासों से कई बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया गया है। संवाद, समझ और संवेदनशील परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान कर परिवारों में पुनः खुशियों की वापसी कराई गई।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा स्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना उपनिरीक्षक निकिता शुक्ला द्वारा की गई। कार्यक्रम में परिवार परामर्श केन्द्र के सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी के 15 ऐसे जोड़ों, जिनके मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद चल रहा था, की गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया तथा दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान के लिए संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप 02 पति-पत्नी (दंपत्ति) पुनः आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए। शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुनः काउंसिलिंग के लिए आमंत्रित किया गया है। परिवार परामर्श केन्द्र एवं महोबा पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया। परामर्श कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबल अनुप्रिया, महिला कांस्टेबल आरती यादव सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर नीतू पालीवाल, अंशू शिवहरे, रामजी गुप्ता, मोहम्मद हनीफ आदि सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही।

# पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता को समाप्त किया जाए : सनत कुमार सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ वाराणसी के वरिष्ठ शिक्षक नेता सनत कुमार सिंह ने बताया कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा ने लाखों शिक्षकों हेतु भारत सरकार से माँग रखी है कि आरटीई से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने हेतु क़ानून बनाया जाये।

इस सम्बन्ध में डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा की अगुवाई में टीएफआई के प्रतिनिधि मंडल ने 19 दिसम्बर को केंद्रीय शिक्षा मंत्री जी से वार्ता करके ज्ञापन सौंपा था और उम्मीद जगी थी कि बज़ट सत्र में सरकार इस विषय पर विधेयक लाएगी,परन्तु अभी तक ऐसा नहीं हुआ जिससे शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। समस्त जनपदों में संघ द्वारा दो-दो बार जिलाधिकारी के माध्यम से मा0 प्रधानमन्त्री जी को ज्ञापन प्रेषित किया गया साथ ही मा0 सांसदों को भी ज्ञापन सौंपा गया।अनेक सांसदों द्वारा संसद में विषय को उठाया गया गया लेकिन भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय देश के 20लाख शिक्षक व उनके परिवार के प्रति संवेदनशील नहीं है। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा ने शिक्षकों से आह्वान किया है कि 04 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचकर अपनी सेवा को सुरक्षित करें।

# यूपी विधान सभा अध्यक्ष के अलीगढ़ आगमन पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया अभिवादन

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के जनपद अलीगढ़ आगमन पर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आया। उनके अलीगढ़ पहुंचने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने रेलवे स्टेशन पर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत और अभिवादन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विधानसभा अध्यक्ष के आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई थीं। रेलवे स्टेशन परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। पुलिस बल को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

अलीगढ़ एसएसपी नीरज कुमार जादौन के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा की कमान संभाली। आगमन के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वहीं, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस को विशेष निर्देश दिए गए थे। विधानसभा अध्यक्ष के स्वागत के दौरान पुलिस और प्रशासन के कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय पदाधिकारी भी मौजूद थे। सभी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया गया कि कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह कायम रहे और आम जनता को असुविधा न हो। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के अलीगढ़ आगमन के अवसर पर प्रशासन और पुलिस की सक्रियता स्पष्ट रूप से देखी गई। अधिकारियों ने पूरे कार्यक्रम को सफल और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाई।

## पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी निगरानी, 27 प्रकरणों पर हुई समीक्षा

**अलीगढ़।** भ्रूण लिंग जांच पर प्रभावी रोकथाम एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सीएमओ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसीएमओ एवं नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. एस.के. जैन ने की। बैठक में नए अल्ट्रासाउंड सेंटरों की स्थापना, चिकित्सकों के संबद्धीकरण और केंद्रों के पुनः पंजीकरण से संबंधित प्रस्तावों पर विस्तृत और गहन विचार-विमर्श किया गया। समिति के समक्ष 27 पत्रावलियां प्रस्तुत की गई, जिनमें 17 पत्रावलियां नवीन पंजीकरण से संबंधित थीं, जबकि शेष पत्रावलियां पुनः पंजीकरण, चिकित्सक संबद्धीकरण एवं नई मशीन स्थापना से जुड़ी थीं। सभी मामलों की नियमों के अनुरूप बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में स्पष्ट किया गया कि जिले में संचालित सभी अल्ट्रासाउंड केन्द्रों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।

# गैस वितरण व्यवस्था को लेकर प्रशासन हुआ सख्त

- डीएम दीपक मीणा और एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद में घरेलू गैस की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने मोहद्दीपुर स्थित सुशीला गैस एजेंसी तथा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गंगा गैस गोदाम का औचक निरीक्षण जिला पूर्ति अधिकारी रामेंद्र प्रताप सिंह के साथ किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गैस गोदामों में उपलब्ध स्टॉक, गैस सिलेंडरों की आपूर्ति तथा उपभोक्ताओं को किए जा रहे वितरण की पूरी स्थिति की गहन जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान डीएम दीपक मीणा ने एजेंसी संचालकों से स्पष्ट रूप से पूछा कि आज कितने गैस सिलेंडर गोदाम पर आए, कितने सिलेंडरों का वितरण किया गया और वर्तमान में कितना स्टॉक शेष है। उन्होंने कहा कि गैस वितरण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और किसी भी उपभोक्ता को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने गैस बुक कराई है, उन्हें समय से गैस उपलब्ध कराई जाए और अधिक से अधिक होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए।

डीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी एजेंसी द्वारा अवैध तरीके से गैस सिलेंडर की बिक्री या वितरण में अनियमितता पाई गई तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन गैस वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी बनाए हुए है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने भी सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी गैस गोदामों पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि कहीं भी अव्यवस्था या कालाबाजारी की स्थिति उत्पन्न न हो सके। एसएसपी ने बताया कि जनपद के 87 गैस गोदामों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है जिससे वितरण प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संचालित हो सके।

वहीं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि जनपद के सभी 87 गैस गोदामों के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। ये नोडल अधिकारी गैस वितरण की पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता न हो। उन्होंने कहा कि सभी स्थानों पर टोकन व्यवस्था के माध्यम से गैस का वितरण कराया जाएगा ताकि उपभोक्ताओं को लाइन में अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। डीएम ने स्पष्ट किया कि टोकन प्रणाली के तहत जो उपभोक्ता पहले गोदाम पर आएगा उसे पहले गैस सिलेंडर मिलेगा और बाद में आने वाले उपभोक्ताओं को क्रम के अनुसार गैस दी जाएगी। इससे वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहेगी और किसी प्रकार की धक्का-मुक्की या विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।

जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जनपद में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी उपभोक्ता को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशासन लगातार गैस कंपनियों और एजेंसियों के संपर्क में है और जरूरत के अनुसार सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

डीएम दीपक मीणा ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि लोग केवल अपनी जरूरत के अनुसार ही गैस की बुकिंग कराएं और अनावश्यक रूप से अधिक सिलेंडर लेने का प्रयास न करें। उन्होंने कहा कि घबराहट या अफवाहों के कारण यदि लोग अधिक मात्रा में गैस बुक कराते हैं तो इससे वितरण व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

उन्होंने लोगों से यह भी आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक क्रिएट करने से बचें। प्रशासन की ओर से गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और सभी उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जा रही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गोदामों में रखे गैस सिलेंडरों की संख्या, रिकॉर्ड रजिस्टर, वितरण सूची और होम डिलीवरी व्यवस्था की भी जांच की। उन्होंने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया कि गैस वितरण से संबंधित सभी रिकॉर्ड नियमित रूप से अपडेट किए जाएं और प्रशासन को समय-समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

## तिब्बती महिला विद्रोह दिवस का आयोजन, तिब्बती महिलाओं के संघर्ष और योगदान को स्मरण किया

**वाराणसी।** केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ के शिक्षक शिक्षण केंद्र द्वारा तिब्बती महिला विद्रोह दिवस का आयोजन नालंदा भवन के मुख्य द्वार पर किया गया। यह कार्यक्रम बी.एड. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा तथा डॉ.अनिल कुमार गुप्ता, सहायक प्रोफेसर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में तिब्बती महिलाओं के 1959 के ऐतिहासिक आंदोलन, उनके साहस, संघर्ष और योगदान को स्मरण किया गया। विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रस्तुति, चर्चा, प्रेरणादायक गीत तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं के अधिकार, समानता और गरिमा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सहायक कुलसचिव श्री प्रमोद सिंह ने कहा कि स्त्रियां समाज की महत्वपूर्ण धुरी हैं, इनके सहयोग के बिना किसी भी देश की तरक्की संभव नहीं है।सीटीई के निदेशक प्रोफेसर उमेश सिंह कहा कि जिस देश में जहां नारी स्वतंत्र और शिक्षित होगी वह देश सांस्कृतिक और साहित्यिक रूप से समृद्ध होगा। कार्यक्रम के पेमा तेनजिन, कोंचोक दोर्जे, दोर्जे त्सेरिंग, न्यिमा ल्हामो, तेनजिन न्यिदोन, कोंचोक नामग्याल, सोनम अंगमो, स्टानजिंग मिगमार, तेनजिन चेवांग तथा तेनजिन त्सोमो ने अपने विचार व्यक्त किए और तिब्बती महिलाओं के संघर्ष, साहस तथा समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

# जिलाधिकारी ने घरेलू गैस तथा पेट्रोल-डीजल वितरण एजेंसी के अधिकारियों के साथ की बैठक

- जनपद में एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त मात्रा में है स्टॉक
- कालाबाजारी एवं अनाधिकृत भंडारण के खिलाफ की जाये सख्त कार्रवाई : डीएम

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में पुलीस अधीक्षक, समस्त अपर जिलाधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक एवं समस्त गैस एजेंसी प्रोपराइटर की उपस्थिति में आम जनमानस को घरेलू गैस वितरण के लिए बैठक की गई। बैठक मे जिले के समस्त नागरिकों सूचित किया जा रहा है कि जिला प्रशासन द्वारा ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों से निरन्तर रूप से समन्वय स्थापित कर सुचारू रूप से पेट्रोल, डीजल एवं घेरलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। वर्तमान परिस्थिति में जनपद में समस्त पेट्रोल पम्पों, गैस एजेन्सियों पर पर्याप्त मात्रा में डीजल, पेट्रोल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर के मांग एवं आपूर्ति में कोई व्यवधान, रूकावट नहीं है। शहरी क्षेत्र में गैस सिलेण्डर आपूर्ति के 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन के उपरांत ही नई बुकिंग ली जायेगी। इस समय पर ढ्ढङ्क्रस्न में बुकिंग सम्बन्धी अस्थाई रूप से समस्या आ रही है, लोग अन्य माध्यम से यथा व्हाट्सऐप, मोबाइल एप, फोन पे, पेटीएम के द्वारा बुकिंग करा सकते है। कामर्शियल सिलेण्डर की आपूर्ति पर अस्थायी रूप से अभी रोक है। अफवाहों पर ध्यान न दिया जाये।

जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प स्वामियो एंव गैस एजेन्सी संचालको का निर्देशित किया जाता है कि नियमानुसार पेट्रोल, डीजल एंव घरेलू गैस की आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें एवं यह अवश्य ध्यान दिया जाये कि कोई भी गैस एजेन्सी, पेट्रोल पम्प, घरेलू गैस,पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति को अकारण न रोके और न ही कही पर अवैध भण्डारण हो। किसी भी व्यक्ति को थोक में पेट्रोल, डीजल, गैस की आपूर्ति न की जाये। घरेलू गैस की आपूर्ति नियमानुसार सम्बन्धित ग्राहक को ही किया जाये। समस्त विक्रय अधिकारी डीजल, पेट्रोल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति पर पैनी नजर रखें और कही पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

समस्त उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगें और यदि कही पर यह तथ्य प्रकार में आता है कि किसी व्यक्ति,फर्म द्वारा डीजल, पेट्रोल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध भण्डारण किया गया है या अवैध रूप से विक्रय किया जा रहा है तो सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाये।

## डीएम एवं एसपी द्वारा पेट्रोल पंप और गैस की एजेंसियो का निरीक्षण किया गया

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा जनपद में आवश्यक पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से बलराम गैस सर्विस, जितेंद्र गैस सर्विस तथा राधाकृष्ण फिलिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस की उपलब्धता की स्थिति की जानकारी ली गई तथा गैस सिलेंडर की बुकिंग से लेकर उपभोक्ताओं तक डिलीवरी होने में लगने वाले समय के संबंध में एजेंसी संचालकों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समयबद्ध रूप से गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा राधाकृष्ण फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल एवं डीजल के उपलब्ध स्टॉक की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों को पेट्रोल न दिया जाए।

निरीक्षण के दौरान बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाते पाए गए चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका चालान भी किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।


यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

विशेष रेलगाड़ी – 2026

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ी सं. 04432 आनंद विहार (टर्मिनल) – टाटानगर जं. एक्सप्रेस संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस रेल सेवा की समय–सारणी निम्नानुसार है:–

रेलगाड़ी सं. 04432 आनंद विहार (टर्मिनल) - टाटानगर जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 01 फेरा

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04432 आगमन | गाड़ी सं. 04432 प्रस्थान |
|---|---|---|
| आनंद विहार (टर्मिनल) | ---- | 05:00 |
| मुरादाबाद | 08:15 | 08:25 |
| बरेली | 10:10 | 10:15 |
| लखनऊ जं. | 14:20 | 14:30 |
| सुलतानपुर | 17:10 | 17:20 |
| वाराणसी | 21:40 | 21:50 |
| पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. | 22:40 | 22:45 |
| भभुआ रोड | 23:24 | 23:26 |
| सासाराम | 23:53 | 23:55 |
| डेहरी ऑन सोन | 00:08 | 00:10 |
| जपला | 00:55 | 00:57 |
| गढ़वा रोड जं. | 02:30 | 02:35 |
| डालटनगंज | 03:13 | 03:15 |
| बरवाडीह जं. | 03:43 | 03:45 |
| लातेहार | 04:20 | 04:22 |
| टोरी | 05:15 | 05:17 |
| बरकाकाना जं. | 07:48 | 07:50 |
| मूरी जं. | 08:55 | 09:00 |
| चाण्डिल जं. | 11:50 | 11:55 |
| टाटानगर जं. | 13:00 | ---- |

चलने के दिन: 04432 आनंद विहार (ट.) से दिनांक 16.03.2026 (सोमवार) को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

837/2026 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राष्ट्रपति के अयोध्या दौरे की तैयारी तेज, समय से पूरे हों सभी कामः सीएम योगी

## रामनवमी पर श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता, सुरक्षा व स्वच्छता पर विशेष जोर



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अयोध्या में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित आगमन और रामनवमी पर्व की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं।मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और बाद में पीएफसी सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, जनप्रतिनिधियों और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में अधिकारियों ने एयरपोर्ट स्वागत, यात्रा मार्ग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की योजना की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा, स्वच्छता और आगंतुकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। संतों और विशिष्ट अतिथियों के लिए भी उचित व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने प्रशासन और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों को समन्वय के साथ तय समय सीमा में सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों को सार्वजनिक स्थलों पर कड़ी निगरानी रखने, खुफिया तंत्र और एंटी-ड्रोन कंट्रोल रूम को अलर्ट रखने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने रामनवमी पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दर्शन-पूजन की व्यवस्था सुचारु हो और भीड़ नियंत्रण के प्रभावी उपाय किए जाएं। जरूरत पड़ने पर कार्यक्रम का प्रसारण बड़ी स्क्रीन के माध्यम से भी किया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी प्रमुख पर्व है और इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लता मंगेशकर चौक से हनुमानगढ़ी मंदिर तक गोल्फ कार्ट चलाने के निर्देश दिए। साथ ही वीआईपी मूवमेंट न्यूनतम रखने, पार्किंग की पूर्व व्यवस्था करने और सड़कों के किनारे वाहनों की पार्किंग रोकने को कहा। विभिन्न स्थानों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए।बैठक में मुख्यमंत्री ने परिक्रमा मार्ग और मंदिर म्यूजियम के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली।

### सीएम योगी ने हनुमानगढ़ी व राम मंदिर में किया दर्शन-पूजन

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-शांति की कामना की।

इसके बाद मुख्यमंत्री राम मंदिर अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने श्रीरामलला के दर्शन किए, आरती उतारी और मंदिर की परिक्रमा की। इस दौरान मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली।मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा। दौरे के दौरान जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एनएसएस ने घर-घर जाकर दिया नशा मुक्ति का संदेश

**कुमारगंज/अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एनएसएस ईकाई-3 द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। यह शिविर कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में चलाया गया। ग्राम लाल का पुरवा में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा यह कैंप लगाया गया।

कैंप के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों ने गांवों में साफ-सफाई, जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, पौधरोपण आदि के जरिए ग्रामीणों को जागरूकता का संदेश दिया। एनएसएस यूनिट-3 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजीत बर्मा ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, कविता, भाषण, पोस्टर, नृत्य के जरिए लोगों को स्वच्छता, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुरक्षा योजना, संक्रमण से बचाव, स्वस्थ समाज आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## जीडी गोयनका हेल्थकेयर एकेडमी का भव्य उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** जनपद में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कौशल विकास और आधुनिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक नई पहल के रूप में 'जीडी गोयनका हेल्थकेयर एकेडमी' का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर गोंडा के विधायक प्रतीक भूषण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कात्यायनी हॉस्पिटल के निदेशक सुदीप भूषण सिंह, जीडी गोयनका हेल्थकेयर एकेडमी के सीईओ मोहित मेहरा तथा हनुमानगढ़ी के महंत हेमंत दास की गरिमामयी उपस्थिति रही। संस्थान की निदेशक डॉ. राजश्री सिंह और डॉ. निशी सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।कार्यक्रम के दौरान संस्थान के मैनेजर अमित सिंह और केंद्राध्यक्ष डॉ. अंकित स्वरूप ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और एकेडमी की कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी।

अपने संबोधन में विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज के समय में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण संस्थान युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगे।

वहीं, एकेडमी के सीईओ मोहित मेहरा ने बताया कि जीडी गोयनका ग्रुप पिछले लगभग 30 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। देशभर में इसके 100 से अधिक केंद्र और 500 से ज्यादा इंडस्ट्री पार्टनर्स हैं। उन्होंने कहा कि इस एकेडमी के माध्यम से युवाओं को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वे अपने कौशल और बौद्धिक क्षमता को विकसित कर सकेंगे।

इन कोर्सों में मिलेगा प्रशिक्षण

एकेडमी में स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कई पेशेवर कोर्स संचालित किए जाएंगे, जिनमें प्रमुख रूप से- मेडिकल लैब टेक्नीशियन ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट, रेडियोलॉजी टेक्नीशियन, कार्डियक केयर टेक्नीशियन,इमरजेंसी टेक्नीशियन, डायलिसिस टेक्नीशियन, उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, छात्र-छात्राएं और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मऊशिवाला का एमआरएफ सेंटर प्रतिदिन करेगा 10 टन कूड़ा निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर को स्वच्छ बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मऊशिवाला में स्थापित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर का पुनर्विकास कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को नई गति दी गई है। केंद्र का संचालन स्वयंसेवी संस्था चिंतन द्वारा किया जाएगा। इसका उद्घाटन महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने समारोहपूर्वक किया।

इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव, सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडेय, एसबीआई फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक स्वप्न धर, रितेश सेन, मुस्कान शर्मा सहित चिंतन संस्था की संस्थापक एवं निदेशक भारती चतुर्वेदी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।महापौर ने कहा कि इस पहल से ठोस कचरा प्रबंधन में सुधार होगा और शहर की स्वच्छता रैंकिंग बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने जनसहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह केंद्र भविष्य में अन्य शहरों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल बन सकता है।नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि केंद्र में शिवनगर, चित्रगुप्तनगर, कृष्णानगर और लाला लाजपत राय नगर वार्डों से आने वाले कचरे का निस्तारण किया जाएगा।

# बायोगैस प्लांट में घुसा हमलावर, मैनेजर और डिप्टी मैनेजर को गोलियों से भून डाला

### दिनदहाड़े डबल मर्डर से दहला बदायूं, एचपीसीएल प्लांट में दो अधिकारियों की गोली मारकर हत्या, पूर्व कर्मचारी पर शक

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली/बदायूं।** जिले के मूसाझाग क्षेत्र में गुरुवार को दिनदहाड़े हुए दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। गांव सैंजनी स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट में घुसे एक हमलावर ने प्लांट के मैनेजर और डिप्टी मैनेजर पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से दोनों अधिकारियों की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया।

बताया जाता है कि प्लांट में अचानक गोली चलने की आवाज से अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कुछ ही देर में पूरे परिसर में चीख-पुकार मच गई।

मृतकों की पहचान प्लांट के मैनेजर सुधीर गुप्ता और डिप्टी मैनेजर हर्षित मिश्रा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर सीधे अंदर पहुंचा और दोनों अधिकारियों को निशाना बनाते हुए लगातार गोलियां चलाईं। दोनों को दो से तीन गोलियां लगीं, जिससे वे वहीं गिर पड़े।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस घटना के पीछे प्लांट का एक पूर्व कर्मचारी हो सकता है, जो पहले ऑपरेटर के पद पर काम करता था। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके बाद से उसका प्रबंधन से विवाद चल रहा था।

सूत्रों के अनुसार मृतक अधिकारियों को पहले भी धमकियां मिल चुकी थीं और पहले भी हमले की कोशिश का मामला दर्ज हुआ था। माना जा रहा है कि उसी रंजिश में यह खौफनाक वारदात की गई।

घटना की सूचना मिलते ही थाना दातागंज और मूसाझाग पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूरे प्लांट परिसर को घेरकर जांच शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से पूछताछ की।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी की तलाश में कई टीमें गठित की गई हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

दिनदहाड़े हुए इस दोहरे हत्याकांड से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## रानीमऊ चौराहे पर बाइक ने बस में मारी टक्कर, दो युवक घायल

**रुदौली (अयोध्या)। (अवधनामा संवाददाता)** पटरंगा थाना क्षेत्र के रानीमऊ चौराहे के पास लखनऊ-अयोध्या नेशनल हाईवे पर बाइक सवार दो युवकों ने बस में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पटरंगा पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर भेजवाया। थाना प्रभारी शशिकांत यादव ने बताया कि घायलों की पहचान अंकुल (16) पुत्र देवराज और मोनू (20) पुत्र रामकुमार निवासी अंगदपुर, कोतवाली रामसनेही घाट, जिला बाराबंकी के रूप में हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 12 से 28 मार्च तक राशन व चीनी का होगा वितरण

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मार्च 2026 के लिए राशन वितरण 12 से 28 मार्च तक किया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलो खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलो खाद्यान्न निःशुल्क मिलेगा। वहीं अंत्योदय कार्डधारकों को जनवरी-फरवरी-मार्च तिमाही के लिए 3 किलो चीनी 18 रुपये प्रति किलो की दर से दी जाएगी। जिन लाभार्थियों का अंगूठा ई-पॉस मशीन पर नहीं लगता, वे 28 मार्च को आधार कार्ड व मोबाइल ओटीपी के माध्यम से राशन प्राप्त कर सकते हैं।

## मैक्सा लाइफ हॉस्पिटल में सामूहिक रोज़ा इफ्तार, एक साथ बैठे डॉक्टर और स्टाफ

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** पवित्र रमज़ान माह के मौके पर शहर के मैक्सा लाइफ हॉस्पिटल में सामूहिक रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल के डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों ने एक साथ बैठकर रोज़ा खोला और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। इफ्तार कार्यक्रम में अस्पताल के सभी विभागों के कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने मिलकर इफ्तार किया और एक-दूसरे को रमज़ान की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम का माहौल बेहद आत्मीय और सौहार्दपूर्ण रहा!

अस्पताल के निदेशक डॉ. अनीस बेग ने इस अवसर पर कहा कि मैक्सा लाइफ हॉस्पिटल का पूरा स्टाफ एक परिवार की तरह है। उन्होंने कहा कि रमज़ान का महीना इंसानियत, सेवा और आपसी प्रेम का पैगाम देता है। ऐसे आयोजनों से आपसी संबंध और भी मजबूत होते हैं।

डॉ. बेग ने कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि मरीजों की सेवा करना ही हमारे लिए सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश में अमन, शांति और तरक्की के लिए दुआ की।

## दुल्हे की गाड़ी से मजदूर घायल, हालत गंभीर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर

**चिउटहां (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के भेड़िया ग्राम सभा के पास बुधवार की रात बारात जा रही दुल्हे की गाड़ी से ठोकर लगने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सरकारी एंबुलेंस की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल भेजा गया जहां डॉक्टर ने चोट की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने मरीज की हालत को गंभीर देखते हुए उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। ग्राम सभा भेड़िया स्थित एक ईंट भट्ठे पर छत्तीसगढ़ निवासी शनि नामक मजदूर काम करता है। बुधवार रात वह सड़क मार्ग से जा रहा था, तभी बारात में जा रही दुल्हे की गाड़ी ने उसे ठोकर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ईंट भट्ठे पर काम कर रहे अन्य मजदूरों और राहगीरों ने तुरंत घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। इस संबंध में चिउटहां चौकी इंचार्ज सारिका सिंह ने बताया कि घायल मजदूर को जिला अस्पताल भेजा गया था, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। भट्ठा मालिक को भी घटना की सूचना दे दी गई है। तहरीर मिलने पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आत्महत्या प्रकरण में आरोपिता सना सिद्दीकी को मिली जमानत

**अयोध्या।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बहुचर्चित आत्महत्या प्रकरण में आरोपिता सना सिद्दीकी को अदालत से जमानत मिल गई है। जिला न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई के बाद राहत प्रदान की।

बताया जाता है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व कौशलपुरी कॉलोनी निवासी आकाश पाण्डेय की आत्महत्या के मामले में उसकी पत्नी सना सिद्दीकी पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप लगा था। मृतक के पिता गिरिजाशंकर पाण्डेय ने कोतवाली नगर में धारा 306 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज कराया था।

आरोपिता की ओर से अधिवक्ता राकेश मिश्र व रणधीर पाण्डेय ने पैरवी करते हुए उसे निर्दोष बताते हुए फर्जी फंसाने की दलील दी। सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपिता को जमानत दे दी।

## सीएम डैशबोर्ड के विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फूंडे के निर्देश पर सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों एवं निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्ट्रीट लाइट योजना, पीएम सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सड़क निर्माण, पेंशन योजना, फैमिली आईडी, ऑपरेशन कायाकल्प, पशु टीकाकरण, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, टेली रेडियोलॉजी तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि पेंशन से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित न रहे तथा फैमिली आईडी में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाई जाए।सीएमआईएस पोर्टल पर फीड परियोजनाओं की प्रगति के अंतर्गत आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम निर्माण, क्रीड़ा संकुल में छात्रावास निर्माण, सरयू नदी किनारे रैंप व जेटी निर्माण, धार्मिक पर्यटन स्थलों पर निर्माण कार्य, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, वृहद गौ संरक्षण केंद्र, सीसी रोड निर्माण कार्य, इंटरलॉकिंग, डिजिटल एलईडी, संपर्क मार्ग, जालपा नाले का विकास कार्य, सामुदायिक पार्कों का सौंदर्यीकरण तथा मंडी स्थल पर पार्किंग निर्माण सहित संचालित विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

# सपा कार्यालय में रोजा इफ्तार, हिंदू-मुस्लिम एकता का दिखा संदेश

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** पवित्र रमजान माह के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में गुरुवार को रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और आपसी भाईचारे तथा सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।

इफ्तार से पहले सभी लोगों ने रोजेदारों के साथ बैठकर दुआ की और देश-प्रदेश में अमन, शांति व तरक्की की कामना की। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के विधायक शहजिल इस्लाम अंसारी और अता उर रहमान मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इंसानियत, सेवा और भाईचारे का पैगाम देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा मिलता है।

इस दौरान पूर्व विधायक सुल्तान बेग, भगवत शरण गंगवार, पूर्व राज्यसभा सांसद वीरपाल सिंह यादव और महानगर अध्यक्ष समीम खां सुल्तानी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी नेताओं ने रोजेदारों के साथ बैठकर इफ्तार किया और एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम में डॉक्टर अनीस बेग, युवा नेता समर्थ मिश्रा, अविनाश मिश्रा, सलेश यादव, प्रोफेसर जाहिद खान, रविंदर यादव, संजीव कुमार सक्सेना, मनोहर सिंह पटेल, अशोक यादव, आदेश यादव, गुड्डू, कबीर अहमद, सुरेंद्र सोनकर, रामसेवक प्रजापति, जितेंद्र मुंडे, विशाल अग्रवाल और राजेश अग्रवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

इसके अलावा रणवीर जाटव, हैदर अली, बृजेश श्रीवास्तव, बृजेश गौतम, पार्षद आरिफ कुरैशी, हरि शंकर यादव, मेराज अंसारी, पार्षद अब्दुल सलीम, पार्षद अली खान सुल्तानी, राजेश मौर्य, स्मिता यादव, जैनब फातिमा और नाजिम कुरैशी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में मयंक शुक्ला उर्फ मोंटी, सिंपल कनौजिया, ठाकुर अनुज प्रताप सिंह, सलीम कुरैशी, अनिल पटेल नेताजी, पल्लवी सक्सेना, गजलल अंसारी, दिनेश यादव, विधान भारद्वाज, योगेश यादव, पंडित दिनेश शर्मा, पंडित दीपक शर्मा और समीर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए सपा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इफ्तार के दौरान लोगों ने एक साथ बैठकर खजूर, फल और अन्य व्यंजनों के साथ रोजा खोला। कार्यक्रम में शामिल नेताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा सभी धर्मों और वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।

## फरियादियों को मिलेगा सम्मानजनक माहौल, पुलिस कार्यालय में 'संवेदना कक्ष' की शुरुआत

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** पुलिस कार्यालय परिसर में गुरुवार को फरियादियों और सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए दो नई व्यवस्थाओं की शुरुआत की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने यहां ÷संवेदना कक्ष÷ और उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्थान के नवनिर्मित कक्ष का उद्घाटन कराया।

संवेदना कक्ष का उद्देश्य पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों को शांत, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में अपनी बात रखने का अवसर देना है। इस कक्ष का उद्घाटन थाना सुभाषनगर क्षेत्र की निवासी संतोष राठौर ने फीता काटकर किया। इस मौके पर मौजूद फरियादियों का स्वागत करते हुए उन्हें मिष्ठान वितरित किया गया।

इसके अलावा परिसर में उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्थान के नए कक्ष का भी उद्घाटन किया गया। इस कक्ष के बनने से सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को बैठकर आपसी चर्चा करने, अपने अनुभव साझा करने और अपनी समस्याएं प्रशासन तक पहुंचाने के लिए एक समुचित स्थान मिल सकेगा।

पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अंशिका वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कार्यालय सोनाली मिश्रा ने फीता काटकर पेंशनर्स कक्ष का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें उनकी समस्याएं, सुझाव और अनुभव सुने गए। इस दौरान सभी को मिष्ठान वितरित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद पुलिस आमजन और सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की समस्याओं के समाधान को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। ऐसी पहलें पुलिस और जनता के बीच विश्वास और संवाद को मजबूत बनाने में सहायक साबित होंगी।

# बरेली आरटीओ में डीएम का ताबड़तोड़ छापा, दलालों में भगदड़, दीवार फांदकर भागे, बुलडोजर से उखड़े अड्डे

## लाइसेंस के नाम पर 'लूट' का खेल बंद! डीएम अविनाश सिंह की रेड से आरटीओ में मचा हड़कंप

### 1350 की फीस पर 10 हजार की वसूली! डीएम की छापेमारी से आरटीओ के दलालों का साम्राज्य ध्वस्त

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** संभागीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब जिलाधिकारी अविनाश सिंह अचानक भारी पुलिस बल के साथ वहां पहुंच गए। डीएम की अचानक हुई कार्रवाई से वर्षों से परिसर में सक्रिय दलालों में भगदड़ मच गई। कई लोग पकड़ से बचने के लिए दीवार फांदकर भागते नजर आए। प्रशासन ने मौके पर ही बुलडोजर चलवाकर परिसर के बाहर बने अवैध खोमचे और दलालों के अड्डों को हटवा दिया।

**अवैध वसूली की शिकायतों पर पड़ी रेड**

आरटीओ कार्यालय में लंबे समय से दलालों द्वारा आम लोगों से अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही थीं। आरोप था कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने और वाहनों की फिटनेस कराने के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूली जा रही है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने अचानक छापेमारी की योजना बनाई और गुरुवार को टीम के साथ आरटीओ पहुंच गए।

**गेट बंद कर शुरू हुई जांच**

छापेमारी के दौरान प्रशासनिक टीम ने सबसे पहले आरटीओ कार्यालय के सभी गेट बंद करवा दिए। इसके बाद परिसर में मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू हुई। जो लोग किसी काम से आए थे, उनसे संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की गई। कुछ लोग संदिग्ध पाए गए, लेकिन कागजात सही मिलने पर उन्हें जाने दिया गया।

अचानक हुई कार्रवाई से दलालों के बीच अफरा-तफरी मच गई। कई दलाल पकड़े जाने के डर से दीवार फांदकर मौके से भागते दिखाई दिए। जब तक प्रशासन की टीम उनके ठिकानों तक पहुंचती, तब तक अधिकांश दलाल फरार हो चुके थे।

सूत्रों के मुताबिक आरटीओ परिसर में सक्रिय दलाल ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर करीब 10 हजार रुपये तक वसूल रहे थे, जबकि इसकी सरकारी फीस केवल 1350 रुपये है। इसके अलावा वाहनों की फिटनेस कराने के नाम पर भी लोगों से तीन हजार रुपये तक लिए जा रहे थे। इस वजह से आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

छापेमारी के दौरान डीएम ने आरटीओ कर्मचारियों और बाबुओं को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि वे केवल आम जनता का काम करें, दलालों के जरिए नहीं। उन्होंने कार्यालय को दलाल-मुक्त बनाने के निर्देश भी दिए। अब काम कराने आने वाले लोगों को पहचान के लिए आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य किया जाएगा।

**एआरटीओ बोले अब नहीं चलने देंगे दलाली**

इस मामले में एआरटीओ पी.के. सरोज ने कहा कि आरटीओ परिसर में दलालों की गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। प्रशासन की कार्रवाई के बाद अब परिसर में दलालों को किसी भी हालत में जगह नहीं दी जाएगी और जनता के काम पारदर्शी तरीके से कराए जाएंगे।

## उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने गुरुवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय और महराजगंज इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्ष, प्रवेश द्वार, बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और फायर सेफ्टी उपकरणों की स्थिति की जांच की। साथ ही अभ्यर्थियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से कहा कि परीक्षा से जुड़े सभी इंतजाम समय रहते पूरी तरह दुरुस्त कर लिए जाएं और किसी भी प्रकार की अनियमितता या संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ सहित जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित परीक्षा केंद्रों के प्रभारी भी मौजूद रहे। एसपी ने कहा कि यह परीक्षा युवाओं के भविष्य से जुड़ी है, इसलिए इसे पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# भारत की जनगणना 2027 का कार्य प्रगति पर चार्ज अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** भारत की जनगणना 2027 का कार्य प्रगति पर है, गुरुवार को अम्बेडकर सभागार में जनपद के समस्त चार्ज अधिकारियों को जनगणना जिला प्रभारी नागेन्द्र यादव द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रथम चरण की जनगणना जनगणना निदेशालय, उ0प्र0 से नियुक्त नोडल अधिकारी नागेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना-2027 भारत की जनगणना श्रृंखला में '16' वीं एवं आजादी के बाद '8' वीं जनगणना, भारत की जनगणना विश्व की सबसे बडी प्रशासनिक कार्ययोजना है। गांव, वॉर्ड, शहर स्तरीय डाटा का एकमात्र आधिकारिक स्रोत है। जनगणना 2027 फील्ड ट्रेनर की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति (31 मार्च तक) एवं प्रशिक्षण (15 मई तक)। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना, 22 मई से 20 जून, 2026 (उत्तर प्रदेश) स्व गणना (क्षेत्रीय कार्य से पूर्व के 15 दिन 7 मई से 21 मई तक) द्वितीय चरण में जनसँख्या की गणना 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक। मकान सूचीकरण ब्लॉक जनगणना के दौरान डेटा संग्रह की प्राथमिक इकाई है। यह मकानसूचीकरण कार्य को बिना किसी चूक या दोहराव के क्षेत्र का एक स्पष्ट फ्रेम प्रदान करता है। राजस्व ग्राम एक सबसे निचली प्रशासनिक इकाई है । एक राजस्व गाँव में कई छोटी बस्तियाँ/ टोला/पुरवा /हैमलेट भी हो सकते हैं। वार्ड नगर निकाय का एक भौगोलिक रूप से परिभाषित क्षेत्र है जिसका उपयोग स्थानीय सरकार के प्रतिनिधित्व और चुनावों के लिए किया जाता है। विशिष्ट चार्जः कुछ आबादी क्षेत्र ऐसे हैं जो रक्षा सेवा, सीआरपीएफ, बीएसएफ और इसी तरह के सैन्य या अर्धसैनिक संगठनों के नियंत्रण में आते हैं। ऐसे विशिष्ट क्षेत्रों के लिए, जनगणना कार्य निदेशक द्वारा संबंधित प्राधिकारियों के परामर्श से विशेष प्रभारी अधिकारी निर्धारित किया जाता है। शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, पंचायतीराज विभाग, ग्राम विकास विभाग आदि से निर्वाचन की भाँति निर्धारित प्रारूप पर कर्मचारियों की संख्या एवं विवरण एक्सेल में सीएमएमएस पोर्टल पर आइडी बनाया जायेगा।

उक्त प्रशिक्षण में जिला जनगणना प्रभारी श्री शशांक शेखर राय, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी वीरेन्द्र गुप्ता, समस्त तहसीलदार, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के समस्त अधिशासी अधिकारी व जनगणना कार्यालय से जनगणना सहायक गया प्रसाद मिश्र व बृजेश यादव भी उपस्थित रहें।


## मिठवल मंडल सीमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**बांसी सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य के डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मिठवल मंडल की सीमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष रमेश धर द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। मिठवल मंडल अध्यक्ष रमेश धर द्विवेदी की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष को फूल-मालाओं से लाद कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वागत के दौरान मुख्य रूप से दशरथ चौधरी, लवकुश ओझा, चंदू चौधरी, अनुपम पाण्डेय, उमेश गिरि, दिनेश चौधरी, संजय चौरसिया,व्यास मिश्रा, अमरनाथ शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ब्राइवेट विलेज के कार्यान्वयन को लेकर सीडीओ की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक

- बार्डर के 4 विख से 25 गांव को किया गया है चयनित, ग्राम पंचायतों में 3 करोड़ रूपये के बजट का है प्राविधान

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की अध्यक्षता में ब्राइवेट विलेज को कार्यान्वित किये जाने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समीक्षा किया गया। इसके अन्तर्गत बार्डर के 4 विकास खण्ड लोटन, बर्डपुर, शोहरतगढ़ तथा बढ़नी के 25 गांव को चयनित किया गया है। इन ग्रामों में सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत अच्छादन करना है। बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण एवं उपलब्धता, सड़क, बिजली, पानी आदि की क्षमता वृद्धि एवं संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि बैनर/पोस्टर, नुक्कड़ नाटक, शिविर, घर-घर सम्पर्क कर जागरूक करें। चयनित ग्रामों का आधारभूत आकड़ें सग्रहीत करे। बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता गैप आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। कहा कि सर्वे कराकर विपेज एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की संतृप्तीकरण, ग्राम में पूर्व में उपलब्ध बुनियादी/आधारभूत सुविधाओं की स्थिति, नये प्रस्तावित आवश्यक निर्माण कार्य निर्धारित प्रारूप पर तैयार करने का निर्देश दिया। परियोजनाओं के लिए निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराया जायेगा। चयनित ग्राम पंचायतों में 3 करोड़ रूपये के बजट का प्राविधान है। बार्डर एरिया के गांवों को ब्राइवेट विलेज के रूप में चयनित किया गया है।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, कमान्डेन्ट एसएसबी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएस यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अजय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार, जिला दिव्यांग जनसश्क्तीकरण अधिकारी सन्दीप मौर्य व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा, शासन की प्राथमिकता : रामू

**अवधनामा संवाददाता**



**बर्डपुर, सिद्धार्थ नगर।** बुनियादी शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है, इसलिए बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और गुणवत्तायुक्त शिक्षा, शासन की प्राथमिकता है। 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं प्राथमिक शिक्षा हेतु निर्धारित अधिगम लक्ष्यों एवं उनकी संप्राप्ति हेतु जन समुदाय को जागरूक करना है। तथा निपुण बच्चों का उत्साहवर्धन करना है।

उक्त आशय का विचार खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद ने ब्लॉक संसाधन केन्द्र बर्डपुर के प्रांगण में बेसिक शिक्षा विभाग एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'हमारे हमारा आंगन हमारा कार्यक्रम' में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शिक्षकों और और बच्चों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ साथ उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार और मध्यान्ह भोजन जैसी योजना संचालित है। जन समुदाय के सहयोग से ही हम सब निपुण भारत मिशन के लक्ष्य शत-प्रतिशत को प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद ने को-लोकेटेड आंगनबाड़ी के परिसर वाले विद्यालयों के द्वारा लगाए गए टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन किया, तथा प्रत्येक न्याय पंचायत से कक्षा 1और दो के पांच-पांच अर्थात 40 निपुण बच्चों को कॉपी, पटरी, पेंसिल, पेन, रबर, कटर सहित बैग प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्र, महिला शिक्षक संघ की मंत्री रश्मि जायसवाल, एआरपी संदीप द्विवेदी, अभय कुमार यादव, राम कृष्ण यादव, अनुराग श्रीवास्तव, विवेक पासवान ने भी संबोधित किया, तथा कार्यक्रम का संचालन संकुल शिक्षक शमशुल हक ने किया।

## तेज़ रफ़्तार का कहर जारी कोल्डड्रिंक से लदा ट्रक पलटा चालक खलासी बाल बाल बचे

**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** अकबरपुर-जलालपुर मुख्य मार्ग पर नैली सुबारपुर के पास बुधवार देर रात करीब 11 बजे लाहौरी ब्रांड का जीरा (ठंडा) लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत रही कि उस समय सड़क लगभग खाली थी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना में ट्रक चालक और खलासी बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक जलालपुर की ओर सप्लाई के लिए जीरा (ठंडा) लेकर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार के चलते ट्रक चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क किनारे पलट गया। ट्रक पलटते ही उसमें लदे जीरे के कई डिब्बे सड़क किनारे बिखर गए। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और हालात का जायजा लिया। पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और आवश्यक जानकारी जुटाई।

# पेट्रोलियम पदार्थों के व्यवस्थापन के संबंध में डीएम ने की बैठक

**देवी अवस्थी संवाददाता**



**गोण्डा।** जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में पेट्रोलियम पदार्थों के व्यवस्थापन एवं सुचारु वितरण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा उनके वितरण में पारदर्शिता बनाए रखना था।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने सभी संबंधित एजेंसियों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों के वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी (ब्लैक मार्केटिंग) किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी गैस एजेंसी द्वारा गलत तरीके से गैस वितरण या कालाबाजारी की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद की सभी गैस एजेंसियों के कनेक्शनों का विवरण तथा गैस बुकिंग से संबंधित सभी आवश्यक डिटेल्स तत्काल उपलब्ध कराई जाएं, जिससे वितरण प्रणाली की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सभी एजेंसियां निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुसार ही कार्य करें तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पेट्रोलियम पदार्थों का संग्रहण न करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी बनाए रखी जाए, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनपद में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी करनैलगंज, उपजिलाधिकारी तरबगंज, पुलिस क्षेत्राधिकारी मनकापुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर, जिला पूर्ति अधिकारी सहित सभी एजेंसियों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अकीदत के साथ अदा किया रमजानुल मुबारक का 22वा रोज़ा

- शबे कद्र की मुकददस रात में इबादतों में गुजरी रात

**दानिश मेहदी/पद्मनाभि मिश्र**



**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** रमजान-उल-मुबारक महीने का 22वां रोजा गुरुवार को रोजेदारों ने पूरे अकीदत और एहतराम के साथ मुकम्मल किया। शाम होते ही घरों और मोहल्लों में इफ्तार का सिलसिला शुरू हुआ, जहां रोजेदारों ने मिलकर रोजा खोला और अल्लाह की दी हुई नेमतों का शुक्रिया अदा किया।

इफ्तार के बाद रोजेदारों ने शबे कद्र की मुकद्दस रात पूरी श्रद्धा और इबादत के साथ गुजारी। इस दौरान मुल्क में अमन-ओ-अमान कायम रहने तथा दुनिया में शांति की दुआएं मांगी गईं। साथ ही ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के हालात में ईरान की कामयाबी के लिए भी खास दुआएं की गईं। रोजेदारों ने पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा स.अ. और अहलेबैत अ.स. पर दरूदो सलाम पेश किया। घरों में महिलाओं ने भी रात भर इबादत, तिलावत और दुआओं में समय बिताया। रमजान का आखिरी अशरा जारी है और शबे कद्र की रात मस्जिदों में कुरआन पाक की तिलावत तथा घरों में इबादतों से माहौल रौशन रहा। प्रख्यात शिया धर्मगुरु मौलाना रईस हैदर जलालपुरी ने शबे कद्र की फजीलत बयान करते हुए कहा कि यह रात बेहद बरकत वाली और रहमतों से भरपूर होती है। इसी मुकद्दस रात में कुरआन शरीफ नाजिल हुआ था। उन्होंने बताया कि शबे कद्र हजार महीनों से अफजल मानी गई है और इसी रात इंसान की साल भर की तकदीर लिखी जाती है। उन्होंने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि इस रात को सोकर गुजारने के बजाय अल्लाह की इबादत, दुआ और इस्तिगफार में वक्त बिताना चाहिए।

# नशा उन्मूलन रैली से दिया संदेश, एनएसएस शिविर के छठवें दिन मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**परसपुर (गोण्डा)।** महाकवि तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय परसपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कम्पोजिट विद्यालय पूरे राम भरोसे पाण्डेय में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस का शुभारम्भ बुधवार को कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सीमा तिवारी एवं डॉ. अजीत सिंह तथा शिवगोपाल शुक्ल व प्रधानाचार्या वन्दना वर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात दोनों कार्यक्रमाधिकारियों के नेतृत्व में 'नशा उन्मूलन जागरूकता रैली' शिविर स्थल से निकालकर सिताबी पुरवा तक ले जाई गई, जिसमें स्वयं सेवक-सेविकाओं ने युवाओं तथा अन्य ग्रामीण जनों को नशा के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए नशा न करने का आह्वान किया। रैली में खुशबू सिंह, नैन्सी सिंह, काजल, महिमा, लक्ष्मी पाण्डेय एवं अर्पित मिश्र ने जन-जन को नशा से होने वाली हानियों के प्रति जागरूक किया।

बौद्धिक सत्र में स्वयं सेविकाओं द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान खुशबू सिंह राठौर, द्वितीय स्थान सोनिया गौतम तथा तृतीय स्थान नैन्सी सिंह व मोहिनी गौतम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अंग्रेजी विभाग के शिवम पाण्डेय एवं पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ मुरलीधर मिश्र ने नशा से होने वाली सामाजिक एवं आर्थिक हानियों पर व्यापक जानकारी दी। उन्होंने नशा को एक सामाजिक कुरीति की संज्ञा दी। वहीं डॉ. दयाशंकर मिश्र ने अपने अवधी गीत 'नशा उन्मूलन चलयबय, बलम तोहरे संग नचलबय' के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर शिविर में डॉ .दिनेश मिश्र, डॉ.नरेन्द्रनाथ पाण्डेय, डॉ. अनूप शुक्ल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पत्रकार पर दबंगों का हमला, मुकदमा दर्ज

**गोण्डा।** जिले के परसपुर थाना क्षेत्र में दबंगों द्वारा एक पत्रकार पर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना परसपुर क्षेत्र के ग्राम पूरे अजब निवासी ज्ञान प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 11 मार्च 2026 की सुबह लगभग 9 बजे शाहपुर बाजार को जा रहा था, कि रास्ते में बाबा कुटी मोड़ के पास विपक्षी सोनू यादव पुत्र सूरजपाल निवासी उपरोक्त मुकदमे में सुलह कराने की बात को लेकर प्रार्थी को मूका थप्पड़ से मारने लगे। प्रार्थी के हल्ला गुहार करने पर उक्त व्यक्ति प्रार्थी को भद्दी-भद्दी गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सोनू यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 351(3) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।


## ट्यूबवेल पर मिला 85 वर्षीय वृद्ध का शव



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** थाना हंसवर क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 85 वर्षीय वृद्ध का शव ट्यूबवेल में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पृथ्वीपुर निवासी बाहू पुत्र विदेशी (लगभग 85 वर्ष) का शव उनके ही ट्यूबवेल में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने जब ट्यूबवेल में शव देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना हंसवर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वृद्ध की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## नेपाल का शातिर चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा पर चोरी की वारदातों में सक्रिय एक शातिर आरोपी को थाना शोहरतगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



पकड़ा गया आरोपी नेपाल का निवासी है और उस पर जिले के कई थानों में चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह की टीम ने बुधवार रात करीब 10:13 बजे सिसवा के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोरख धोबी (28) पुत्र स्व. गोपाल धोबी, निवासी वार्ड नंबर 2 सेवरा, थाना कृष्णानगर, जिला कपिलवस्तु (नेपाल) के रूप में हुई है। वह मु0अ0सं0 37/26 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में वांछित चल रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी का अपराधिक इतिहास लंबा है और उसके खिलाफ शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर और ढेबरुआ थानों में चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कार्रवाई कर उसे न्यायालय भेज दिया।

## बोक्सी (डायन) बताकर मारपीट करने के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** जिले के बाणगंगा नगरपालिका-1 में एक महिला को बोक्सी (डायन) बताकर मारपीट और दुर्व्यवहार करने के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस कार्यालय कपिलवस्तु द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार फागुन 28 की सुबह करीब 11 बजे बाणगंगा नगरपालिका-1 निवासी 57 वर्षीय लीला कुमारी श्रेष्ठ को बोक्सी होने का आरोप लगाते हुए उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों पर हमला कर दुर्व्यवहार किया गया। घटना में संलिप्त होने के आरोप में उसी स्थान की 51 वर्षीय हुम कुमारी थैडी मगर और उनकी 21 वर्षीय बेटी खगिसरा थैडी मगर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत के आधार पर बोक्सी आरोप संबंधी कसूर में मामला दर्ज किया गया है। कपिलवस्तु जिला अदालत से 7 दिन की मियाद लेकर मामले की आगे जांच की जा रही है।

# भूमि विवाद में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, तीन आरोपी गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रुकमंगदपुर गांव में 7 मार्च को महेश बाजपेई और रक्षाराम पक्ष के बीच जमीन को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान महेश बाजपेई के भाई रमेश कुमार को गंभीर चोटें आ गईं। परिजनों ने घायल रमेश कुमार को उपचार के लिए पहले मेडिकल कॉलेज गोंडा में भर्ती कराया, जहां हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ में दो दिन तक इलाज चलने के बाद 9 मार्च को रमेश कुमार की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के भाई महेश बाजपेई ने थाना कौड़िया में तहरीर देकर सूरज उर्फ रक्षाराम, शिवम बाजपेयी और ओमप्रकाश वाजपेयी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को आर्यनगर-छितौनी नहर मार्ग के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि घटना के बाद मृतक के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था। सूचना मिलने पर सीओ कर्नलगंज अभिषेक दवाच्या मौके पर पहुंचे और परिजनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। सीओ कर्नलगंज अभिषेक दवाच्या ने बताया कि 7 मार्च को हुई मारपीट में घायल रमेश कुमार की 9 मार्च को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है तथा पूरे प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने किया मोहम्मदपुर गढ़वाल गौशाला का औचक निरीक्षण

**गोण्डा।** विकासखण्ड करनैलगंज की ग्राम पंचायत पाल्हापुर में 'पंचायत उत्सव भवन' के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के संपन्न होने के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन द्वारा ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर गढ़वाल में संचालित गौशाला में पानी, भूसा, हरा चारा आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि गौशाला में नियमित रूप से पानी, भूसा एवं चारा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। गौशाला में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए पाए गए, जो क्रियाशील अवस्था में थे। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की सभी गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करें तथा निरीक्षण आख्या तैयार कर उसकी प्रगति के साथ आगामी आयोजित होने वाली बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# जनपद में रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्टर सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु की उपस्थिति में एलपीजी की समस्या/अफवाहों के संबंध में जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों ,क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त पूर्ति निरीक्षकों, ऑयल मार्केटिंग कंपनियों यथा- बीपीसीएल, एचपीसीएल एवं आइओसीएल के प्रतिनिधियों, जनपद के समस्त एलपीजी वितरकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में एलपीजी समस्या से संबंधित उपभोक्ताओं के समस्याओं के स्थाई समाधान के दृष्टिगत संपूर्ण जनपद में होम डिलीवरी सिस्टम को लागू किए जाने के निर्देश दिए और सभी एलपीजी वितरकों को होम डिलीवरी सिस्टम का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी एलपीजी वितरकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर का सीधे उनके घर पर डिलीवरी सुनिश्चित की जाए। इसी के साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया की बुकिंग के उपरांत गैस एजेंसियों पर आने वाले उपभोक्ताओं को तत्काल टोकन उपलब्ध कराया जाए, टोकन में गैस सिलेंडर के उनके घर पर डिलीवरी किए जाने के समय सीमा अंकित हो।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी एलपीजी वितरकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी गैस एजेंसी पर भीड़ न लगे, कोई भी उपभोक्ता एजेंसी पर है उसे होम डिलीवरी की स्पष्ट जानकारी दें। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा सुविधा हेतु संबंधित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकार पुलिस या पूर्ति निरीक्षक से संपर्क कर सुगमता के साथ उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी सिस्टम से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।

## ईरान युद्ध 'चूल्हे' तक

ईरान युद्ध का असर हमारी रसोई और चूल्हे तक आ जाएगा, यह आकलन करने में केंद्रीय कैबिनेट ने 11 दिन खपा दिए। अंततः कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे निर्देश देने पड़े कि सभी मंत्रालय आपस में मिल कर काम करें। संभावित चुनौतियों के लिए तैयार रहें। देशवासियों पर युद्ध का असर कम पडऩा चाहिए। प्रधानमंत्री ने 'चुनौती' की बात स्वीकार की है और 'चाहिए' शब्द का इस्तेमाल कर उपदेश दिया है। यह क्यों नहीं हो सकता कि खुद प्रधानमंत्री मंत्रियों के स्तर पर समन्वय करें। चूंकि वह देश के सर्वोच्च, संवैधानिक कार्यकारी प्रमुख हैं, लिहाजा उन्हें देश को संबोधित कर हकीकत बयां करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी, कोरोना वैश्विक महामारी, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बार राष्ट्र को संबोधित किया है। देशवासियों ने उन्हें भरपूर समर्थन और सहयोग भी दिया है। बहरहाल भारत में करीब 19.5 करोड़ घन मीटर गैस की खपत औसतन हर रोज होती है, जबकि गैस का घरेलू उत्पादन करीब 10 करोड़ घन मीटर ही है, जाहिर है कि भारत को गैस आयात करनी पड़ती है। इसमें रसोई गैस एलपीजी के अलावा, एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी भी हमारी जिंदगी की सक्रियता के लिए बेहद अनिवार्य हैं। उनके बिना जिंदगी, समाज और कारोबार का चक्का ही जाम हो जाएगा। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए हमारे घरों तक जाती है और 1.62 करोड़ इसके कनेक्शन हैं। एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। सीएनजी वाहनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएनजी खाद के प्लांट से लेकर औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण की इकाइयों के लिए 'संजीवनी' है। प्रधानमंत्री मोदी देश को संबोधित कर खुलासा कर सकते हैं कि भारत ने अमरीका के साथ 22 लाख टन गैस का सौदा किस आधार पर किया है? इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, नॉर्वे, पश्चिम अफ्रीका, नाइजीरिया, अंगोला और अल्जीरिया सरीखे देशों से पर्याप्त गैस की आपूर्ति का अपडेट क्या है?

ये छोटे, पिद्दी से देश भारत जैसे विराट, विशाल देश को गैस सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन खुद 78 साल का भारत अपने लिए गैस का पर्याप्त उत्पादन करने में सक्षम क्यों नहीं हो सका? यह वाकई यक्ष-प्रश्न है। गैस की जानकारी देश को देने में गोपनीयता क्या है? कूटनीतिक रणनीति क्या है? आपकी तेल-गैस की सप्लाई को कौन 'तारपीडो' करेगा? यह तो आम भारतवासी की जिंदगी और चूल्हे से जुड़ा संवेदनशील विषय है। आखिर प्रधानमंत्री आपदा या संकट के दौर में देश की जनता, विपक्ष और मीडिया को खुलासा क्यों नहीं करेंगे? ऊर्जा-संकट से ही हमारी खाद्य-सुरक्षा प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी है। ठीक है, केंद्र सरकार ने 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' की अधिसूचना जारी कर उसे लागू कर दिया है, लेकिन आम आदमी सडक़ पर उतरने को विवश है। गैस सिलेंडर लेकर लोगों ने उसी तरह कतारें लगाना शुरू कर दिया है, जिस तरह कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर को लेकर हुआ था। वह संकट भी फर्जी था, चिंता और अफवाहें ज्यादा थीं। मौजूदा संकट आम रसोई के मद्देनजर है कि शाम को गैस का चूल्हा जलेगा या नहीं, घर का खाना बनेगा अथवा नहीं। यह संकट उस वर्ग का ज्यादा है, जिसकी जिंदगी धक्के खाने में खप जाती है, जिसके संसाधन बेहद सीमित हैं और जिसने जनादेश देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। क्या प्रधानमंत्री उन लोगों को भी संबोधित नहीं कर सकते? इस संकट के दरमियान ही अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का बयान आया है कि युद्ध का काम लगभग पूरा हो चुका है। अर्थात अमरीका युद्ध को समाप्त करने और निकलने का सुरक्षित रास्ता तलाश रहा है, लेकिन इजरायल और ईरान फिलहाल ऐसा नहीं सोच रहे, जाहिर है कि तेल-गैस का संकट बरकरार रहेगा, बल्कि बढ़ भी सकता है। करीब 60 देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ चुकी हैं।

## युद्ध और पर्यावरण विनाश

वर्तमान सदी में युद्ध केवल सीमाओं को बदलने या सत्ता परिवर्तन के लिए ही नहीं, बल्कि संसाधनों पर कब्जे, हथियारों के प्रदर्शन और उनके परीक्षण के लिए भी लड़े जा रहे हैं। चिंताजनक तथ्य यह है कि ये युद्ध न केवल मानव सभ्यता को पीछे धकेल रहे हैं, बल्कि पृथ्वी के पर्यावरण पर भी गहरे और दीर्घकालिक घाव छोड़ रहे हैं। युद्ध के दौरान फटने वाले बम, मिसाइलें और रासायनिक हथियार तेल भंडारों को राख कर रहे हैं, शहरों और जंगलों की हरियाली निगल रहे हैं, जल स्त्रोतों को दूषित कर रहे हैं और हवाओं को विषैला बना रहे हैं। इससे जमीन की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है और जैव विविधता पर गहरा संकट मंडरा रहा है। विशेष ध्यान देने योग्य बात यह भी है कि युद्ध केवल भूमि और आकाश तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इनका सबसे मूक और गहरा प्रभाव समुद्रों पर पड़ता है। नौसैनिक युद्धों के दौरान क्षतिग्रस्त होने वाले युद्धपोत और तेल टैंकरों से होने वाला ऑयल स्पिल (तेल रिसाव) समुद्री जीवों के लिए मौत का वारंट बन जाता है। मिसाइल परीक्षणों और पनडुब्बियों द्वारा छोड़े गए मलबे से समुद्र के तल में भारी धातुएं जमा हो जाती हैं, जो खाद्य श्रृंखला के माध्यम से अंततः मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसके अतिरिक्त, आधुनिक युद्धों में उपयोग होने वाले शक्तिशाली सोनार सिस्टम समुद्री स्तनधारियों, जैसे व्हेल और डॉल्फिन की संचार क्षमता और दिशा-ज्ञान को नष्ट कर देते हैं, जिससे उनकी अकाल मृत्यु हो जाती है। लाल सागर और फारस की खाड़ी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में वर्तमान सैन्य हलचल वहां के कोरल रीफ (मूंगा चट्टानों) को भी अपूरणीय क्षति पहुँचा रही है, जो हजारों प्रजातियों का घर हैं।


डॉ. मनमोहन

ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब युद्ध पर्यावरण के इतने बड़े विनाश का कारण बनते हैं, तो क्या इन्हें शुरू करने वाले नेताओं और शक्तियों की पर्यावरणीय जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए? वर्तमान में पश्चिम एशिया का तनाव इस प्रश्न को और अधिक गंभीर बना रहा है। अमेरिका-इज़राइल और ईरान के बीच छिड़ा संघर्ष अब भीषण रूप ले चुका है। दोनों ओर से घातक मिसाइलों और ड्रोनों की बरसात हो रही है। ऐसा ही भयावह मंजर रूस-यूक्रेन युद्ध में भी देखने को मिल रहा है। इन युद्धों का प्रभाव केवल युद्धरत देशों तक सीमित नहीं है। तेल भंडारों, सैन्य ठिकानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर हमलों से निकलने वाला विषैला धुआं, रासायनिक गैसें और सूक्ष्म कण वैश्विक वायुमंडल में घुल रहे हैं। विकसित शहर मलबे के ढेर में बदल रहे हैं, जिससे जल, वायु, पृथ्वी और आकाश प्रदूषित होकर जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। इतिहास गवाह है कि युद्ध और पर्यावरण विनाश का चोली-दामन का साथ रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बमों ने न केवल लाखों जानें लीं, बल्कि दशकों तक रेडियोधर्मी प्रदूषण फैलाया, जिसने मिट्टी और जल को ज़हरीला बना दिया। खाड़ी युद्ध (1991) के दौरान कुवैत के तेल कुओं में लगाई गई आग आधुनिक इतिहास की सबसे बड़ी पर्यावरणीय आपदाओं में से एक है, जिससे महीनों तक लाखों टन कार्बन वायुमंडल में पहुंचा। भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध और विशेष रूप से 1999 का कारगिल युद्ध हिमालयी पारिस्थितिकी के लिए बड़ी चुनौती बना। ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में सैन्य कचरे और विस्फोटों ने संवेदनशील ग्लेशियरों को प्रभावित किया। वियतनाम युद्ध में अमेरिकी सेना द्वारा इस्तेमाल किए गए एजेंट ऑरेंज जैसे रसायनों ने लाखों हेक्टेयर वनों को बंजर बना दिया। वहीं, अफगानिस्तान में लगभग दो दशकों तक चली बमबारी ने भूमिगत जल और कृषि योग्य भूमि को भारी क्षति पहुँचाई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**भारत के लिए इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हमारी अर्थव्यवस्था अपनी जरूरत का 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी मार्ग के जरिए मंगाती है। ईरान और इजराइल के बीच तनाव ने इस मार्ग को युद्ध के मैदान में तब्दील कर दिया है, जिससे टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। इसके साथ ही, पिछले दिनों ईरान द्वारा अमेरिका के सहयोगियों कतर, यूएई और कुवैत के ठिकानों पर किए गए ड्रोन हमलों ने आग में घी डालने का काम किया है। विशेष रूप से कतर में**

# हॉर्मुज की घेराबंदी और भारत में गहराता गैस संकट

भारत की ऊर्जा सुरक्षा आज एक ऐसे कठिन मोड़ पर खड़ी है जहाँ सरहद पार की जंग हमारे रसोई घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की दहलीज तक पहुँच गई है। देश के कई राज्यों में कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में आई अचानक गिरावट ने न केवल होटल और रेस्टोरेंट उद्योग की कमर तोड़ दी है, बल्कि आम नागरिक के मन में भी भविष्य को लेकर एक अनजाना डर पैदा कर दिया है। यह संकट केवल मांग और आपूर्ति का साधारण गणित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक कूटनीति, युद्ध की विभीषिका और भारत की आयात पर अत्यधिक निर्भरता का एक कड़वा परिणाम है। नई दिल्ली के गलियारों से शुरू हुई यह सुगबुगाहट अब पूरे देश में एक बड़े हड़कंप का रूप ले चुकी है, जहाँ उत्तर से दक्षिण तक गैस एजेंसियों के बाहर लगी लंबी कतारें एक गहरे संकट की गवाही दे रही हैं। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को लागू कर दिया है, ताकि जमाखोरी जैसी कुप्रथाओं पर लगाम कसी जा सके और उपलब्ध संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित हो सके।


महेन्द्र तिवारी

इस पूरे संकट की जड़ें मध्य पूर्व के अशांत भूगोल में धंसी हुई हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक रास्तों में से एक, हॉर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। मात्र 167 किलोमीटर लंबा यह जलमार्ग फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और वैश्विक पेट्रोलियम व्यापार की धड़कन माना जाता है। दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत पेट्रोलियम इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। भारत के लिए इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हमारी अर्थव्यवस्था अपनी जरूरत का 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी मार्ग के जरिए मंगाती है। ईरान और इजराइल के बीच तनाव ने इस मार्ग को युद्ध के मैदान में तब्दील कर दिया है, जिससे टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। इसके साथ ही, पिछले दिनों ईरान द्वारा अमेरिका के सहयोगियों कतर, यूएई और कुवैत के ठिकानों पर किए गए ड्रोन हमलों ने आग में घी डालने का काम किया है। विशेष रूप से कतर में एलएनजी प्लांट पर हुए हमलों के बाद उत्पादन रोकना पड़ा है, जो भारत के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि हम अपनी वार्षिक एलएनजी जरूरतों का 40 प्रतिशत हिस्सा अकेले कतर से पूरा करते हैं।




भारत के भीतर इस अंतरराष्ट्रीय संकट का असर सबसे पहले कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति पर पड़ा है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों में तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस की सप्लाई पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने गैस वितरण को चार स्पष्ट श्रेणियों में विभाजित किया है। प्राथमिकता की पहली श्रेणी में घरेलू रसोई गैस और सार्वजनिक परिवहन के लिए सीएनजी को रखा गया है, ताकि आम जनता का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त न हो। दूसरी श्रेणी में खाद कारखानों को रखा गया है, जिन्हें 70 प्रतिशत आपूर्ति दी जा रही है, बशर्ते वे यह प्रमाणित करें कि इस गैस का उपयोग केवल उर्वरक उत्पादन में ही हुआ है। तीसरी श्रेणी में चाय की फैक्ट्रियों जैसे बड़े उद्योगों को रखा गया है, जो 80 प्रतिशत आपूर्ति प्राप्त कर रहे हैं। सबसे अंतिम और चौथी श्रेणी में छोटे कारखाने, होटल और रेस्टोरेंट शामिल हैं, जिन्हें उनकी पुरानी खपत के आधार पर अधिकतम 80 प्रतिशत सप्लाई का आश्वासन दिया गया है। हालांकि, धरातल पर स्थिति इससे कहीं अधिक गंभीर है और कई छोटे प्रतिष्ठानों को तो पूरी तरह गैस मिलना बंद हो गई है। उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों जैसे लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और गोरखपुर में स्थिति विकट हो चली है। यहाँ बुकिंग के कई दिनों बाद भी डिलीवरी नहीं हो रही है और गोरखपुर जैसे क्षेत्रों में गैस एजेंसियों के बाहर एक-एक किलोमीटर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। तेल कंपनियां अपना पूरा ध्यान घरेलू उपभोक्ताओं पर केंद्रित कर रही हैं, जिसके कारण ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों के सामने अपने शटर गिराने की नौबत आ गई है। यही हाल महाराष्ट्र का है, जहाँ मुंबई के लगभग 20 प्रतिशत रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं। पुणे में तो संकट इतना गहरा गया है कि नगर निगम को अस्थायी रूप से गैस आधारित शवदाह गृहों को भी बंद करना पड़ा है। 'आहार' जैसे रेस्टोरेंट एसोसिएशनों ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 48 घंटों में आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो आधे से ज्यादा प्रतिष्ठान बंद हो जाएंगे, जिसका सीधा असर उन लाखों कर्मचारियों पर पड़ेगा जो इस क्षेत्र में कार्यरत हैं। मध्य प्रदेश में भोपाल के होटल संचालक शादी के इस व्यस्त सीजन में सिलेंडर न मिलने से हताश हैं, जबकि कर्नाटक के बेंगलुरु में स्थिति यह है कि कई रेस्टोरेंट्स में केवल कॉफी उपलब्ध है क्योंकि मुख्य भोजन बनाने के लिए गैस ही नहीं बची है।

इस आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय ने युद्ध स्तर पर कदम उठाए हैं। इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम के कार्यकारी निदेशकों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है जो हर घंटे सप्लाई की समीक्षा कर रही है। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को लागू करना सरकार का एक शक्तिशाली कदम है, जो उसे अनाज, ईंधन और दवाओं जैसी जरूरी चीजों की कीमतों और स्टॉक को नियंत्रित करने की शक्ति देता है। इसके तहत व्यापारियों के लिए स्टॉक की सीमा तय कर दी गई है ताकि कोई भी इस संकट का फायदा उठाकर मुनाफाखोरी न कर सके। घरेलू गैस सिलेंडर के लिए भी नियम कड़े कर दिए गए हैं; अब एक सिलेंडर मिलने के 25 दिन बाद ही दूसरी बुकिंग संभव होगी। इसके अलावा, ओटीपी और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन को अनिवार्य कर दिया गया है ताकि सिलेंडर की कालाबाजारी रोकी जा सके। सभी रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के आदेश दिए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। संकट के बीच सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है, जिससे दिल्ली में 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर अब 913 रुपये का हो गया है। वहीं, 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में भी 115 रुपये का इजाफा हुआ है। यह आर्थिक बोझ आम आदमी और छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ रहा है। हालांकि, इंडियन ऑयल के अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वे पैनिक बुकिंग न करें, क्योंकि सरकार वैकल्पिक मार्गों और स्रोतों की तलाश कर रही है। जी7 देश अपने इमरजेंसी तेल भंडार से सप्लाई जारी करने पर चर्चा कर रहे हैं और भारत को उम्मीद है कि रूस और अल्जीरिया से अतिरिक्त कच्चा तेल आने के बाद स्थिति में सुधार होगा।

# स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नई क्रांति का सूत्रपात

**प्रएसएएचआई समावेशी विकास को अपना मुख्य लक्ष्य बनाती है, जिसके तहत जनहित के उद्देश्य से इस अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग की ज़रुरत पर बल देते हुए विकसित भारत 2047 का निर्माण करने पर ज़ोर दिया जाता है। यह रणनीति स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ, समयबद्ध, उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती बनाने में एआई की बदलावकारी भूमिका और क्षमता को पहचानती है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया के विजन ने अब स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। हाल ही में संपन्न हुए 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' ने यह साफ कर दिया है कि मोदी सरकार एआई को केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि गरीब से गरीब व्यक्ति तक बेहतर इलाज पहुंचाने का माध्यम मानती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र को अब स्वास्थ्य तकनीक में भी उतारा जा रहा है। इसी कड़ी में जारी की गई 'एस.ए.एच.आई.' (स्वास्थ्य सेवा में एआई रणनीति) भारत को इस क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनाने की ओर एक बड़ा कदम है।


डॉ. ओपी त्रिपाठी

प्रधानमंत्री मोदी अक्सर कहते हैं कि तकनीक का असली लाभ तब है जब वह अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के काम आए। इसी सोच के साथ आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 860 मिलियन से अधिक डिजिटल हेल्थ आईडी बनाई जा चुकी हैं। यह विशाल डेटाबेस एआई के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर रहा है। अब एआई की मदद से टीबी जैसी बीमारियों की पहचान एक्स-रे के जरिए पल भर में संभव हो रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में गेम-चेंजर साबित हो रही है। मोदी सरकार की प्राथमिकता हमेशा 'क्वालिटी'और 'ट्रस्ट' रही है। इसलिए सरकार ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से 'बीओडीएच' प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी एआई टूल भारतीय मरीजों पर इस्तेमाल होने से पहले कड़े परीक्षणों से गुजरे। यह प्लेटफॉर्म पीएम के उस वादे को पूरा करता है जिसमें उन्होंने तकनीक के सुरक्षित और एथिकल एआई पर जोर दिया था। अब डॉक्टर और मरीज, दोनों ही बिना किसी डर के इन आधुनिक मशीनों पर भरोसा कर सकते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में एआई को एकीकृत करने के तरीके पर एसएएचआई, एक सिफारिशी राष्ट्रीय ढांचे के रूप में कार्य करती है। राष्ट्रीय ढांचे के रूप में शुरू की गई एसएएचआई, पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा वितरण में एआआई को एकीकृत करने के लिए एक संरचित रोडमैप की रूपरेखा पेश करती है। इसका मकसद नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और प्रौद्योगिकी विकासकर्ताओं को एआई को जिम्मेदारी से अपनाने के लिए मार्गदर्शन देना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि नवाचार नैदानिक आवश्यकताओं, नियामक मानकों, समानता संबंधी विचारों और जनविश्वास के अनुरूप हो। प्रएसएएचआई समावेशी विकास को अपना मुख्य लक्ष्य बनाती है, जिसके तहत जनहित के उद्देश्य से इस अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग की ज़रुरत पर बल देते हुए विकसित भारत 2047 का निर्माण करने पर ज़ोर दिया जाता है। यह रणनीति स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ, समयबद्ध, उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती बनाने में एआई की



बदलावकारी भूमिका और क्षमता को पहचानती है, इसे एक शक्तिशाली नवोन्मेषी शक्ति के साथ-साथ जन स्वास्थ्य में सुधार के लिए एक सहायक के रूप में देखती है। इसका मकसद विश्वसनीय, जोखिम-अनुरूप शासन और मजबूत डिजिटल और डेटा आधार स्थापित करना है, ताकि एआई का बड़े पैमाने पर सुरक्षित, नैतिक और जवाबदेह उपयोग किया जा सके। इसका लक्ष्य भविष्य के लिए तैयार स्वास्थ्य कार्यबल और संस्थानों का निर्माण करना भी है, साथ ही एक स्थायी और समावेशी एआई-फॉर-हेल्थ व्यवस्था को बढ़ावा देना है, जो समानता, गुणवत्ता, दक्षता और जनविश्वास को आगे बढ़ाता है। इस फ्रेमवर्क के 5 प्रमुख स्तंभ शासन और साक्ष्य निर्माण मानकों, सुरक्षित, नैतिक, मजबूत और पारदर्शी डिजिटल और डेटा अवसंरचना और कार्यबल की तैयारी पर केंद्रित हैं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2018 में शुरू हुई एआई रणनीति अब हकीकत बन रही है। 'स्कैडा ब्रेनसीटी' जैसे एआई टूल्स ने टियर-2 और टियर-3 शहरों में विशेषज्ञों की कमी को दूर कर दिया है। अब छोटे शहरों के मरीजों को भी मुंबई या दिल्ली जैसे बड़े शहरों के स्तर का न्यूरो-डायग्नोसिस मिल रहा है। यह तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं का लोकतंत्रीकरण कर रही है, जिससे भौगोलिक दूरियां अब इलाज के आड़े नहीं आतीं।

राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन रणनीति अवलोकन (2020) ने इस दृष्टिकोण को कार्यान्वयन रोडमैप में और आगे बढ़ाया। इसमें यह स्वीकार किया गया कि एआई, आईओटी, ब्लॉकचेन और क्लाउड कंप्यूटिंग एक अधिक समग्र डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र के लिए अतिरिक्त अवसर प्रदान करते हैं। यह एक ऐसी व्यवस्था है, जो समान पहुंच बढ़ा सकती है, स्वास्थ्य परिणामों में सुधार कर सकती है और लागत कम कर सकती है। इसमें परिकल्पना की गई कि आधुनिक एआई तकनीकें स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को मौजूदा स्वास्थ्य रिकॉर्ड प्रारूपों से प्रासंगिक जानकारी निकालने और अंदर संचालनीय डेटा मानकों में बदलाव लाने में मदद करेंगी। साथ ही सरकार एआई प्रणालियों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश और मानक निर्धारित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस नीतिगत दिशा का समापन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के शुभारंभ के साथ हुआ, जो व्यापक डिजिटल स्वास्थ्य दृष्टिकोण का परिचालनात्मक क्रियान्वयन है। नागरिकों के लिए 860 मिलियन से अधिक एबीडीएम बनाए जाने के साथ, एबीडीएम भारत का पहला बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य सेवा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का प्रतिनिधित्व करता है।

इसमें दीर्घकालिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, सुविधाओं और नागरिकों के राष्ट्रीय रजिस्टर और सहमति-आधारित डेटा विनिमय प्रणाली शामिल हैं। यह बुनियादी ढांचा एआई एकीकरण के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है, जिसके कई अनुप्रयोग पहले से ही चल रहे हैं। इसके साथ ही, मंत्रालय ने रोग निगरानी और प्रारंभिक पहचान के लिए एआई-सक्षम उपकरण तैनात किए हैं, जिनमें तपेदिक की जांच के लिए एआई-समर्थित सीने के एक्स-रे व्याख्या प्रणाली शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ही 'विकलांग' शब्द की जगह 'दिव्यांग' शब्द देकर उनके प्रति समाज का नजरिया बदला था। अब उनकी सरकार एआई के जरिए उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है। 'स्मार्टीन' जैसे वॉइस-फर्स्ट प्लेटफॉर्म 10 भारतीय भाषाओं में काम कर रहे हैं। यह एआई टूल दृष्टिबाधित भाई-बहनों के लिए 'डिजिटल आंख' का काम कर रहा है। चाहे पाठ्य पुस्तकें पढ़नी हों या सरकारी दस्तावेज, एआई अब उनके जीवन को सुगम बना रहा है, जो 'विकसित भारत 2047' के संकल्प की ओर एक ठोस कदम है। मोदी सरकार का लक्ष्य भारत को दुनिया की 'हेल्थ लैब बनाना है। विशेषज्ञों के अनुसार, अगले कुछ वर्षों में एआई और जीनोमिक्स मिलकर लाइलाज बीमारियों का सटीक समाधान ढूंढ लेंगे।

# लखनऊ में उर्दू पत्रकारिता का उदय और विस्तार

**लखनऊ के पत्रकारिता के इतिहास में सबसें पहला नमा स्वर्गीय मुन्शी नवल किशोर के स्तर से जारी होने वाले उर्दू अखबार 'अवध' का है। किन्तु यह अखबार 'तिलिस्म अखबार' से तीन वर्ष छोटा था। मुन्शी नवल किशोर ने गत 23 नवम्बर, 1958 में लखनऊ में नवल किशोर प्रेस स्थापित किया, और इस प्रेस से 'अवध' अखबार एक वर्ष बाद सन् 1959 में प्रकाशित होना प्रारम्भ हुआ, पहले साप्ताहिक निकलता रहा फिर प्रतिदिन प्रकाशित होने लगा, इसकी आयु लम्बी रही और अगर आज तक प्रकाशन जारी रहता तो उ.प्र. ही नही भारत का यह बड़ा अखबार होता। परन्तु लगभग पच्चासी वर्ष तक जारी रहने पश्चात, बस दस वर्ष पहले यह अखबार बन्द हो गया।**

लगभग एक शताब्दी पूर्व सर्वप्रथम लखनऊ से अखबार प्रकाशित होने के संकेत मिलते हैं। इससे पहले भी लखनऊ से दो एक धार्मिक प्रवृत्ति के रिसाले निकले, जो पाक्षिक या मासिक थे। सन् 1942 के आस पास प्रकाशित होने वाले इन रिसालों को, पत्रकारिता की श्रेणी में रखना उचित नही होगा। लगभग यही समय, भारत में उर्दू पत्रकारिता की बाकायदा शुरूआत का भी है। इस समय तक इतिहास के स्तर पर मौजूद गवाहियों के अनुसार भारत में उर्दू का सब से पहला बकायदा अखबार सन् 1977 में निकलना शुरू हुआ था। जिसका नाम ''ख़ैर ख़ुवाह-ए-हिन्द'' था जिसकें मालिक एक पादरी थें, यह अखबार प्रकाशित तो बनारस से हुआ करता था पर,मुद्रित कलकत्ते में होता था। इनके सम्पादक 'शमशुल उलमा' मौलाना मोम्मद हुसैन आजाद के पिता मीर बाक़र हुसैन थे। इसका नाम ''उर्दू अखबार'' था, और इसका प्रकाशन देहली से हुआ करता था।


मुहम्मद क़मर ख़ाँ

लखनऊ वालों को अखबार की ज़रूरतका सचमुच एहसास उस समय हुआ जब वाजिद अली शाह लखनऊ से सिधार गये, और अग्रेजी हुकूमत का कब्ज़ा व प्रभाव सख्त से सख्त तरीन होता गया। अखबार की आवश्यकता क्यों पड़ी, इस प्रश्न का उत्तर लखनऊ में रहने वाले एक बुद्धिजीवी लेखक के अनुसारः- ''अखबार ऐसी चीज है जिस का असर हर खास व आम पर पड़ सकता है, उस की सच्ची तारीफ यह है कि, हालात-ओ-वाक़ियात महकूम ज़बान बन कर हाकिम तक पहुँचाना है, इसके सिवा कोई उम्दा ज़रिया-ए-तरक्क़ी हमारे मुल्क को हासिल नहीं हैं''। विदेशी सरकार के जमाने में, जब यहाँ की जनता सरकारी तन्त्र से कोई सम्बन्ध नही रखती थी, सिवाय अधीन रहने के, इस नये तन्त्र में उनका कोई दखल न था। शासक तथा अधीनस्थों के बीच यदि कुछ भी सम्पर्क का जारिया सम्भव बन सकता था तो निश्चित रूप से वह अखबार ही थे, यही कारण था कि लखनऊ में उर्दू पत्रकारिता एवं विदेशी सरकार की शुरूआत साथ-साथ हुयी।



जब वाजिद अली शाह का स्थान अग्रेंज शासकों ने लिया तो भी दरबार तथा जनता के बीच आपसी सम्बन्धों का स्थान रिक्त रहा। जिसकी पूर्ति हेतु, वही माध्यम सामने आया, जो अधीनस्थों की भाषा बन कर, शासकों तक पहुँच सकें, अर्थात 'अखबार' अन्तिम रूप से यह कहना कठिन होगा क्योंकि किसी समय भी कोई नई एतिहासिक गवाही, पुराने दावों को काट सकती है। फ्रि भी अब तक की स्थिति के अनुसार, लखनऊ में उर्दू पत्रकारिता की बाक़ायदा शुरूआत जुलाई 1856 में हुई और सबसे पहला उर्दू अखबार, फ़िरंगी महल से 'तिलिस्म-ए-लखनऊ के नाम से प्रकाशित हुआ। ''तिलिस्म'' का पहला अंक 15 जुलाई, 1856 को निकला। यह अखबार कब तक प्रकाशित होता रहा, इस बारे में निश्चित रूप से कुछ कहा नही जा सकता। अखबार के उपलब्ध अंकों के आधार पर यह कहा जा सकता है 1857 की उथल पुथल के फ्लस्वरूप, उर्दू पत्रकारिता का यह प्रथम स्तम्भ सम्भवतः जल्द समाप्त हो चुका होगा। इस क्रम में उपलब्ध अन्तिम अंक पर 8 मई, 1857 की तिथि अंकित हैं, जिसके तीसरे दिन 10 मई को बड़े पैमाने पर उथल पुथल फूट पड़ी थी, जिसें 'गदर' के नाम से याद किया जाता है। सम्भवतः इसी उथल पुथल के फ्लस्वरूप अख़बार के जिम्मेदारों को साप्ताहिक 'तिलिस्म' का प्रकाशन स्थागित करना पड़ा होगा।

इस प्रकार 'तिलिस्म' अख़बार उर्दू पत्रकारिता के अन्तर्गत अस्तित्व से पहले चमका, मगर वह दस माह के अन्दर अवलोपित भी हो गया, हालांकि कुछ लोगों ने इसे देखा किन्तु अधिकार पढ़ने वाले इससे वंचित रह गये। यही कारण है कि लखनऊ के पत्रकारिता के इतिहास में सबसें पहला नमा स्वर्गीय मुन्शी नवल किशोर के स्तर से जारी होने वाले उर्दू अखबार 'अवध' का है। किन्तु यह अखबार 'तिलिस्म अखबार' से तीन वर्ष छोटा था। मुन्शी नवल किशोर ने गत 23 नवम्बर, 1958 में लखनऊ में नवल किशोर प्रेस स्थापित किया, और इस प्रेस से 'अवध'अखबार एक वर्ष बाद सन् 1959 में प्रकाशित होना प्रारम्भ हुआ, पहले साप्ताहिक निकलता रहा फ्रि प्रतिदिन प्रकाशित होने लगा, इसकी आयु लम्बी रही और अगर आज तक प्रकाशन जारी रहता तो उ0प्र0 ही नही भारत का यह बड़ा अखबार होता। परन्तु लगभग पच्चासी वर्ष तक जारी रहने पश्चात, बस दस वर्ष पहले यह अखबार बन्द हो गया।

लखनऊ का सब से पहला अख़बार जिसका एक खास राजनीतिक उद्देश्य था, 'अवध पन्च' साबित हुआ, जो राष्ट्र सेवा तथा राजनीतिक प्रशिक्षण एवं शिक्षा हेतु प्रकाशित किया गया और जिसके सम्पादक काकोरी क़स्बा निवासी मुन्शी सज्जाद हुसैन थे, जिनकी हास्य से परिपूर्ण कृतियों से उर्दू का दामन आज तक भरा हुआ है। 'अवध पन्च' का प्रकाशन सन् 1977 से प्रारम्भ हुआ और 35 वर्षो तक अपनी आभा के साथ जारी रहने के पश्चात 1913 में, उस समय बन्द हो गया, जब मुन्शी सज्जाद हुसैन फ़ालिज से ग्रसित होकर, बोलचाल तक से वंचित हो गये और अन्त में 22 जनवरी 1917 को पत्रकारिता का यह स्तम्भ हमेशा हमेशा के लिये दह गया।

लखनऊ में राजनीतिक परिकल्पना जागृत करने वाले अख़बारों में दूसरा नाम 'हिन्दोस्तानी' का है। शहर में यह साप्ताहिक अख़बार, तालाब गगनी शुक्ल मोहल्ले में नबाव मुताज़ददौला बहादुर के मकान से निकला करता था, जिसके सम्पादक निरन्जन मुखर्जी थे। यह अखबार भी बहुत प्राचीन है। 'तिलिस्म' लखनऊ एवं 'अवध' अखबार के बाद, सम्भवतः तीसरा अखबार यही था, जो लखनऊ से निकला करता था, इसकी प्रकाशन तिथि 07 जून, 1961 थी, किन्तु इस विषय में इस से अधिक कुछ ज्ञात नहीं हो सका। जबकि दूसरा अख़बार 'हिन्दोस्तानी' मुन्शी गंगा प्रसाद वर्मा ने जारी किया, इन्हीं के नाम से लखनऊ में गंगा प्रसाद मेमोरियल हाल के अलावा गंगा लाइब्रेरी अमीनाबाद में अब भी स्थिापित हैं। इसका प्रकाशन 1883 में प्रारम्भ हुआ था जिसके बाद वाड वीकली हो गया। निजी स्तर पर मुन्शी अहमद अली शौक किदवई ने सन् 1885 में प्राइवेटली 'आजाद' नाम के अखबार का गोलागंज स्थित बगलें से, प्रकाशन शुरू किया। यह बंगला उस समय काकोरी के एक धनी व्यक्ति मुन्शी अतहर अली का था। और इन दिनों नवाब शीश महल के पासहै। यह अखबार भी साप्ताहिक था और शहर के एक वर्ग विशेष का प्रतिनिधित्व करता था 'अवध पन्च' के लेखक मिर्जा मच्छू बेग आशिक ने भी, अलग से एक मासिक रिसाला बहार-ए-हिन्द नाम से निकाला, इस रिसाले के मालिक उ0प्र0 के तत्कालीन व्यवसायी,'असगर अली मोहम्मद अली' थे।

# छात्राओं से संवाद' का कार्यक्रम में छात्राओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाज़ीपुर में जिला प्रशासन के सहयोग से 'छात्राओं से संवाद' का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर अनिता कुमारी ने की। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी एवं महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

छात्राओं को सशक्त बनाने, उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने, सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें शिक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष ने छात्राओं से निडर, जागरूक और निर्भीक रहने के साथ-साथ आत्मबल, स्वतंत्रता और समानता के विविध पहलुओं पर बातचीत की। उन्होंने छात्राओं को आश्वस्त किया कि वह कभी भी अपनी या अपने परिवार या मोहल्ले की महिलाओं से संबंधी किसी भी समस्या पर उनसे बात कर सकती हैं और उनका सहयोग ले सकती हैं। संवाद के क्रम में छात्राओं ने महिलाओं की सुरक्षा, एसिड अटैक संबंधी कानून और सतर्कता, बाल विवाह की समस्या, दूर दराज के इलाकों में पुलिस पेट्रोलिंग और कैमरे की निगरानी, जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर प्रश्न भी पूछे जिनका यथोचित उत्तर अध्यक्ष द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम में शाइस्ता परवीन, आकांक्षा सिंह, काजल, समायला नाज आदि छात्राओं ने महिला आयोग की अध्यक्ष से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाया। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन करते हुए लेफ्टिनेंट डॉ.शशिकला जायसवाल ने महिला आयोग की भूमिका उसके दायित्व और उसकी महत्ता से छात्राओं को परिचित कराया। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी ने अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉ रामनाथ केसरवानी, डॉ निरंजन कुमार यादव, डॉ सारिका सिंह डॉ. शिखा सिंह, डॉ संगीता, महिला थाना प्रभारी नीतू के साथ महिला पुलिस, जिला प्रोबेशन कार्यालय के कर्मचारी, महाविद्यालय की एनसीसी ,राष्ट्रीय सेवा योजना और रेंजर की छात्राएं उपस्थिति रहीं।

# पंचायती राज अधिकारी ने पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन पर दिया जोर

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** जनपद की ग्राम पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायतीराज अधिकारी (डीपीआरओ) राम शंकर वर्मा ने पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों में स्थापित आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

डीपीआरओ राम शंकर वर्मा ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि पंचायती राज नियमावली के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में कूड़ा प्रबंधन का सही ढंग से संचालन किया जाना अनिवार्य है। इसके अंतर्गत गांवों से सूखा कूड़ा और गीला कूड़ा अलग-अलग एकत्रित कर आरआरसी सेंटर तक पहुंचाया जाए, जहां सूखे कूड़े का पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) और गीले कूड़े का निस्तारण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और पंचायत कर्मियों को निर्देशित किया कि घर-घर कूड़ा संग्रहण की व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए तथा ग्रामीणों को भी सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग रखने के लिए जागरूक किया जाए। इससे गांवों में स्वच्छता बनी रहेगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। जिला पंचायतीराज अधिकारी (डीपीआरओ) ने कहा कि पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। यदि कहीं लापरवाही पाई गई तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

# किशोरी से दुष्कर्म प्रकरण में न्यायालय का सख्त रुख, मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश

- थाने में रिपोर्ट दर्ज न होने पर पीड़िता ने ली न्यायालय की शरण, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज करने के निर्देश
- वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान एवं साथी शोएब खान के तर्कों पर मजिस्ट्रेट ने किया आदेश

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ कथित दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना किए जाने का आदेश पारित किया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी 30 नवंबर 2025 को प्रातः लगभग चार बजे घर से शौच क्रिया के लिए गांव के बाहर जंगल की ओर गई थी। आरोप है कि उसी दौरान गांव का ही निवासी विकास पुत्र सुरेंद्र रैदास पहले से घात लगाए बैठा था। जैसे ही किशोरी वहां पहुंची, आरोपित ने उसे पकड़कर जमीन पर पटक दिया और मुंह दबाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बताया गया कि किशोरी के शोर-शराबे की आवाज सुनकर उसकी मां मौके पर पहुंच गई, जिसे देखकर आरोपित मौके से फरार हो गया। घटना के बाद जब किशोरी की मां आरोपित के घर उलाहना देने पहुंची तो वहां मौजूद पप्पू, कैलाश, राजेश पुत्रगण सुखलाल तथा विकास ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद उक्त लोग पीड़िता के घर में घुस आए और मारपीट करते हुए घर में खड़ी मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया तथा धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़िता द्वारा घटना की सूचना सुल्तानपुर घोष थाना में दी गई, किंतु कथित रूप से पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इसके पश्चात पीड़िता ने अपने वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान एवं साथी अधिवक्ता शोएब खान के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट नंबर 1 ललिता यादव ने विद्वान अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने एवं प्रकरण का अवलोकन करने के उपरांत 9 मार्च 2026 को आदेश पारित करते हुए संबंधित थाना पुलिस को प्रकरण में अभियोग पंजीकृत कर विधिक विवेचना किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# उच्च न्यायालय के निर्देश पर न्यायिक अधिकारियों ने किया दो शैल्टर होमों का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार न्यायिक अधिकारियों ने जिले में संचालित दो शैल्टर होम राठ रोड में संचालित ''वृद्धाश्रम'' एवं मुहल्ला लहरियापुरवा स्थित ''आश्रय-गृह'' का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बहुत बारीकी से व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी कर्मचारीगण को दिये। न्यायिक अधिकारियों ने उक्त दोनों आश्रय स्थलों में रह रहे आश्रितों के रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी व्यवस्थाओं को जांचा-परखा।सबसे पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा राठ रोड उरई में स्वैच्छिक संस्था शिवा ग्रामोत्थान सेवा संस्था, एफ-473 गुजैनी रतनलाल नगर, कानपुर नगर के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान 118 संवासी उपस्थित मिले। उपस्थित पंजिका के अनुसार रात्रिकालीन कर्मचारीगण एवं प्रबन्धक को छोड़कर सभी कर्मचारीगण उपस्थित मिले। प्रबन्धक के बारे में पूछे जाने पर बताया गया कि प्रबन्धक सन्दीप सिंह के पिता जी की तबीयत खराब होने के कारण वह अपने गृह जनपद गये हुये हैं।वृद्धाश्रम की संवासियों से पूछा गया कि उन्हे चाय-नाश्ता और सुबह-शाम का भोजन समय से मिल रहा है या नहीं, इस पर संवासियों द्वारा बताया गया कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार मिल रहा हैं। वृद्धाश्रम की मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर स्टाफ नर्स उपस्थित मिली, जिनसे संवासियों की चिकित्सा, प्राथमिक उपचार हेतु डिस्पेन्सरी में आवश्यक दवाओं के बारे में जानकारी ली गयी। पूछे जाने पर किसी भी संवासी द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई। इसके उपरान्त नगर पालिका परिषद उरई जनपद जालौन के सहयोग से मुहल्ला लहरिया पुरवा में लखनऊ के एनजीओ द्वारा संचालित आश्रय गृह (शेल्टर होम) में न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न बिन्दुओं पर जांच-पड़ताल की। निरीक्षण समय में प्रबन्धक सहित कोई भी कर्मचारीगण उपस्थित नहीं मिला। मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर समस्त दवायें पर्याप्त मात्रा में नहीं पायी गयी। यहां की आश्रित पंजिका में निरीक्षण तिथि में कोई भी आश्रित पंजीकृत नहीं मिला तथा एसडीआरएफ की टीम पूर्व से ही आश्रय गृह में रुकी थी। पायी गयी उक्त अनियमित्ताओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित को नोटिस प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण करने वाली इस अनुश्रवण समिति में अपर जिला जज प्रथम सतीश चन्द्र द्विवेदी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी-। शामिल रही तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन स्थान उरई के लिपिक शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए स्व. छेदालाल पाठक, पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता




**फतेहपुर।** जिला पत्रकार संघ (रजि.) के संस्थापक एवं मूर्धन्य पत्रकार छेदा लाल पाठक की पुण्यतिथि पर कलेक्ट्रेट स्थित जनसंपर्क केंद्र में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले भर के पत्रकारों, छायाकारों, अधिवक्ताओं, समाजसेवियों और व्यापारियों ने उपस्थित होकर स्वर्गीय पाठक को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल ने कहा कि स्व. छेदालाल पाठक विशारद ने पत्रकारों के सहयोग से लगातार उनके हितों की लड़ाई लड़ी और जनपद के विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहे। उनके भीतर पत्रकारिता के प्रति समर्पण, निष्ठा और संघर्ष की अद्भुत क्षमता थी। गोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार एवं आखिरी आंसू के संपादक विवेक श्रीवास्तव ने स्व. पाठक के पैतृक गांव मुत्तौर में उनकी स्मृति में एक स्मृति द्वार बनवाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक विकास गुप्ता से मिलकर ज्ञापन भी दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संघ के महामंत्री सुरेंद्र पाठक ने किया। इस दौरान विवेक श्रीवास्तव, मलय पांडेय, आदित्य श्रीवास्तव एडवोकेट, अनीत अग्रहरि एडवोकेट, मनभावन अवस्थी, रवि सिंह, जतिन द्विवेदी, अमित श्रीवास्तव, धीरेंद्र सिंह राणा, संजय गुप्ता, धीरेंद्र श्रीवास्तव धीरू, योगेंद्र बबलू मौर्य, मोहम्मद शाहिद, दीपू मौर्य, पंकज मौर्य, सुनील मौर्य, अरुण कुमार, जगन्नाथ, इरफान, रमेश यादव, संजय सिंह सहित कई पत्रकार व अन्य लोग मौजूद रहे।

## गैस की किल्लत की आशंका से एजेंसी पर बढ़ी भीड़

**उरई (जालौन)** इजरायल और इराक के बीच चल रहे भीषण युद्ध के चलते गैस की संभावित किल्लत की आशंका से लोगों में चिंता का माहौल देखा जा रहा है। इसी आशंका के चलते उपभोक्ता एडवांस में गैस सिलेंडर भरवाने के लिए गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं, जिससे एजेंसियों पर भीड़ बढ़ने लगी है। लगातार चल रहे युद्ध और गैस के दाम बढ़ने की खबरों के कारण लोगों में यह भय देखा जा रहा है कि यदि गैस की आपूर्ति बाधित हो गई तो खाने-पीने की समस्या खड़ी हो सकती है। इसी कारण कई लोग अपने वाहनों से एजेंसियों पर पहुंचकर दो-दो और तीन-तीन सिलेंडर भरवा रहे हैं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर की जालौन गैस सर्विस इंडेन, लौना रोड पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ देखने को मिल रही है। लोग लाइन लगाकर अपने-अपने गैस सिलेंडर भरवाने के लिए इंतजार कर रहे हैं। हालांकि इस दौरान सर्वर न चलने के कारण उपभोक्ताओं के नंबर नहीं लग पा रहे हैं और ओटीपी भी नहीं आ पा रही है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाना अत्यंत आवश्यक : डॉ विनोद

अवधनामा संवाददाता



- रेलमंत्री से मिलकर सांसद डॉ विनोद बिंद ने अंडरपास स्वीकृति की रखी मांग

**चन्दौली।** भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद दिल्ली में गुरुवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर अपने संसदीय क्षेत्रों में रेलवे सुविधाओं को बेहतर बनाने की मांग की है।

उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र की जनता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर रेलमंत्री से विस्तार से चर्चा की। इस दौरान क्षेत्र में आवागमन की सुगमता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रमुख स्थानों पर रेलवे अंडरपास एवं ओवरब्रिज के निर्माण की मांग को लेकर पत्र सौंपा। साथ ही क्षेत्र की जनता, विद्यार्थियों, व्यापारियों और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव (स्टॉपेज) की भी मांग रखी, ताकि लोगों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिल सके और क्षेत्र का विकास और तेज़ी से आगे बढ़े।

पूर्व पत्र के संबंध में सांसद डॉ विनोद बिंद ने रेल मंत्री जी से अवगत कराया कि लोकसभा क्षेत्र भदोही अंतर्गत कुछ प्रमुख रेलवे क्रॉसिंग स्थलों पर अत्यधिक यातायात दबाव होने के कारण आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे गर्भवती महिलाएं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति, छात्र , व्यापारी , नौकरीपेशा एवं आम नागरिक प्रभावित होते हैं। जनहित को दृष्टिगत रखते हुए गोपीगंज-ककराही मंडी के पास रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज, माधोसिंह रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज व भीटी रेलवे स्टेशन के पास टेला रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाना अत्यंत आवश्यक है ।

उक्त स्थलों पर ओवरब्रिज निर्माण से यातायात व्यवस्था सुचारु होगी तथा दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। जनता की हो रही असुविधा को देखते हुए सांसद ने रेलवे क्रासिंग पर शीघ्र अंडरपास निर्माण की स्वीकृति देने की रेल मंत्री से मांग रखी । बताते चले कि अपने भदोही लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर बीजेपी सांसद डॉ विनोद बिंद अपने संसदीय क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, जैसे सड़कों का निर्माण, पुलों का विकास, और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व पानी की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं।

# फतेहपुर में फिर शुरू हुआ ओवरलोडिंग का खेल

अवधनामा संवाददाता

- जिम्मेदार बने मूकदर्शक



**फतेहपुर।** जनपद में एक बार फिर ओवरलोडिंग का खेल तेज होता नजर आ रहा है। कुछ समय पहले एसटीएफ की कार्रवाई के बाद जिले में ओवरलोड वाहनों पर सख्ती देखने को मिली थी, लेकिन अब हालात फिर पुराने ढर्रे पर लौटते दिखाई दे रहे हैं। रात के अंधेरे में सड़कों पर सैकड़ों ओवरलोड वाहन फर्राटा भरते देखे जा सकते हैं, जिससे प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं।

सूत्रों की मानें तो जिले में ओवरलोड वाहनों की एंट्री का खेल फिर से शुरू हो गया है और लोकेशन बाजों का सिंडिकेट भी सक्रिय हो गया है। बताया जा रहा है कि अवैध गतिविधियों के इस नेटवर्क में जिंदपुर टोल से जुड़ा एक कर्मचारी भी शामिल है, जो ओवरलोड वाहनों को सहयोग देने के साथ-साथ अवैध वसूली में भी भूमिका निभा रहा है। दूसरी ओर ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े लोगों के सामने भी बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। पॉइंट से लगातार हो रही ओवरलोडिंग को रोकने में खनिज विभाग नाकाम साबित हो रहा है। ओती खंड-4 में पहले अवैध खनन के खिलाफ सीज की कार्रवाई की गई थी, लेकिन इसके बावजूद अवैध खनन और ओवरलोडिंग का खेल धड़ल्ले से जारी है। ओवरलोडिंग के कारण ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। अधिक मुनाफे के लालच में व्यापारी अंडरलोड गाड़ियों को लेने से बच रहे हैं, जिससे नियमों का पालन करने वाले वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश, लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि वाहन चालकों और परिचालकों का नियमित स्वास्थ्य एवं दक्षता परीक्षण कराने के लिए कैम्प आयोजित किए जाएं। साथ ही रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ओवर स्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइविंग, हेलमेट न पहनने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सके। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि स्कूलों व कालेजों में छात्र-छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं, जिससे बच्चों में प्रारंभ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूकता विकसित हो सके। इसके साथ ही नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की स्थिति में वाहन स्वामी या अभिभावक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्कूल वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूल वाहनों की फिटनेस, चालक एवं परिचालक के नाम और मोबाइल नंबर, रोड रिफ्लेक्टर सहित सभी सुरक्षा मानकों की समय-समय पर अनिवार्य रूप से जांच की जाए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान चलाकर सड़कों पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़े करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए। सचिव ओडीए, सिटी मजिस्ट्रेट तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उरई को निर्देश दिए गए कि दुकानों के बाहर अवैध अतिक्रमण न होने दिया जाए तथा व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग (सीडी-प्रथम), एआरटीओ राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार की प्राथमिकता कोई भी बच्चा शिक्षा से न रहे वंचित



अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** सदर ब्लॉक संसाधन केंद्र सभागार में आउट ऑफ स्कूल बच्चों के विशेष प्रशिक्षण के लिए नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को प्रारंभ हुआ। इसका शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार चतुर्वेदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन नोडल शिक्षकों को ऐसे बच्चों की पहचान करने, उनका सर्वेक्षण कराने और उन्हें पुनः विद्यालय की मुख्यधारा से जोड़ने के तरीकों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बीईओ ने कहा कि किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रहने देना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नोडल शिक्षकों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आउट ऑफ स्कूल बच्चों का सही चिन्हांकन कर उन्हें विद्यालय से जोड़ने का कार्य गंभीरता से करें। एआरपी वंदना वर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को हिंदी भाषा सिखाने के लिए बोलना, सुनना, पहचानना और पढ़ने-लिखने की प्रारंभिक दक्षताओं के बारे में जानकारी दी।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत सी ओ ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**उरई (जालौन)** सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए नशा मुक्ति के लिए लोगों को प्रेरित किया जाता है जिससे नशा मुक्त प्रदेश बन सके।इसी को लेकर पुलिस क्षेत्र अधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने कोतवाली परिसर में पुलिस कर्मियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए उससे होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। सी ओ ने अपने विचार रखते हुए कहा कि नशा समाज के लिए गम्भीर समस्या बनता जा रहा है इससे ब्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है साथ ही साथ परिवार और सामाजिक व्यबस्था पर भी उसका नकारात्मक प्रभाव होता है उन्होंने कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी कानून व्यबस्था बनाये रखना तो है ही साथ ही साथ समाज में जागरूकता फैलाकर नशा मुक्ति अभियान भी चलाना चाहिए और इसके लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए हमें स्वयं नशे का सेवन नहीं करना है बल्कि हमें आमजन को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना होगा।

# बहेरा सादात में हज़रत अली की शहादत की याद में निकला ताबूत का जुलूस



अवधनामा संवाददाता

- अकीदतमंदों ने पेश की मौला अली को खिराज-ए-अकीदत

**फतेहपुर।** थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र के बहेरा सादात गांव में रमज़ान के पवित्र महीने में इक्कीस रमज़ान के मौके पर हज़रत अली की शहादत की याद में ताबूत का जुलूस बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों अकीदतमंदों ने हिस्सा लेकर गम का इज़हार किया और हज़रत अली को खिराज-ए-अकीदत पेश की।

कार्यक्रम की शुरुआत मजलिस से हुई, जिसमें उलेमा-ए-किराम ने हज़रत अली की ज़िंदगी, उनके किरदार, इंसाफ, बहादुरी और इस्लाम के लिए दी गई कुर्बानियों पर विस्तार से रोशनी डाली। मजलिस के बाद ताबूत का जुलूस मस्जिद जववादिया से निकाला गया, जो गांव के विभिन्न मार्गों से होता हुआ गुजरा। जुलूस में शामिल अजादारों ने नौहा-ख्वानी और मातम करते हुए हज़रत अली की शहादत को याद किया। उलेमा ने बताया कि हज़रत अली का जन्म मक्का शहर में काबा शरीफ के अंदर हुआ था। वह इस्लाम के पैगंबर हज़रत मोहम्मद के चचेरे भाई और दामाद थे। बचपन से ही उन्होंने इस्लाम की शिक्षा प्राप्त की और सबसे पहले इस्लाम कबूल करने वालों में उनका नाम लिया जाता है। हज़रत अली अपनी बहादुरी, इंसाफ और इल्म के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। इस्लाम के शुरुआती दौर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण जंगों में हिस्सा लिया और हमेशा सच और इंसाफ का साथ दिया। उनकी सादगी, न्यायप्रियता और गरीबों के प्रति हमदर्दी के कारण उन्हें मुसलमानों के बीच खास मुकाम हासिल है। उलेमा ने बताया कि हज़रत अली ने लगभग पांच वर्षों तक खिलाफत की जिम्मेदारी संभाली। उनके दौर में न्याय और बराबरी पर आधारित शासन व्यवस्था स्थापित की गई और समाज में अमन व इंसाफ कायम करने की कोशिश की गई।

# कार्यशाला में निपुण भारत और दीक्षा कार्यक्रमों की चर्चा



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला शिक्षा क्षेत्र सादात के जेडी इंटर कॉलेज चैनपुर में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, स्थानीय निकाय के सदस्य तथा परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शामिल रहे। परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्था में सुधार और शैक्षिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. सन्तोष यादव तथा विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी डॉ. सरजीत सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शिक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने डीबीटी, निपुण लक्ष्य और कायाकल्प योजना की अद्यतन प्रगति पर प्रकाश डाला। खंड शिक्षा अधिकारी सीताराम यादव ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के विकास के लिए मिशन प्रेरणा, निपुण भारत और दीक्षा जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कायाकल्प योजना के तहत विद्यालयों में 19 बिंदुओं पर कार्य ग्राम प्रधानों के सहयोग से पूरा कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के पदाधिकारी, एआरपी, सीएम फेलो सहित क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# उद्घाटन समारोह में हुई शिक्षा व संस्कार कर चर्चा

- सिसवा मोड़ पर हुआ सूर्योदय स्टडी प्वाइंट का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**





**भाटपार रानी,देवरिया।** भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के भवानी छापर बाजार से सटे बिहार प्रान्त के सिवान जिले के नौतन प्रखण्ड अंतर्गत सिसवा मोड़ पर सूर्योदय स्टडी प्वाइंट का उदघाटन समारोह पूर्वक हुआ। इस दौरान शिक्षा व संस्कार के महत्व पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए समाजसेवी जटाशंकर सिंह ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को महान बनाती है। शिक्षा के बिना व्यक्ति का जीवन अधूरा है। अतः अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उन्हें समाज व राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने का काम करें। बतौर विशिष्ट अतिथि सम्बोधित करते हुए मां विंध्यवासिनी पैरामेडिकल कॉलेज गोरखपुर की संचालिका व प्रसिद्ध समाजसेविका श्रीमती गिरिजा त्रिपाठी निर्भीक ने कहा कि शिक्षा के साथ -साथ संस्कार भी जरूरी है। जिस शिक्षा में संस्कार नहीं, वह बेकार है। उन्होंने बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जब कोई लड़की शिक्षित होगी तो उसका लाभ दो-दो परिवारों सहित पूरे समाज को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज लड़कियां शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज, राजनीति सहित हर क्षेत्रों में अपना मुकाम बना रही हैं। बेटियां किसी भी मायने में बेटों से कम नहीं हैं। इसलिए उनका उचित मार्गदर्शन व शिक्षा जरूरी है। श्रीमती त्रिपाठी ने शिक्षा व संस्कार पर लम्बा व्याख्यान देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को आराम नहीं करना चाहिए। उन्हें अपने रूप को संवारने में नहीं, बल्कि ज्ञान को संवारने में समय व्यतीत करनी चाहिए। कवि, शायर, पत्रकार व समाजिक चिन्तक मकसूद भोपतपुरी ने कहा कि पढ़-लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, नेता आदि बनना आसान है, लेकिन एक सच्चे इंसान बनना बहुत कठिन है। जो शिक्षा मनुष्य को इंसानियत से दूर रखती है, वह बिल्कुल बेकार है। अतः गरीबों, असहायों, जरूरतमन्दों की मदद करना, भूले-भटकों को सही राह दिखाना, माता-पिता व गुरु का सम्मान करना, अपने वतन से प्रेम करना, बुराइयों से दूर रहना ही शिक्षा का मूल उद्देश्य है। कथावाचक पं0 वेदप्रकाश मिश्र ने कहा कि आज के गुरूओं द्वारा ऐसा शिक्षा दिया जाना चाहिए, जिससे छात्र-छात्राओं के अंदर राम, लक्ष्मण, भरत, सीता, सावित्री, श्रवण कुमार आदि का आदर्श पैदा हो। लोकगायक सुबाष यादव ने गीत प्रस्तुत किया। संस्था के प्रबन्धक चन्दन जायसवाल ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां बेहतर शिक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम को मुख्य रूप से मुखिया हवलदार अंसारी, पूर्व मुखिया अशोक यादव, पुनीत लाल श्रीवास्तव, अजय कुशवाहा, आदर्श सिंह, दिलीप सिंह, केशव पटेल, कुमकुम शाह, चांदनी जायसवाल आदि ने सम्बोधित किया। यहां मुख्य रूप से समाजसेवी मोहन त्रिपाठी, स्वामीनाथ जायसवाल, मनोज जायसवाल, राजन सिंह, विजय सिंह पप्पू मिश्र, रिंकू सिंह, ईश्वर सिंह, राघव सिंह, चन्द्रमा सिंह, राजन सिंह, पम्मम सिंह, वीनित सिंह, डॉ विजय सक्सेना, चन्दन जायसवाल, राकेश मिश्र, सिकी मिश्र, शमशेर अली, सुधा गुप्ता, खुशबू गुप्ता, रीमा श्रीवास्तव, पायल जायसवाल, अम्बुज शर्मा, तनु श्रीवास्तव नीलम साहनी, राबिया, साबिया, नेहा, मुस्कान, अख्तरी आदि मौजूद रहे।

## दावत-ए-इफ्तार में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब

**भाटपार रानी, देवरिया।** भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के रहीमपुर गांव में गुरुवार की शाम दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों धर्म के लोगों ने एक साथ मिलकर इफ्तार किया। इससे मुल्क की गंगा जमुनी तहजीब झलक उठी। इस दौरान मुल्क की सलामती व भाईचारगी की दुआएं मांगी गई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि घनश्याम गुप्ता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से आपसी प्रेम,सद्भाव व भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। यह कार्यक्रम हर साल होते रहना चाहिए। कवि,शायर व पत्रकार मकसूद भोपतपुरी ने कहा कि रमजान नेकियों, बरकतों व मेल-मिलाप का महीना है। हमारे देश में सभी जाति-धर्म के लोग एक दूसरे के पर्व में शरीक होकर खुशियों में इजाफा करते हैं। यही हिंदुस्तान की खूबसूरती है। प्रबन्धक रुस्तम अंसारी ने कहा कि इफ्तार कराना एक सवाब का काम है। कार्यक्रम के संयोजक गफूर अंसारी ने आए हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। यहां मुख्य रूप से डॉ शकूर अंसारी,असगर अंसारी,कौलेश्वर गुप्ता, मुहम्मद्दीन, तईब,सुब्हान, नूर आलम, मैनुद्दीन, यूसुफ, इमरान, सनवर, कासिम,असलम, शरफुद्दीन, फिरोज, अमीर, निजामुद्दीन,मु0 मुस्ताक, ईशा मुहम्मद, दिल मुहम्मद, अब्दुल कादिर, आबिद, तैय्यब, वकील, ताहिर आदि मौजूद रहे।

# अलविदा जुमा पर जुलूस से दूर रहने की अपील

**अवधनामा संवाददाता**

- इबादत करें, जुलूस से दूर रहें : एआइपीएमएम
- शिक्षा-रोजगार पर ध्यान देने की सलाह

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमंदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) ने अलविदा जुमा के अवसर पर पसमंदा मुस्लिम समाज से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की है। संगठन की ओर से कहा गया है कि इस समय रमज़ान 1447 हिजरी का पवित्र महीना चल रहा है और 13 मार्च 2026 (शुक्रवार) को अलविदा जुमा मनाया जा सकता है, हालांकि चांद दिखाई देने की स्थिति में यह 20 मार्च को भी हो सकता है। इस अवसर पर कुछ स्थानों पर यौम-अल-कुद्स के नाम से कार्यक्रम, जुलूस, रैलियां या प्रदर्शन आयोजित होने की संभावना जताई जा रही है, जो फिलिस्तीन के समर्थन और मध्य-पूर्व की स्थिति से जुड़े होते हैं।

महाज़ की ओर से जारी अपील में कहा गया है कि हालिया अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों, विशेषकर ईरान से जुड़े संघर्षों के कारण शिया समुदाय में गहरा दुख और आक्रोश है, जो एक स्वाभाविक भावनात्मक प्रतिक्रिया है। इसके बावजूद संगठन ने पसमंदा मुस्लिम समाज के लोगों से अपील की है कि वे किसी भी जुलूस, रैली, प्रदर्शन या सड़क पर होने वाली गतिविधियों से दूर रहें और अलविदा जुमा के दिन मस्जिदों में नमाज़ अदा कर इबादत में शामिल हों तथा दुआ करने के बाद शांतिपूर्वक अपने घर लौट जाएं।

संगठन का कहना है कि वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक माहौल काफी संवेदनशील है, जहां छोटी-सी घटना भी बड़े विवाद या हिंसा का रूप ले सकती है। ऐसे हालात में सबसे अधिक नुकसान गरीब और मेहनतकश वर्ग को उठाना पड़ता है। कई बार निर्दोष लोग भी पुलिस कार्रवाई या कानूनी मामलों में फंस जाते हैं, जिससे लंबे समय तक अदालतों के चक्कर लगाने पड़ते हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

महाज़ ने यह भी कहा कि यौम-अल-कुद्स मुख्य रूप से मध्य-पूर्व की राजनीति और फिलिस्तीन-इज़राइल से जुड़े मुद्दों से संबंधित है। भारत के मुसलमानों का इससे भावनात्मक जुड़ाव हो सकता है, लेकिन पसमंदा समाज का इससे प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। ऐसे में समाज को अपने वास्तविक मुद्दों जैसे शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

अपील में यह भी कहा गया है कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब लोग शिक्षा, कौशल विकास और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रयास करें। विवादास्पद प्रदर्शनों में शामिल होने से समय और ऊर्जा का नुकसान होता है, जिससे समाज के विकास की प्रक्रिया प्रभावित होती है। संगठन ने लोगों से देश में शांति, भाईचारा और कानून के सम्मान को बनाए रखने का भी आह्वान किया है।

महाज़ ने वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्य-पूर्व में चल रहे संघर्षों के कारण दुनिया के कई देशों में ऊर्जा संकट की स्थिति बन रही है। तेल और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी का असर पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस सहित रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ सकता है। ऐसे समय में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को और अधिक सावधानी और संयम बरतने की आवश्यकता है।

संगठन ने अंत में पसमंदा मुस्लिम समाज से अपील की है कि वे किसी भी उकसावे या भावनात्मक माहौल में आकर ऐसे कदम न उठाएं जिससे समाज, परिवार या देश को नुकसान पहुंचे। अलविदा जुमा के इस मुबारक मौके पर संगठन ने दुआ की कि अल्लाह तआला सभी को अमन, हिदायत, तरक्की, एकता और सब्र अता फरमाए तथा पूरी दुनिया में शांति कायम हो।

## दो महिला चोर गिरफ्तार, चोरी के जेवरात व पांच हजार नगद बरामद

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** थाना देवगांव - वादी श्री ओमप्रकाश तिवारी पुत्र रामनारायण निवासी ग्राम कलिचाबाद थाना देवगांव जनपद आजमगढ़ द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि वर्मा आभूषण गिरिश सेठ की दुकान पर एक अज्ञात महिला द्वारा वादी की जेब से ?53,000 निकाल लिया गया। इस सम्बन्ध में थाना देवगांव पर मु0अ0सं0 012/26 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 विनय कुमार सिंह द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 16.02.2026 को जिवली तिराहा के पास टेम्पो में सवार दो अज्ञात महिलाओं द्वारा एक महिला के बैग से गहने व रुपये चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिसके आधार पर थाना देवगांव पर मु0अ0सं0 089/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 गौरव कुमार सिंह द्वारा की जा रही है। उ0नि0 विनय कुमार सिंह मय उ0नि0 गौरव कुमार सिंह, का0 विनोद कुमार व म0का0 प्रियंका मिश्रा के साथ क्षेत्र में मौजूद थे, तभी गुंजन मौर्या द्वारा सूचना दी गयी कि उसके गहने चोरी करने वाली दो महिलाओं को कबीरा पुलिया पर पकड़ लिया गया है, जिन्हें इस समय ऑटो चालक पप्पू यादव व उसके पुत्र हिमांशु मौर्या द्वारा रोककर रखा गया है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुँची, जहाँ दो महिलाएँ मौजूद मिलीं। म0का0 प्रियंका मिश्रा द्वारा दोनों महिलाओं की तलाशी ली गयी तथा पूछताछ में उन्होंने अपना नाम-1. लक्ष्मी पत्नी मिथुन निवासी ग्राम डोमापार थाना गोसाईगंज जनपद सुल्तानपुर 2. पूजा पत्नी सूरज निवासी ग्राम अकारीपुर थाना धमौर जनपद सुल्तानपुर बताया।

# पहली बार जनगणना होगी पूर्ण डिजीटल मोड में

- जिसमें स्व-गणना का भी होगा प्राविधान, एडीएम ने ली बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जनगणना-2027 के कार्यन्वयन एवं संचालन की आयोजित कार्याशाला के दौरान कहा कि जनगणना दो चरणों में सम्पन्न करायी जाएंगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना-मई-जून, 2026 में 30 दिनों की अवधि। जिसमें घर पर सूचीकरण में सभी भवनों, घरों, झुग्गियों की सूचीबद्धता। प्रत्येक घर में रहने वाले परिवारो का विवरण लिया जायेगा तथा डिजिटल सग्रहण में गणनाकर्ता मोबाइल एप पर डाटा दर्ज करेंगें तथा नागरिक स्वतः भी गणना कर सकेंगें।

उन्होनें कहा कि दूसरे चरण में जनसंख्या और जाति की गणना जो 9 से 28 फरवरी, 2027 तक होगी। जिसमें व्यक्गित गणना में प्रत्येक व्यक्ति का नाम, उम्र, लिंग आदि व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित की जाएगी तथा आर्थिक एव सामाजिक आंकड़ों में कार्यरत एव बेरोजगार व्यक्तियों की स्थिति, उद्योग, व्यवसाय आदि की स्थिति के आंकड़े एकत्रित किये जायेगें। कहा कि पहली बार जनगणना-2027 पूरी तरह से डिजिटल मोड में आयोजित की जायेगी, जिसमें स्व-गणना का भी प्राविधान होगा। इसके अतिरिक्त, दूसरे चरण के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की जाति से सम्बन्धित डेटा भी एकत्र किया जायेगा। जनगणना-2027 में जनसंख्या, शिक्षा, रोजगार, आवास आदि आंकड़े प्राप्त होगें, जो नीति-निर्माण एवं संसाधन आवंटन का आधार बनेंगें। उन्होनें जनगणना की विशेषतायें बताते हुए कहा कि डिजिटल घर सूचीकरण में नागरिक स्वंय मोबाइल एप द्वारा परिवार का विवरण ऑनलाइन भर सकेंगें। जातिगत गणना में सामाजिक न्याय एवं समानता हेतु विस्तृत जाति आधारित आकड़े एकत्रित किये जायेगें। विशेष प्राविधान में प्रवासी श्रमिकों, आदिवासी क्षेत्रों एवं शहरी झुग्गीवासियों हेतु विशेष रूप से प्राविधान किया गया है। उन्होनें कहा कि जनगणना 2027 की तैयारियों के संबधं में विस्तृत दिशा-निर्देश तथा जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूची करण एवं मकानों की गणना कार्य हेतु जनपद में तैनात समस्त प्रशासनिक अधिकारियों का प्रशिक्षण पूर्ण कराए जाने के संबधं में निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में समस्त तहसीलदार व अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी द्वारा जनगणना कार्य देख रहे कर्मियों को जनगणना प्रतिनिधि अंशु शाहू, शशमीता द्विवेदी, व मृदुल मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में उपजिलाधिकारी छिबरामऊ ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर रेशमा सहाय, नवनीता राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## देश बदहाल व्यवस्था के लिए भाजपा जिम्मेदारः प्रज्ञानन्द चौधरी

**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)** समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता व जिलाउपाध्यक्ष प्रज्ञानन्द चौधरी ने प्रदेश मे गहरा ये एलपीजी गैस संकट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की आज शादी व रमजान के मौके पर देश मे गैस संकट भारतीय जनता पार्टी के कुप्रबंधन व विदेशनीति की कलयी खोलने के लिए पर्याप्त है। मुंह से तो भारतीय जनता पार्टी का डंका पुरे विश्व मे बज रहा है पर जमीन पर एक एक कर सारी व्यवस्थाएं धराशायी हो गयी हैं। भारतीय जनता पार्टी के कुप्रबंधन व दोषपूर्ण नीतियों का खामियाजा पुरा देश भुगत रहा है। श्री चौधरी ने कहा की अधिकतर गैस एजेंसियों पर नो स्टाक का बोर्ड लग गया है और भाजपा के झुठ स्टाक कम हि नही हो रहा। श्री चौधरी ने तत्काल गैस के बढे हुए दाम वापस लेने व सुचारु ढंग से गैस वितरण की मांग की है।

## जमीनी विवाद में महिला को पीटा, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के ग्राम बिर्रा निवासी वंदना पुत्री श्याम सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बुधवार की सुबह 08 बजे वह अपने घर के बाहर कण्डा पाथने के विवाद को लेकर गांव की ही गिरिजा देवी, कांति, बृजमोहन, नीलेश आये और गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## चार पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना मऊ दरवाजा के मोहल्ला पचपुखरा निवासी लोकेंद्र शाक्य पुत्र श्री कृष्णा शाक्य द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 07 मार्च की रात्रि नगर के मोहल्ला रामगंज में उसकी बहन रजनी शाक्य को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करना एवं पति अंकित, सांस मिथिलेश कुमारी, जेठ प्रशांत, जेठानी नीरज द्वारा मारपीट की गई तथा दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी बहन को फांसी लगाकर जान से मार डाला। पीडित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मार्ग दुघर्टना में घायल युवक की इलाज दौरान हुई मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** जनपद गौतम बुद्ध नगर के थाना जेवर के ग्राम चिरौली निवासी लोकेश पुत्र चुन्नी सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 18 जनवरी को 12 बजे अपने वाहन द्वारा एटा से बिल्हौर जा रहे उसके भाई मगन कुमार क्षेत्र के ग्राम डुंडवा बुजुर्ग के सामने हाईवे पर गाड़ी के टायर चेक कर रहा था। तभी हाईवे पर अज्ञात वाहन द्वारा उसके भाई मगन कुमार व कान्हा पुत्र चंद्रपाल निवासी भालई थाना खुरोट जिला मथुरा के टक्कर मार दी गई। जिससे उसका भाई मंगन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी इलाज दौरान मृत्यु हो गई। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

# हेल्पलाईन नंबरों की मदद लेकर करें शिकायत

- एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत दी शासन के योजनाओं की जानकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी एवं अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम द्वारा नगर में भ्रमण कर महिलाओं को एकत्रित करके जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें महिला संबंधी होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिये जागरूक करते हुये महिला संबंधी सभी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

गुरूवार को उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली की एंटी रोमियो टीम की आरक्षियों मनीषा, रेनू, प्रियंका आदि ने नगर के जीटीरोड, तिर्वारोड, रेलवे रोड, रेलवे स्टेशन सहित सार्वजनिक स्थलों पर आने जाने बाली महिलाओं व छात्राओं को एकत्रित कर उन्हें मिशन शक्ति के उद्देश्यों, महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों, एंटी रोमियो टीम की भूमिका तथा महिला उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए सोशल मीडिया, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल/लिंक एवं डिजिटल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं सुमंगला योजना के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उद्देश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

# भाजपा सरकार में व्यापारियों का हित व सम्मान सुरक्षित है : मुकुंद मिश्रा

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार व्यापारियों के साथ हमेशा खड़ी रही है। योजनाओं के माध्यम से भाजपा सरकार ने व्यापारियों के हित में कार्य किया है।

गुरुवार को पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता के आवास पर पहुंचे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा एवं मंडल प्रदेश कार्यालय प्रभारी/व्यापारी कल्याण बोर्ड सदस्य भारत सरकार सुनील पाण्डेय का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा की व्यापारी पूरी ईमानदारी के साथ निष्ठा पूर्वक संगठन के हित में काम करें। हमें संगठन को मजबूत बनाना है। प्रदेश कार्यालय प्रभारी एवं भारत सरकार कल्याण बोर्ड के सदस्य सुनील पांडेय ने कहा कि वर्तमान सरकार व्यापारियों के हित में काम कर रही है। व्यापारियों को किसी भी समस्या के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं। व्यापारियों की हर समस्या का समाधान उसका संगठन और पदाधिकारी हैं। इस दौरान मुख्य रूप से अनुराग गुप्ता, संयुक्त जिला महासचिव संजीव कुमार गुप्ता, भूरा कठेरिया आदि ने मुकुंद मिश्रा एवं सुनील पांडे को प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

# डीएम के विशेष अभियान से मूसहर बस्तियों में पहुँची सरकारी योजनाएँ

**अवधनामा संवाददाता**



- 153 के जन्म प्रमाण पत्र, 53 के आधार कार्ड; 64 को आवासीय पट्टा और 21 को मिला मुख्यमंत्री आवास

**देवरिया।** समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देशन में विकासखंड पत्थरदेवा के ग्राम मलवाबर, सुंदरपुर व आनंदनगर में रहने वाले मूसहर समुदाय के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में इन ग्रामों में प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का विशेष कैंप आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मूसहर समाज के लोगों को जरूरी दस्तावेज और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक भी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसके लिए प्रशासनिक टीम गांव-गांव जाकर ऐसे परिवारों की पहचान कर रही है, जो अब तक किसी कारणवश सरकारी योजनाओं से वंचित रहे हैं। जिन लोगों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं, उनके लिए विशेष कैंप लगाकर जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज बनवाए जा रहे हैं, ताकि वे शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

अभियान के तहत अब तक 153 लोगों के जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं, जबकि गोरखपुर से आई विशेष टीम द्वारा लगाए गए आधार कैंप में 53 लोगों के आधार कार्ड बनाए गए। इसके अलावा 64 लोगों को आवासीय पट्टे स्वीकृत किए गए हैं तथा 21 पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है। साथ ही बड़ी संख्या में पात्र व्यक्तियों की पेंशन भी स्वीकृत की गई है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी श्रुति शर्मा ने ग्रामीणों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर लगाए जा रहे इन कैंपों के माध्यम से मूसहर समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कैंप में राजस्व एवं विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे और मौके पर ही कई समस्याओं का निस्तारण करते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ा गया।

# हाईवे पर बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** नवाबगंज हाईवे पर शहाबपुर गांव के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवकों को कुचल दिया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो अन्य युवक घायल हो गए।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाबगंज के तजिया गांव स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में शामिल होने के बाद चार युवक एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। सोमवार रात करीब 11:30 बजे नवाबगंज से सोरांव जाने वाले बाईपास पर शहाबपुर गांव के पास एक अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

इस हादसे में थरवई थाना क्षेत्र के तकिया गारापुर निवासी पंकज पटेल (18) पुत्र चंद्रभूषण पटेल और कादीपुर सुपराबारी निवासी ज्ञान चंद्र पटेल (26) की मौके पर ही मौत हो गई। नीरज समेत दो अन्य युवक घायल हुए हैं। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़िहार ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में स्वरूप रानी अस्पताल, प्रयागराज रेफर कर दिया गया। नवाबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत हुई है और दो का इलाज जारी है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अवैध मादक पदार्थों की तस्करी का बड़ा भंडाफोड़

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जिले में एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी का बड़ा भंडाफोड़ किया है। Uttar Pradesh Special Task Force (एसटीएफ) लखनऊ टीम और गम्भीरपुर पुलिस ने मिनी कंटेनर ट्रक से लगभग 353.990 किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की कीमत करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़ से भारी मात्रा में गांजा लेकर एक मिनी कंटेनर ट्रक आजमगढ़ की ओर आ रहा है। सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम प्रभारी उपनिरीक्षक फैजुद्दीन सिद्दीकी तथा गम्भीरपुर थाना प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने अमौड़ा टोल प्लाजा के पास वाहन चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान मिनी कंटेनर ट्रक संख्या P-79 AT-9418 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में ट्रक के अंदर बनाई गई प्लास्टिक की गुप्त कैविटी से 14 बोरियों में छिपाकर रखा गया 353.990 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इसके बाद चालक राजीव कुमार यादव (38 वर्ष) निवासी ग्राम सुरैंदा फूलपुर थाना अजीतमल, जनपद औरया को सुबह करीब 7:30 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह रायपुरr और आसपास के इलाकों से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सप्लाई करता था। पुलिस से बचने के लिए वह मिनी कंटेनर ट्रकों में गुप्त कैविटी बनाकर प्लास्टिक की बोरियों में गांजा छिपाकर ले जाता था, ताकि सामान्य चेकिंग में पकड़ा न जा सके। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन, 850 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त मिनी कंटेनर ट्रक भी बरामद किया है। इस मामले में थाना गम्भीरपुर में मु0अ0सं0 71/2026 के तहत धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार तस्कर का आपराधिक इतिहास भी है और उसके खिलाफ जौनपुर तथा औरैया में एनडीपीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट और अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई में एसटीएफ लखनऊ टीम के साथ गम्भीरपुर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सिन्धीलाल सोनकर, उपनिरीक्षक त्रिभुवन प्रसाद सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।

# एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल है भुवनेश्वर

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

भारत के ओडिशा राज्य की राजधानी भुवनेश्वर, एक अद्भुत मिश्रण है प्राचीन इतिहास, समृद्ध संस्कृति और आधुनिकता का। यह शहर भारतीय वास्तुकला, धर्म और सांस्कृतिक धरोहर का एक प्रमुख केंद्र है। भुवनेश्वर को मंदिरों का शहर भी कहा जाता है क्योंकि यहां 1000 से अधिक मंदिरों का इतिहास है। यही कारण है कि यह स्थल धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन के लिए भी आदर्श स्थान बन चुका है।

भुवनेश्वर का इतिहास बहुत पुराना है और यह प्राचीन काल में कटक नामक स्थान के रूप में जाना जाता था। यह शहर मौर्य और गुर्जर-प्रतिहार साम्राज्य के तहत एक प्रमुख राजनीतिक और धार्मिक केंद्र था। यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर और पुरातात्त्विक स्थल पर्यटकों को भुवनेश्वर के समृद्ध अतीत से परिचित कराते हैं।

**प्रमुख आकर्षण**

**1. लिंगराज मंदिर**

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। लिंगराज मंदिर को भुवनेश्वर का गौरव माना जाता है और यह स्थान धार्मिक पर्यटकों के लिए एक प्रमुख स्थल है।

**2. राजारानी मंदिर**

राजारानी मंदिर का नाम राजारानी (राजा + रानी) से लिया गया है, क्योंकि यह मंदिर एक खास प्रकार की लाल-संगमरमर की पत्थर से बना है। यह मंदिर भारतीय वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है और इसमें उत्कृष्ट शिल्पकला की छाप दिखाई देती है।

**3. उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएं**

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएं



भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में स्थित हैं। ये गुफाएं प्राचीन जैन धर्म के साधुओं द्वारा बनाई गई थीं। यहां आप विभिन्न प्रकार की मूर्तियों और चित्रकला का अवलोकन कर सकते हैं। यह स्थल इतिहास प्रेमियों और शांति की तलाश करने वालों के लिए आदर्श स्थल है।

**4. धवलगिरी और बौद्ध धरोहर स्थल**

भुवनेश्वर के आस-पास कई बौद्ध स्थलों का भी महत्व है। धवलगिरी और अन्य बौद्ध स्थल यहां के इतिहास और संस्कृति के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। बौद्ध धर्म के अनुयायी इन स्थलों को तीर्थ स्थल के रूप में मानते हैं।

**5. नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क**

भुवनेश्वर के बाहर स्थित नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह पार्क वन्यजीव प्रेमियों और परिवारों के लिए एक बेहतरीन जगह है। यहां आपको विभिन्न प्रकार के वन्यजीव, पक्षी, और जंगल की हरियाली देखने को मिलती है। नन्दनकानन में एक प्रसिद्ध सफारी भी है, जो पर्यटकों को जंगल के करीब ले जाती है।

**सांस्कृतिक धरोहर और कला**

भुवनेश्वर में ओडिया संस्कृति और कला का गहरा प्रभाव है। यहाँ के शिल्पकला, संगीत, नृत्य, और लोक कला का प्राचीन इतिहास है। ओडिया नृत्य और संगीत के प्रमुख रूपों में ओडिसी नृत्य और संगीत को विशेष स्थान प्राप्त है। भुवनेश्वर के स्थानीय कलाकारों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आप ओडिया संस्कृति की गहरी समझ प्राप्त कर सकते हैं।

**भुवनेश्वर में शॉपिंग**

भुवनेश्वर में शॉपिंग भी एक शानदार अनुभव है। यहां के बाजारों में ओडिशा के प्रसिद्ध हस्तशिल्प, जैसे पटोला साड़ियाँ, कांसा बर्तन, और लकड़ी की मूर्तियाँ आसानी से मिल जाती हैं। इन बाजारों में आपको ओडिया शिल्पकला का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

**यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय**

भुवनेश्वर जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक है, जब मौसम ठंडा और सुखद रहता है। गर्मियों में यहां का तापमान काफी बढ़ सकता है, जिससे यात्रा में कुछ कठिनाइयां हो सकती हैं।

भुवनेश्वर एक ऐसा पर्यटन स्थल है जो इतिहास, संस्कृति, और प्राकृतिक सौंदर्य को एक साथ प्रस्तुत करता है। यहां की धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों, और सांस्कृतिक गतिविधियों के कारण यह स्थान पर्यटकों के बीच एक अद्भुत आकर्षण बन चुका है। चाहे आप धार्मिक यात्रा पर हों या एक सांस्कृतिक अनुभव की तलाश में, भुवनेश्वर हर तरह के पर्यटकों के लिए उपयुक्त है।

# नॉर्थ ईस्ट इंडिया की इन शानदार जगहों को करें एक्सप्लोर



## एडवेंचर एक्टिविटी का उठा सकेंगे लुत्फ

नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना है, जब देश के कई राज्यों में तेज गर्मी होने लगती है। ऐसे में लोग गर्मी से बचने के लिए हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसी जगहों पर घूमने के लिए जाते हैं। लेकिन नॉर्थ ईस्ट इंडिया को भूल जाते हैं। बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने दोस्तों, पार्टनर या फिर परिवार के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में नॉर्थ ईस्ट इंडिया की किसी खूबसूरत और ठंडी जगह घूमने जाना चाहते हैं, तो आप नॉर्थ सिक्किम पहुंच सकते हैं। नॉर्थ सिक्किम पूर्व भारत के टॉप डेस्टिनेशन्स में से एक है। हालांकि यह जगह पड़ोसी देश चीन की सीमा के पास स्थित है। इसलिए यहां पर घूमने के लिए एक विशेष परमिट की आवश्यकता होती है। नॉर्थ सिक्किम में आप लाचुंग, युमथांग घाटी, नाथुला दर्रा, लाचेन, त्सोमो झील और गुरुडोंगमार झील जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### शिलांग

शिलांग मेघालय की राजधानी है और यह समुद्र तल से करीब 5 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। पूर्व भारत में शिलांग को बहुत सारे लोग %पूर्व का स्कॉटलैंड% भी बोलते हैं।

शिलांग में ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए अप्रैल में हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर आप शिलांग पीक, शिलांग गोल्फ कोर्स, एलीफेंट फॉल्स और वार्ड्स लेक जैसी शानदार और खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### गंगटोक

इसके साथ ही सिक्किम की राजधानी गंगटोक भी एक बेहद खूबसूरत जगह है। यहां पर हर साल हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक आते हैं। वहीं अप्रैल के महीने में यहां का तापमान करीब 15 एष्ट से 20 एष्ट के बीच रहता है।

गंगटोक में आप प्राकृतिक सुंदरता के साथ आकर्षक दृश्यों का भी लुत्फ ले सकते हैं। गंगटोक से आप दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा की खूबसूरती को देख सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

### चेरापूंजी

नॉर्थ ईस्ट इंडिया के मेघालय राज्य में अगर आप ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के साथ सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको चेरापूंजी जाना चाहिए। यह जगह दुनियाभर में सबसे ज्यादा बारिश के लिए फेमस है। इसलिए यहां पर सालों साल मौसम ठंडा रहता है।

वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए चेरापूंजी स्वर्ग से कम नहीं है। चेरापूंजी में आप मावस्मई गुफा, नोहकलिकाई झरना और डबल डेकर लिविंग रूट ब्रिज जैसी जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

### आसपास घूमने की जगहें

बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया में और भी कई शानदार और बेहतरीन जगहें हैं। जहां पर आप घूम सकते हैं। आप अरुणाचल प्रदेश में तवांग, जीरो वैली असम में माजुली द्वीप और मानस राष्ट्रीय उद्यान और मेघालय में मावलिननॉन्ग आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# मसिनागुडी के हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है



मसिनागुडी, जो तमिलनाडु राज्य के ओट्टी जिले में स्थित है, एक बेहद खूबसूरत और शांति प्रदान करने वाला स्थल है। यह स्थान मुख्य रूप से अपनी प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीवों और पर्वतीय दृश्यावलियों के लिए प्रसिद्ध है। मसिनागुडी का स्थान नीलगिरि पहाड़ियों के बीच है, जो इसे एक आदर्श स्थल बनाता है प्रकृति प्रेमियों, साहसिक पर्यटकों और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए। यहां का शांत वातावरण, हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है। आइए जानते हैं मसिनागुडी के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य**

मसिनागुडी का सबसे प्रमुख आकर्षण बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य है, जो भारत के सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है। यह अभयारण्य मसिनागुडी के पास स्थित है और यहां विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों को देखा जा सकता है। यहां बाघ, हाथी, तेंदुआ, तिहुंनी, जंगली सुअर, विभिन्न प्रकार के पक्षी और कीट प्रजातियां पाई जाती हैं। वन्यजीव प्रेमियों के लिए यह एक आदर्श स्थल है। यहां स्ड्डद्धड्डह्लद्धह्य भी आयोजित की जाती हैं, जो पर्यटकों को जंगल के बीच रोमांचक अनुभव प्रदान करती हैं।

**2. मसिनागुडी जंगल सफारी**

मसिनागुडी में जंगल सफारी का अनुभव बहुत खास होता है। यहां पर आपको जंगल के बीच घूमते हुए वन्यजीवों के दर्शन हो सकते हैं। इन सफारियों के दौरान आप बंदिपुर राष्ट्रीय उद्यान, मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य और अन्य आस-पास के वन क्षेत्र का दौरा करते हैं। सफारी के दौरान आपको बाघ, हाथी, गैंडे, चिंकारा, तेंदुआ आदि जानवरों को प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलता है। यह अनुभव एक साहसिक और रोमांचक यात्रा होती है।

**3. मुदुमलाई नेशनल पार्क**

मसिनागुडी के पास स्थित मुदुमलाई नेशनल पार्क, एक और प्रमुख वन्यजीव अभयारण्य है, जो पर्यटकों को वन्यजीवों के करीब लाता है। यह पार्क विभिन्न प्रकार की वन्यजीवों और पक्षियों का घर है। यहां की हरे-भरे जंगल, जलप्रपात, और पर्वतीय दृश्य इसे एक शानदार पर्यटन स्थल बनाते हैं। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और बोटिंग का भी आनंद ले सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो प्रकृति और वन्यजीवों से जुड़ा अनुभव चाहते हैं।

**4. सिंहपुरा जलप्रपात**

सिंहपुरा जलप्रपात मसिनागुडी का एक प्रमुख आकर्षण है। यह जलप्रपात नीलगिरि की पहाड़ियों से गिरता हुआ बहुत ही आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करता है। यहां की ठंडी हवा, बहते पानी की आवाज़ और आसपास का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह स्थान ट्रैकिंग और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए आदर्श है। जलप्रपात के पास पहुंचने के लिए थोड़ी कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है, जो इसे और रोमांचक बनाती है।

**5. कोल्लीमाला हिल्स**

कोल्लीमाला हिल्स, मसिनागुडी के आसपास एक और खूबसूरत स्थल है। यहां की पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करने से आपको पूरे क्षेत्र का शानदार दृश्य दिखाई देता है। इस स्थल पर आपको शांति और एकांत का अनुभव मिलेगा, जो शहर की हलचल से दूर एक सुकून भरा समय बिताने के लिए आदर्श है।

# पांडव फॉल बारहमासी झरना है, रहस्यपूर्ण वातावरण प्राचीन गुफाएं महाभारत से रखती हैं ताल्लुक

देश में बाघों की संख्या अब दिन प दिन कम होती जा रही है। बाघों को देने के लिए आज जनता जो एडवेंचर और वाइल्ड लाइफ की शौकीन है वह जंगलों की सफारी के लिए जाते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आप पन्ना टाइगर रिजर्व जा सकते हैं। यह जगह सर्दियों में किसी स्वर्ग से कम नहीं लगती। घने जंगल और बेहतरीन आलीशान रिजॉर्ट पर्यटकों को अपनी ओर खींच लाते हैं। पन्ना आकर आप सफारी राइड तो कर ही सकते हैं साथ ही यहां एक रहस्यमय जगह है जिसका नाम हैं पांडव की गुफाएं एवम् जलप्रपात यह जगह जंगल के अंदर बीचोबीच में हैं। यह स्थान पन्ना टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में स्थित एक खूबसूरत जगह है। यह स्थान प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों से युक्त है। यहां एक खूबसूरत झरना है। पांडव जलप्रपात की ऊंचाई 30 मीटर है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा बेहद मनोरम होता है। जैव विविधता की



दृष्टि से यह क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। यहां कई औषधीय पौधे पाए जाते हैं। जो मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

**पांडव जलप्रपात की खूबसूरती**

पांडव जलप्रपात झरने का पानी मध्य प्रदेश में स्थित केन नदी की एक सहायक नदी से आता है। यह एक बारहमासी झरना है, बारिश के मौसम में झरने का वेग बढ़ जाता है। पांडव जलप्रपात का पानी नीचे स्थित एक विशाल जलकुंड में गिरता है, जलकुंड का आकार दिल जैसा दिखता है। जलकुंड का पानी साफ होने के कारण मछलियां साफ दिखाई देती हैं। पांडव जलप्रपात हरे-भरे जंगलों से घिरा हुआ है। पांडव गुफा और पांडव जलप्रपात की शांति, पवित्रता और यहां का मनोरम वातावरण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय क्या है?**

पांडव जलप्रपात मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में स्थित सबसे लोकप्रिय दर्शनीय स्थलों में से एक है, जहाँ दुनिया भर से पर्यटक आते हैं। सर्दियों और मानसून के मौसम को पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि इस दौरान यह क्षेत्र स्वस्थ जल प्रवाह के साथ घनी हरियाली से भरा रहता है। नीचे मौसमी विवरण दिया गया है जो पर्यटकों को पांडव जलप्रपात की यात्रा की योजना बनाने में मदद करेगा।

**प्रचलित कथा-** पांडव गुफा के बारे में जब जुए में पराजित होने के बाद पांडवों को हस्तिनापुर से निकाल दिया गया था। तब वे अज्ञातवास के समय यहां गुप्त रूप से निवास करते थे। उन्होंने इस झरने के पास एक गुफा में शरण ली थी और आपने हथियार रखे थे। इस घटना के बाद से इसका नाम पांडव फॉल और पांडव गुफा पड़ा।

# खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन पर जाएं घूमने, बिता सकेंगे यादगार पल

अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में तापमान आसमान छूने लगता है। अप्रैल के महीने में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। तो वहीं कई लोग ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में घूमने के लिए जाते हैं, तो कुछ उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लेह लद्दाख जैसी जगहों पर पहुंचते हैं। ऐसे में अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिता सकते हैं।

रिकांग पिओ समुद्र तल से करीब 7 हजार से भी अधिक फीट ऊंचाई



पर मौजूद है। यहां पर भीषण गर्मी में भी तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच रहता है। रिकांग पिओ में आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**मुनस्यारी**

अगर आप उत्तराखंड की हसीन वादियों में सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको अपने पार्टनर के साथ मुनस्यारी पहुंच जाना चाहिए। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित मुनस्यारी एक हसीन और शानदार हिल स्टेशन है। यहां पर आपको घने जंगल, बादलों से ढके पहाड़, झील-झरने और ठंडी हवाओं में आप सुकून और शांति के पल बिता सकते हैं। यहां पर कई कपल्स हनीमून के लिए पहुंचते हैं। मुनस्यारी में आप खलिया टॉप, नंदा देवी मंदिर, बिर्थी जलप्रपात और थमरी कुंड जैसी शानदार जगहों पर घूम सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**सोनमर्ग**

वैसे तो जम्मू-कश्मीर की हर जगहें पर्यटकों को खूब आकर्षित करती हैं। इसलिए ही जम्मू-कश्मीर को धरती का स्वर्ग माना जाता है। यह एक ऐसी जगह है, जहां पर सालों साल ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाया जा सकता है।

अप्रैल की गर्मी में आप सोनमर्ग घूमने के लिए जा सकते हैं। अप्रैल के महीने में सोनमर्ग का तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच में रहता है। यह जगह देश का सबसे रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है। यहां पर आप अप्रैल के महीने में भी स्नो एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**लेह लद्दाख**

अगर आप अप्रैल की गर्मी में किसी ठंडी जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, तो आप लेह-लद्दाख घूमने के लिए जा सकते हैं। लेह लद्दाख देश के टॉप पर्यटन स्थलों में से एक माना जाता है।

अप्रैल के अलावा जून और जुलाई की भीषण गर्मी में भी हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक लेह लद्दाख घूमने के लिए पहुंचते हैं। वहीं कई कपल्स अप्रैल-मई-जून और जुलाई में यहां पर सिर्फ हनीमून मनाने के लिए भी पहुंचते हैं।

# हिमाचल में मौजूद पराशर झील घूमने के लिए दिल्ली से बनाएं शानदार ट्रिप

## खूबसूरती देख झूम उठेंगे आप

हिमाचल प्रदेश कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल



की हसीन वादियों में स्थिति पराशर झील भी बहुत शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा।

हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में हर रोज हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। इन जगहों की खूबसूरती देखकर लोग अभिभूत हो जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू-मनाली, स्पीति वैली, शिमला और डलहौजी के बारे में तो हर कोई जानता है। लेकिन वहीं इस राज्य में कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल की हसीन वादियों में स्थिति पराशर झील भी बहुत शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली से पराशर झील के शानदार ट्रिप के बारे में बताने जा रहे हैं।

**पराशर झील**

बता दें कि पराशर झील ऋषि पराशर के नाम पर है। यह झील समुद्र तल से करीब 2 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इस झील के किनारे पर ऋषि पराशर का प्राचीन मंदिर भी मौजूद है। पराशर झील के चारों ओर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ मौजूद हैं और सर्दियों के मौसम में इस झील की ऊंचाई चरम पर होती है। वहीं गर्मियों में भी यहां पर लोग ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं।

**दिल्ली से मंडी ऐसे पहुंचें**

दिल्ली से पराशर झील जाने के लिए आप सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में पहुंचे। आप दिल्ली के कश्मीरी गेट बस स्टैंड से हिमाचल रोडवेज बस से मंडी पहुंच सकते हैं।

अगर आप दिल्ली से शाम या रात में हिमाचल के लिए बस पकड़ते हैं, तो आप सुबह-सुबह मंडी पहुंच सकते हैं। मंडी पहुंचने के बाद वहां पर स्टें करें और कुछ बेहतरीन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। फिर अगले दिन मंडी से पराशर झील के लिए निकल जाएं।

**मंडी में घूमने की जगहें**

अगर आप मंडी में रुकते हैं, तो आप शानदार और हसीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। मंडी को कई लोग छोटा काशी के नाम से भी जानते हैं। क्योंकि यहां पर कई फेमस और प्राचीन मंदिर हैं।

मंडी में आप भूतनाथ मंदिर, रिवालसर झील, त्रिलोकी नाथ मंदिर और सुंदरनगर झील जैसी खूबसूरत जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप कैंपिंग, हाईकिंग और ट्रैकिंग जैसी शानदार एक्टिविटी कर सकते हैं।

**ऐसे पहुंचे पराशर झील**

बता दें कि मंडी से पराशर झील पहुंचना बहुत आसान है। मंडी से पराशर झील पहुंचने के लिए आप हिमाचल रोडवेज बस, कैब बुक करके और तीसरा बाइक रेंट पर लेकर जा सकते हैं।

अगर आप बस से जाना चाहते हैं कि मंडी बस स्टैंड से बस पराशर झील के लिए सुबह 8 बजे से चलती हैं, जोकि शाम को 4 बजे वापस आती है। बस का किराया 120-150 रुपए के आसपास है। वहीं कैब से जाने पर आपको 2000-3000 रुपए के बीच किराया लगेगा। वहीं अगर आप बाइक रेंट पर लेकर जाते हैं, तो 500-700 रुपए के बीच किराया आ सकता है।

**पराशर झील के बीच में स्थित शानदार जगहें**

मंडी से पराशर झील की दूरी करीब 50 किमी है। इस बीच में तमाम शानदार और बेहतरीन जगहें मौजूद हैं। जिनको आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। इस सफर में आप कई हसीन और लुभावने दृश्यों को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं।

मंडी और पराशर झील के बीच में आप आईआईटी मंडी, संदोया गांव, सघली गांव, खलियार गांव से लेकर बिजनी और बाघी गांव को एक्सप्लोर कर सकते हैं। वहीं आप रास्ते में इन जगहों पर रुककर चाय का स्वाद लेते हुए हिमाचल पर्वत की खूबसूरती को पास से देख सकते हैं।

मंडी से पराशर झील घूमने जाने के लिए गर्मी या ठंडी में प्लान बनाएं।



**इन बातों का रखें खास ख्याल**

सफर के लिए आप फास्ट फूड पैक कर सकते हैं। क्योंकि आपको झील के पास बहुत कम दुकानें मिलेंगी।

आप पराशर झील के लिए सुबह-सुबह निकल सकते हैं। जिससे कि अंधेरा होने से पहले वापस आ सकें।

वहीं अपने साथ जरूरी दवाएं रखना न भूलें।

## देश के किसी भी पेट्रोल पंप पर तेल खत्म नहीं: पेट्रोलियम मंत्रालय

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारत में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की सप्लाई को लेकर सरकार ने बड़ी राहत भरी जानकारी दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल की उपलब्धता फिलहाल पूरी तरह सामान्य और आरामदायक स्थिति में है और किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत हर दिन लगभग 55 लाख बैरल कच्चे तेल का इस्तेमाल करता है और देश दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है। इसी वजह से पेट्रोल और डीजल जैसे उत्पादों की उपलब्धता को लेकर सरकार को भरोसा है कि आम लोगों को किसी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। देशभर में करीब एक लाख पेट्रोल पंप काम कर रहे हैं और इनमें से अधिकांश सरकारी तेल कंपनियों के हैं।

## 1882 के कानून की धारा को चुनौती देने वाली याचिका खारिज
# याचिकाकर्ताओं को विधि आयोग की सलाह

**नई दिल्ली।** सुप्रने गुरुवार को दो याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे विधि आयोग के पास जाएं। इन याचिकाकर्ताओं ने 1882 के कानून के एक प्रावधान को चुनौती दी थी, जिसमें मुस्लिम कानून के तहत किए गए तोहफों (उपहार) को पंजीकरण से मुक्त रखा गया है।

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के लिए उचित यह होगा कि वे विधि आयोग जैसे विशेषज्ञ निकाय के पास जाएं। विधि आयोग को मौजूदा कानूनों में उचित संशोधन की सिफारिश करने या नए कानून बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि याचिका ने संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम, 1882 की धारा 129 और मुस्लिम व्यक्तिगत कानून (शरिया) आवेदन अधिनियम, 1937 की धारा 2 की सांविधानिक वैधता को चुनौती दी है, विशेष रूप से तोहफा शब्द को लेकर।

वकील ने कहा कि मुस्लिम व्यक्तिगत कानून के तहत किए गए तोहफों को स्टाम्प शुल्क से मुक्त किया गया है, जबकि गैर-मुसलमानों को यह छूट नहीं दी गई। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि यदि सार्वजनिक खजाने को कोई नुकसान होता है, तो संसद ही इसके लिए सक्षम मंच है। पीठ ने कहा कि संसद हमेशा कानून में संशोधन कर सकती है और नया कानून ला सकती है।

सीजेआई ने पूछा कि याचिकाकर्ताओं ने संसद के किसी सदस्य के पास यह मुद्दा क्यों नहीं उठाया कि कानून में कथित भेदभाव का तत्व मौजूद है। वकील ने कहा कि संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम और पंजीकरण अधिनियम के बीच संबंध है। उन्होंने कहा कि तोहफे की अवधारणा को लेकर व्यक्तिगत कानून और मौलिक अधिकारों के बीच टकराव पर निर्णय इस अदालत को करना है। पीठ ने कहा कि यह कानून 1882 का है। अचानक 2026 में आपको याद आता है कि यह अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है और जब आपको यह याद आता है, तब आपने उन लोगों को सूचित करना भी उचित नहीं समझा जो इसे ठीक कर सकते थे। सीजेआई ने कहा कि %सबसे उचित मंच% विधि आयोग होगा।

पीठ ने कहा, हमारे विचार में याचिकाकर्ताओं के लिए उचित तरीका यह होगा कि वे विधि आयोग जैसे विशेषज्ञ निकाय के पास जाएं, जिसे मौजूदा कानूनों में संशोधन की सिफारिश करने और समय-समय पर नए कानून बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। पीठ ने कहा कि वर्तमान में ऐसे विशेषज्ञ निकाय होने के कारण इस समय याचिका पर विचार करने का कोई कारण नहीं है।

# डेटा आज की नई करेंसी है, सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी, डेटा प्रोटेक्शन एक्ट पर सुनवाई का भरोसा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2025 को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर जल्द सुनवाई का भरोसा दिया है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस मुद्दे को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि डेटा सुरक्षा आज के दौर का एक वैश्विक विषय बन चुका है और दुनिया भर में इसको लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मौजूदा समय में डेटा तेजी से नई करेंसी का रूप लेता जा रहा है। उन्होंने कहा कि डेटा सुरक्षा का मुद्दा केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक चिंता का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि देश का काफी डेटा विदेशों में जा रहा है और इस पहलू पर भी गंभीरता से विचार किए जाने की जरूरत है।



याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने अदालत के सामने नए डेटा सुरक्षा कानून को चुनौती देने वाली याचिका का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अधिनियम में निजी और व्यक्तिगत डेटा की स्पष्ट परिभाषा नहीं दी गई है। उन्होंने दलील दी कि पहले इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट, 2000 के तहत यदि किसी व्यक्ति की डेटा प्राइवेसी का उल्लंघन होता था, तो उसे मुआवजा मांगने का अधिकार था, लेकिन नए कानून में यह प्रावधान बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि नए कानून के तहत मुआवजा सीधे पीड़ित व्यक्ति को मिलने के बजाय राज्य या डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड को दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस बोर्ड पर किसी प्रकार की न्यायिक (ट्रिब्यूनल) निगरानी का स्पष्ट प्रावधान नहीं है, जिससे जवाबदेही को लेकर सवाल उठते हैं।

इस पर मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जिस भी ट्रिब्यूनल या बोर्ड की निगरानी का प्रावधान होगा, उसे अर्ध-न्यायिक निकाय होना चाहिए और वह न्यायिक समीक्षा के अधीन रहेगा। सुनवाई के दौरान इंदिरा जयसिंह ने यह भी कहा कि इस मामले में कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार किया जाना जरूरी है। इनमें सरकार को दी गई छूट, सरकार की किसी भी डेटा तक संभावित पहुंच (जिससे निगरानी की आशंका), पत्रकारों को छूट न दिए जाने से सूचना के अधिकार पर पड़ने वाला असर और डेटा की संप्रभुता जैसे मुद्दे शामिल हैं।

उन्होंने अदालत से कहा कि यह भी देखा जाना चाहिए कि क्या देश का डेटा विदेशों में जा रहा है और उसे किस प्रकार सुरक्षित रखा जा रहा है। इसके अलावा डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड की भूमिका और डेटा प्राइवेसी के उल्लंघन की स्थिति में मुआवजे की व्यवस्था जैसे मुद्दों पर भी न्यायिक विचार जरूरी है।

## दिल्ली सरकार ने कहा- पेट्रोल-गैस की कोई कमी नहीं, घबराहट में खरीदारी करने से बचें उपभोक्ता

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में भी गैस की कमी से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। गैस एजेंसियों के सामने लोगों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों में गैस के उपयोग को सीमित कर स्थिति से निपटने की कोशिश की जा रही है। इस बीच दिल्ली सरकार ने कहा है कि राजधानी में पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई कमी नहीं है। सरकार ने लोगों से घबराहट में अधिक खरीदारी (पैनिक बाइंग) करने से बचने की सलाह दी है।

गुरुवार शाम दिल्ली सरकार ने एक बयान जारी कर कहा कि शहर में पेट्रोल या गैस की कोई कमी नहीं है। प्राथमिकता के आधार पर घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी चालित वाहनों को गैस उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार ने लोगों से अफवाहों से बचने और घबराहट में गैस-पेट्रोल की अधिक खरीदारी करने से बचने की अपील की है।

दिल्ली में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड प्रमुख एजेंसी है जो उपभोक्ताओं को घरेलू और वाहनों के उपयोग के लिए गैस उपलब्ध कराती है। सरकार के अनुसार, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने भी इस बात की पुष्टि की है कि दिल्ली में घरेलू पीएनजी की आपूर्ति स्थिर है और गैस के आवंटन में घरेलू पीएनजी सेवा उपभोक्ताओं और सीएनजी चालित वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर गैस दी जा रही है। पेट्रोल की उपलब्धता भी सुचारु बनी हुई है।

दिल्ली सरकार ने दावा किया है कि उपभोक्ताओं को दो से तीन दिनों के अंदर गैस उपलब्ध कराई जा रही है। नई बुकिंग के लिए उपभोक्ता पिछली बुकिंग के 25 दिनों के बाद मांग कर सकते हैं। इसके लिए कहीं जाने की बजाय डिजिटल माध्यम से ही बुकिंग की जा सकती है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि विभिन्न एजेंसियों की टीमें लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

# विदेश मंत्रालय: होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने पर भारत चिंतित, 28 जहाजों की सुरक्षा को लेकर ईरान से हुई बातचीत

**नई दिल्ली।** भारत ईरान के संपर्क में है, ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले भारतीय झंडे वाले करीब 28 व्यापारिक जहाजों को सुरक्षित मार्ग मिल सके। अमेरिका और इस्राइल के साथ जंग तेज होने के बाद ईरान ने इस रणनीतिक समुद्री मार्ग को आंशिक रूप से बंद कर दिया है। इस मामले से जुड़े लोगों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष के बीच बातचीत हुई, जिसमें जहाजों की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई थी। जानकारी मिली है कि पिछले चार-पांच दिनों से ईरान ने किसी भी भारतीय झंडे वाले व्यावसायिक टैंकर को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति नहीं दी है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, इस समय भारतीय झंडे वाले 24 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में मौजूद हैं, जिन पर 677 भारतीय नाविक हैं। वहीं, चार जहाज, इस अहम समुद्री



मार्ग के पूर्वी हिस्से में तैनात हैं, जिन पर 101 भारतीय नाविक हैं।

### विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हाल के दिनों में भारत के विदेश मंत्री और ईरान के विदेश मंत्री के बीच तीन बार बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि जहाजों की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई थी। लेकिन इसके आगे कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगा। ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य आंशिक रूप से बंद होने के बाद वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में तेजी आई है। यह संकरा समुद्री मार्ग फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित है और दुनिया के लगभग 20 फीसदी तेल और तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आवाजाही इसी मार्ग से होती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान ने भारतीय झंडे वाले दो जहाजों को इस मार्ग से गुजरने की अनुमति दी है, तो जायसवाल ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है और इस सवाल का बेहतर जवाब पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय दे सकता है।

### ईरान में रह रहे 9000 भारतीय

जायसवाल ने बताया कि इस समय लगभग 9,000 भारतीय ईरान में रह रहे हैं। भारत सरकार उन लोगों की मदद कर रही है, जो अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते भारत लौटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इन 9,000 भारतीयों में छात्र, नाविक, कुछ कारोबारी, कुछ पेशेवर लोग और कुछ तीर्थयात्री शामिल हैं। भारत पहले ही कई भारतीय नागरिकों को तेहरान से ईरान के अन्य सुरक्षित शहरों और स्थानों पर स्थानांतरित कर चुका है, जिनमें छात्र और तीर्थयात्री भी शामिल हैं। जायसवाल ने कहा कि जो भारतीय नागरिक अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते यात्रा करना चाहते हैं, उन्हें वहां से वाणिज्यिक उड़ानों के जरिये भारत लौटने में मदद की जा रही है। इसके लिए उन्हें वीजा और जमीनी सीमा पार करने में भी सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कई भारतीय नागरिकों ने सरकार से संपर्क किया है और उन्हें अजरबैजान और आर्मेनिया की सीमा पार करने में मदद दी गई है, जहां से वे वाणिज्यिक उड़ानों के जरिये अपने घर लौट रहे हैं।

## टीएमसी प्रतिनिधिमंडल को राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात का नहीं मिला समय, फिर लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसदों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात के लिए समय मांगा था, ताकि वे पश्चिम बंगाल सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उन्हें जानकारी दे सकें। लेकिन राष्ट्रपति भवन ने समय की कमी का हवाला देते हुए उनके मिलने के अनुरोध खारिज कर दिया। एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह विवाद उस समय बढ़ा, जब शनिवार को राष्ट्रपति ने यह देखकर नाराजगी जताई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी या उनके कोई मंत्री बागडोगरा हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने नहीं पहुंचे। राष्ट्रपति मुर्मू एक अंतरराष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन में शामिल होने के लिए पहुंची थीं। इस घटना ने राजनीतिक बहस छेड़ दी। सूत्रों के मुताबिक, टीएमसी के एक वरिष्ठ टीएमसी नेता ने नौ मार्च को राष्ट्रपति मुर्मू को पत्र लिखा था, जिसमें 12 से 15 सदस्यीय पार्टी प्रतिनिधिमंडल को मुलाकात के लिए समय मांगा गया था। इनस प्रतिनिधिमंडल में सांसद और राज्य मंत्री शामिल थे। पत्र में कहा गया कि प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति को पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से सभी वर्गों के समावेशी विकास के लिए उठाए गए कल्याणकारी कदमों के बारे में जानकारी देना चाहता है। हालांकि, यह अनुरोध खारिज कर दिया गया। राष्ट्रपति भवन ने टीएमसी को सूचित किया कि उनका अनुरोध देखा गया, लेकिन समय की कमी के कारण इसे पूरा नहीं किया जा सका। सूत्र ने कहा कि टीएमसी ने फिर से राष्ट्रपति कार्यालय को पत्र लिखा है और अगले सप्ताह मिलने का समय मांगा है। राजनीतिक विवाद उस समय और बढ़ गया, जब शनिवार को राष्ट्रपति ने संत समाज के सम्मेलन में कम उपस्थिति पर अपनी असंतोष जताया। उन्होंने राज्य सरकार के निर्णय पर सवाल उठाया कि सम्मेलन स्थल को विधाननगर से बागडोगरा हवाई अड्डे के पास क्यों स्थानांतरित किया गया। उन्होंने पूछा कि क्या प्रशासन ने सोचा था कि कोई भी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होगा।

## ईरान ने यूएन सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को किया खारिज, राजदूत इरावानी ने अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि अमीर-सईद इरावानी ने सुरक्षा परिषद की ओर से ईरान के खिलाफ पारित किए गए प्रस्ताव पर कड़ा विरोध जताया है। सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को सुरक्षा परिषद के सत्र में बोलते हुए अमीर-सईद इरावानी ने इस दस्तावेज को अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने तर्क दिया कि प्रस्ताव का पारित होना सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता के लिए एक गंभीर झटका है। यह विश्व निकाय के इतिहास पर एक अमिट दाग छोड़ता है। राजदूत ने दावा किया कि यह कदम सुरक्षा परिषद के अधिकार का घोर दुरुपयोग है। इसका उद्देश्य कुछ सदस्यों के राजनीतिक एजेंडे को पूरा करना है। उन्होंने आगे कहा कि यह जमीनी हकीकतों को तोड़-मरोड़ कर पेश करता है। मौजूदा क्षेत्रीय संकट के मूल कारणों को संबोधित करने में विफल रहता है। अपने कड़े शब्दों वाले भाषण में, इरावानी ने दस्तावेज की पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रकृति की निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पीड़ित और हमलावर की भूमिकाओं को उलट देता है। तर्क दिया कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया दोनों शासनों को और अधिक अपराध करने के लिए प्रोत्साहित करती है। मिशन के आधिकारिक बयानों में इस बात पर जोर दिया गया कि तेहरान परिषद के फैसले को स्वीकार नहीं करेगा।

इरावानी ने इस कार्रवाई को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत बताया। इसके साथ ही कहा कि यह आक्रामकता के कृत्यों के निर्धारण को नियंत्रित करने वाले स्थापित सिद्धांतों की पूरी तरह से अवहेलना करती है। ईरानी राजनयिक ने परिषद के यूरोपीय सदस्यों की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि प्रस्ताव के लिए उनका समर्थन यह साबित करता है कि ÷संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून की रक्षा करने के उनके दावे खोखले शब्दों से अधिक कुछ नहीं हैं। इरावानी ने कहा, उनका पाखंडी और गैर-जिम्मेदाराना आचरण एक बार फिर यह दर्शाता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति उनकी घोषित प्रतिबद्धता की तुलना में राजनीतिक विचार अधिक महत्वपूर्ण हैं।÷ उन्होंने आगे आरोप लगाया कि ये राष्ट्र स्वतंत्र रूप से कार्य करने के बजाय केवल वाशिंगटन से मिले राजनीतिक निर्देशों का पालन कर रहे हैं।

## ओल्ड डोमिनियन विश्वविद्यालय में गोलीबारी, पुलिस की कार्रवाई में हमलावर की मौत, दो लोग घायल

**वर्जीनिया।** अमेरिका के वर्जीनिया राज्य में स्थित ओल्ड डोमिनियन विश्वविद्यालय में गोलीबारी हुई। पुलिस और संघीय एजेंसियां इस घटना पर कार्रवाई कर रही हैं। घटना के बाद पुलिस और आपातकालीन टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के अनुसार, इस गोलीबारी में हमलावर की मौत हो गई है और दो लोग घायल हुए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी इसकी पुष्टि की है। घटना के बाद सुरक्षा कारणों से विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में दिनभर के लिए कक्षाएं और अन्य गतिविधियां रोक दी गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मोजतबा खामेनेई का पहला बयान, बोले- खाड़ी देशों पर हमले जारी रहेंगे

**तेहरान।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई का जंग के बीच पहला बयान सामने आया है। उनका बयान ईरानी सरकारी टेलीविजन पर एंकर ने पढ़ा। मोजतबा ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखने और खाड़ी देशों पर हमले जारी रखने की बात कही।

ईरान के नए सर्वोच्च नेता आयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इस्राइल के साथ जारी जंग के बीच अपना पहला बयान जारी किया, जिसे गुरुवार को सरकारी टेलीविजन पर एक समाचार एंकर ने पढ़ा। खामेनेई खुद कैमरे पर नजर नहीं आए। लेकिन उनके बयान को पूरे देश में दिखाया गया। बयान में खामेनेई ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का इस्तेमाल ताकत के रूप में किया जाना चाहिए और खाड़ी के अरब पड़ोसी देशों पर हमले जारी रहेंगे।




पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच यह उनका पहला संदेश है।

मोजतबा खामेनेई के सार्वजनिक रूप से दिखाई न देने पर कई रिपोर्ट्स में बताया गया था कि उन्हें युद्ध के दौरान शुरुआती हमलों में चोटें आई थीं। शुरुआती अमेरिकी और इस्राइली हवाई हमलों में उनके पिता पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्य मारे गए थे।

### अमेरिकी ठिकानों को बनाएंगे निशाना

बयान में उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ मित्रता चाहता है और अब केवल अमेरिका के ठिकानों को निशाना बना रहा है, जिस पर हमले जारी रहेंगे। मोजतबा खामेनेई ने देश से एकजुटता आह्वान किया और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखा जाएगा, ताकि ईरान के दुश्मनों पर दबाव बनाया जा सके। उन्होंने कहा, हम अपने शहीदों के खून का बदला लेंगे।

### सेना का धन्यवाद किया

उन्होंने देश की सेना का धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने ईरान को विभाजित होने या कब्जे में जाने से बचाया। खामेनेई ने कहा, मैं बहादुर लड़ाकों का शुक्रगुजार हूं, जो उस समय बेहतरीन काम कर रहे हैं, जब हमारा देश दबाव और हमले का सामना कर रहा है। खामेनेई ने यह भी कहा कि ईरान आगे भी अपनी रक्षा करता रहेगा। यमन और इराक में सशस्त्र समूह ईरान का समर्थन कर रहे हैं।

ईरान के नए सर्वोच्च नेता ने कहा कि जो लोग नुकसान झेल चुके हैं, उन्हें आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि घायल लोगों का मुफ्त इलाज किया जाएगा और मौजूदा स्थिति को संभालते हुए प्रभावित लोगों की मदद की जाएगी।

# होर्मुज में छूटे अमेरिका के पसीने: जंग के बीच अमेरिकी ऊर्जा मंत्री ने कहा- नहीं कर सकते तेल टैंकरों की निगरानी


**वॉशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना अभी होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों को निगरानी करने के लिए तैयार नहीं है। यह जानकारी अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने दी है। क्रिस राइट के अनुसार, सेना का तात्कालिक ध्यान ईरान की आक्रामक क्षमताओं के खिलाफ अभियानों पर केंद्रित है। क्रिस राइट ने कहा, यह अपेक्षाकृत जल्द ही होगा, लेकिन अभी नहीं हो सकता। हम अभी तैयार नहीं हैं। हमारी सभी सैन्य संपत्तियां इस समय ईरान की आक्रामक क्षमताओं और उन विनिर्माण उद्योगों को नष्ट करने पर केंद्रित हैं जो इन क्षमताओं के लिए आवश्यक सामग्री की आपूर्ति करते हैं। राइट ने कहा कि नौसेना महीने के अंत तक निगरानी अभियान शुरू करने के लिए तैयार हो सकती है और उन्होंने यह भी बताया कि इस मुद्दे पर रक्षा अधिकारियों के साथ चर्चा चल रही है।

इससे एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या तेल कंपनियों के

> **प्रोत्साहित**
>
> **तेल कंपनियों के सीईओ को अभी हॉर्मुज जलडमरूमध्य का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है**

सीईओ को अभी हॉर्मुज जलडमरूमध्य का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो उन्होंने कहा कि कंपनियों को इसका इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक अमेरिका को ऐसा नहीं लगता कि ईरान ने इस जलमार्ग में समुद्री बारूदी सुरंगें (माइन) बिछाई हैं।

हालांकि अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने इस हफ्ते दावा किया कि उसने ईरान के 16 ऐसे जहाजों को नष्ट कर दिया है जिन पर शक था कि



वे हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास समुद्री बारूदी सुरंगें बिछा रहे थे। इसके बाद ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर जलमार्ग में माइन बिछाई गई हैं तो उन्हें तुरंत हटाया जाए, नहीं तो सैन्य कार्रवाई की जाएगी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर भी कहा कि अमेरिका उन तकनीकों का इस्तेमाल कर रहा है जिन्हें पहले ड्रग तस्करी रोकने के लिए इस्तेमाल किया जाता था, ताकि जलडमरूमध्य में माइन बिछाने की कोशिश करने वाले किसी भी जहाज को हमेशा के लिए खत्म किया जा सके।

इससे पहले अमेरिकी सेना के वरिष्ठ अधिकारी डैन केन ने कहा था कि सेना इस बात पर विचार कर रही है कि अगर सरकार आदेश देती है तो वाणिज्यिक जहाजों को सैन्य सुरक्षा देकर इस जलमार्ग से सुरक्षित तरीके से गुजरने में मदद की जा सकती है। हालांकि सूत्रों के अनुसार अब तक अमेरिकी नौसेना ने कई शिपिंग कंपनियों के अनुरोध के बावजूद किसी जहाज को सैन्य निगरानी देने से इनकार किया है।

ऊर्जा बाजारों पर युद्ध के प्रभाव के बारे में टिप्पणी करते हुए, अमेरिकी ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 200 डॉलर प्रति बैरल तक तेल की कीमतें पहुंचना असंभव है, लेकिन उन्होंने इसे पूरी तरह से खारिज नहीं किया। राइट ने उन आशंकाओं को दूर करने का प्रयास किया कि बढ़ते युद्ध से वैश्विक तेल की कीमतों में भारी उछाल आ सकता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या कच्चे तेल की कीमत 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है, तो राइट ने कहा, मैं कहूंगा कि यह असंभव है, लेकिन हम सैन्य अभियान और समस्या के समाधान पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

इधर, अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने भी पुष्टि की है कि अमेरिकी सेना ईरान के उन जहाजों और गोदामों पर हमले कर रही है जहां समुद्री माइन रखी या तैयार की जा रही थीं।

## तनाव के बीच कतर से विमानों का संचालन शुरू, भारत के लिए भी कई विमान भरेंगे उड़ान

**दोहा।** पश्चिम एशिया में ईरान के हमलों की वजह से विमानों की आवाजाही पर बुरा असर पड़ा है। इन हमलों के कारण पश्चिम एशिया में दूसरे देशों के बहुत से नागरिक फंसे हुए हैं। इस स्थिति को देखते हुए कतर 12 मार्च से विमानों का संचालन शुरू करने जा रहा है। कतर एयरवेज ने बताया है कि दोहा से गुरुवार को कई विमान उड़ान भरेंगे। ताजा हालात के हिसाब से कतर एयरवेज 12 से 17 मार्च तक दोहा आने-जाने के लिए सीमित विमान चलाएगा।

नए शेड्यूल के अनुसार 12 मार्च को हमाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कुल 29 विमानों का संचालन होगा। इसमें 15 विमान रवाना होंगे और 14 विमान वहां पहुंचेंगे। दोहा से जाने वाले विमान मुख्य रूप से मुंबई, नई दिल्ली, इस्लामाबाद, न्यूयॉर्क, फ्रैंकफर्ट, बीजिंग, लंदन, काहिरा और जोहान्सबर्ग जाएंगे। वहीं सियोल, जेद्दा, नई दिल्ली, हांगकांग, मस्कट, मेलबर्न, डलास और बैंकॉक से विमान दोहा आएंगे।

भारत के लिए 13 मार्च को दोहा से कोच्चि के लिए विमान चलेगा। इसके अलावा 14 मार्च को मुंबई, 15 मार्च को दिल्ली और 16 मार्च को कोच्चि और मुंबई के लिए विमान उड़ान भरेंगे। 17 मार्च को भी कोच्चि और मुंबई के लिए दोहा से विमान रवाना होगा। वापसी में कोच्चि से 14 मार्च को, मुंबई से 15 मार्च को और नई दिल्ली से 16 मार्च को दोहा के लिए विमान उड़ान भरेंगे।

कतर एयरवेज ने कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद उन्हें एक सीमित रास्ता (कॉरिडोर) इस्तेमाल करने की इजाजत मिली है। एयरलाइन आने वाले दिनों में कुछ खास शेड्यूल चलाएगी ताकि फंसे हुए यात्रियों की मदद हो सके। कंपनी ने साफ किया कि यह नियमित उड़ानों की शुरुआत नहीं है। अभी विमान सेवाएं अस्थायी तौर पर रुकी हुई हैं। कंपनी यात्रियों को उनके परिवार से मिलाने की कोशिश कर रही है। कतर का एयरस्पेस सुरक्षित रूप से खुलने के बाद ही सामान्य ऑपरेशन शुरू होंगे।

## इथियोपिया में भूस्खलन से मची तबाही, 50 लोगों की मौत, 125 लापता

**अदीस अबाबा।** अफ्रीकी देश इथोपिया के दक्षिणी हिस्सों में लगातार एक हफ्ते तक हुई भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई, जबकि 125 अन्य लोग लापता बताए जा रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भूस्खलन गामो जोन के तीन जिलों गाचो बाबा, कम्बा और बॉकें में हुआ।

गामो जोन के आपदा प्रतिक्रिया निदेशक मेसफिन मनुका ने बताया कि भारी बारिश के कारण कई इलाकों में अचानक भूस्खलन हुआ, जिससे बड़ी संख्या में लोग मलबे में दब गए। राहत और बचाव अभियान जारी है और अब तक एक व्यक्ति को कीचड़ से जीवित बाहर निकाला गया है। गाचो बाबा जिले के संचार प्रमुख अबेबे अगेना ने कहा कि मृतकों में से अधिकतर के शव मिट्टी और मलबे में दबे हुए मिले हैं। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस आपदा से कितने घर और परिवार प्रभावित हुए हैं।

# तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत होंगे कई शोधपत्र, टीडी कॉलेज में शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऐतिहासिक बलरामपुर हाल में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी अणु से पारिस्थितिकी तंत्र तक स्थायी संसाधन प्रबंधन के माध्यम से वैश्विक सुरक्षा विषयक तीन दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. संजीव सिंह, कुलपति, महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आज़मगढ़ तथा अध्यक्षता डॉ विनोद कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक, वीर बहादुर सिंह विश्विद्यालय जौनपुर, प्रबंध समिति सदस्य राजवीर सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राम आसरे सिंह तथा समन्वयक. प्रो. एस. के. वर्मा ने मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पण के साथ प्रातः स्मरणीय ठाकुर तिलकधारी सिंह के पावन मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं कुलगीत प्रस्तुत किया। प्रो. संजीव सिंह ने कहा कि वर्तमान परिवेश में संतुलित कार्य, संसाधन उपभोग तथा वैश्विक परिप्रेक्ष्य में चिंतन आवश्यक है।

विशिष्ट अतीत के रूप में प्रबंध समिति के सदस्य डॉक्टर राजवीर सिंह ने गोमती नदी में मछलियों की प्रजाति की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय, मानविकी तथा कृषि संकाय तथा भौतिक विज्ञान से समन्वयक डॉ प्रेम चंद, प्रो. रमेश सिंह, प्रो. ए.के. शुक्ला तथा प्रो. विजय कुमार सिंह, के साथ सह संयोजक के रूप में प्रो. नीतू सिंह, डॉ. डी.बी. मिश्रा, प्रो. मनोज कुमार सिंह, डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. के. बी. यादव, प्रो. माया सिंह एवं प्रो. पंकज कुमार गौतम मौजूद रहे। कार्यक्रम में एवं आयोजन सचिव के रूप में डॉ. अजय कुमार, डॉ शुभम सिंह, डॉ. ज्ञानेश्वर शर्मा, डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. विशाल सिंह एवं डॉ. बलवंत सिंह अपने दायित्वों का निर्वाहन मुख्य रूप से कियाल कार्यक्रम में प्रो. नलिनी कुमार मिश्रा, प्रो. हरिओम त्रिपाठी, प्रो. ज्ञानेन्द्र धर दुबे, प्रो.अजय कुमार दुबे, डॉ. देवव्रत मिश्रा, डॉ. शैलेन्द्र सिंह वत्स, शोधछात्र रविकाश, ऑनलाइन मोड पर जंतु विज्ञान विभाग के शोधछात्र पंकज कुमार मिश्रा सहित अन्य रिसर्चर छात्र एवं गणमान्य उपस्थित रहे। प्रथम दिन के अंतिम सत्र का आभार प्रबंध समिति सदस्य डॉ राजवीर सिंह ने किया।

अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी के विभिन्न तकनीकी सत्रों में शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रो को प्रस्तुत किया जाएगा जबकि संगोष्ठी का समापन 14 मार्च को सम्पन्न होगा।

# युवक की बेरहमी से पिटाई, हालत गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सुरेरी थाना क्षेत्र के मलेथू गांव में बुधवार की रात दबंगों द्वारा घर में घुसकर युवक की बेरहमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के एक दिन बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है।मलेथू गांव निवासी माया देवी पत्नी प्रभात यादव ने गुरुवार की सुबह सुरेरी थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि रात लगभग नौ बजे उनके पति प्रभात यादव घर पर बैठे हुए थे। इसी दौरान गांव के ही माया शंकर गिरी, बगड़ गिरी, जलील अंसारी, खेसारी, त्रिलोकी यादव, किशन गिरी तथा कुछ अज्ञात लोग लाठी-डंडा और धारदार

हथियार लेकर घर में घुस आए और प्रभात यादव पर हमला बोल दिया। आरोपितों ने प्रभात यादव को घेरकर जमकर मारपीट की। शोर सुनकर घर के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे तो हमलावरों ने उनकी भी पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान प्रभात यादव को गंभीर चोटें आई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। परिजनों का आरोप है कि आरोपित तब तक पिटाई करते रहे जब तक प्रभात यादव अचेत नहीं हो गए। हमलावर उन्हें मृत समझकर परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी देते हुए घर में रखी कुर्सियों सहित अन्य घरेलू सामान को तोड़फोड़ कर फरार हो गए। घटना की सूचना परिजनों ने 112 नंबर पुलिस और एंबुलेंस को दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की, वहीं घायल प्रभात यादव को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।पीड़ित परिजनों का आरोप है कि घटना के एक दिन बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेरी राजेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## छापेमारी में 60 घरेलू सिलेंडर बरामद

**जौनपुर।** जफराबाद संतोष विक्रम शाही के नेतृत्व में गुरुवार दोपहर कल्याणपुर बाजार में छापेमारी कर 60 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए। अचानक हुई इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया। बरामद सभी सिलेंडर विभिन्न गैस कंपनियों के बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि जिला पूर्ति अधिकारी को बाजार में घरेलू गैस सिलेंडरों को अवैध रूप से जमा कर बिक्री किए जाने की शिकायत मिली थी। सूचना मिलते ही वे टीम के साथ कल्याणपुर स्थित एक गोदाम पर पहुंचे और जांच शुरू की। जांच के दौरान गोदाम में 60 घरेलू गैस सिलेंडर पाए गए। अधिकारियों ने सभी सिलेंडरों को जब्त कर सीज कर दिया और उन्हें गोदाम में सुरक्षित भिजवा दिया। छापेमारी के दौरान बाजार के व्यापारियों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। जिलापूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने बताया कि शिकायत के आधार पर छापेमारी की गई थी, जिसमें 60 सिलेंडर बरामद हुए हैं। सभी सिलेंडरों को सीज कर दिया गया है। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है और संबंधित संचालक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित सफाई कर्मियों को किया गया सम्मानित

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य आम जनमानस को सस्ती एवं स्वच्छ बिजली उपलब्ध कराना तथा उनके बिजली बिल के भार को कम करना है। योजना के अंतर्गत नागरिक अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित कर लगभग 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त यदि अधिक मात्रा में बिजली का उत्पादन होता है तो उसे विद्युत ग्रिड को विक्रय कर आर्थिक लाभ भी अर्जित किया जा सकता है। सोलर पैनल स्थापना हेतु सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में पंचायती राज विभाग के अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मी श्याम सुन्दर लाल पुत्र चौहान, ग्राम पंचायत लेदुवा, विकासखंड सिकरारा, शशिकांत पुत्र जगदीश, ग्राम पंचायत चांदपुर, विकासखंड सिकरारा तथा प्रभावती पाल पत्नी हीरालाल, ग्राम पंचायत सराय रायचंद, विकासखंड सिकरारा द्वारा उक्त योजना के अंतर्गत अपने घरों पर सोलर पैनल स्थापित कर न केवल योजना का लाभ प्राप्त किया जा रहा है, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। इनके द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया द्वारा सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित किया गया।

## जनगणना कार्य में लापरवाही क्षाम्य नहीं डीएम



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना की तैयारियों से संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों एवं चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शुरू हुआ। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय के प्रतिनिधि श्री युवराज गर्ग, सांख्यिकीय अन्वेषक ग्रेड II द्वारा डिजिटल जनगणना 2027 की नींव सेन्सस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (CMMS) पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। जिलाधिकारी ने सभी जनगणना पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जनगणना का कार्य शासन की प्राथमिकता में है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि/रा0 परमानंद झा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ईरान पर हमले का विरोध, ईद नहीं मनाएंगे शिया मुस्लिम



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग का असर रमजान और ईद पर भी नजर आने लगा है। अमेरिका और इजरायल के हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर इमाम आयातुल्ला खामेनई को लेकर शिया समुदाय के लोग हर रोज प्रदर्शन कर रहे हैं। अब खामेनई की शहादत पर गमजदा शिया मुस्लिमों ने ईद न मनाने का फैसला किया है। प्रयागराज के शिया समुदाय के आलिमों की तरफ से साफ कर दिया गया है कि पूरा समाज इस बार ईद नहीं मनाएगा। शिया समुदाय के लोग, महिलाएं, बच्चे ईद पर नए पकड़े नहीं पहुंनेंगे। पुराने कपड़ों में ईद की नमाज अदा करेंगे। नमाज पढ़ने के दौरान काली पट्टी बांधकर गम और गुस्से का इजहार करेंगे। शिया समुदाय के लोगों ने बताया कि नए कपड़े तो दूर की बात घरों में सेवई तक नहीं बनाई जाएगी। साथ ही दस्तरखान नहीं सजेगा। औरतें रंगीन कपड़े, नई चूड़ियां नहीं खरीदेंगी। यह भी कहा गया है कि मस्जिद, मदरसों समेत अन्य मरकतों पर इमाम खामेनई की याद में कार्यक्रम करें। साथ ही अमेरिका, इजरायल का विरोध करें।

# पूर्व विधायक राधेश्याम भारतीय पंचतत्व में विलीन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** समाजवादी नेता, पूर्व विधायक, लोकतंत्र सेनानी राधेश्याम भारतीय (70) का आज अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर सुबह दस बजे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। पूर्व विधायक का बुधवार की दोपहर में इंतकाल हो गया था। उनके परलोक वासी होने की खबर पाकर पार्टी सहित अन्य दलों के नेताओं, समाजसेवियों का तांता उनके आवास इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में लगा रहा। आज सुबह उनके आवास पर पहुंच कर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव,प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव एडवोकेट, राकेश सिंह उर्फ़ भोला पटेल, सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनके पार्थिव शरीर को पार्टी के लाल -हरा झंडा में लपेट, फूलों का चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी और शव यात्रा में शामिल हुए। पूर्व विधायक राधेश्याम भारतीय को रसूलाबाद घाट पर गार्ड आफ आनर देकर अंतिम सलामी दी गई। मुखाग्नि उनके भतीजे संजय भारतीय ने दी। अंतिम संस्कार के अवसर पर सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, अनिल यादव, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, अपना दल के विधायक डॉ वाचस्पति, अमर नाथ मौर्य, पूर्व विधायक सत्य वीर मुन्ना, मतेश सोनकर,राकेश सिंह उर्फ़ भोला पटेल, दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव एडवोकेट, राजू पासी, दूध नाथ पटेल, संगम लाल मौर्य, नाटे चौधरी, संजीव आर्या, परमेश्वर प्रसाद, योगेश यादव, महावीर यादव, सुरेश यादव, संजय तिवारी, राकेश पटेल, डिशू गौड़, अनुपम रावत, दिनेश यादव, सऊद, हसीब, सचिन श्रीवास्तव ,आदि मौजूद रहे।

## कांशीराम जयंती व आसपा के छठे स्थापना दिवस पर कार्यक्रम 15 मार्च को

**प्रयागराज।** बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम साहब के जन्मदिवस तथा आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के 6 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वाधान में संवैधानिक अधिकार बचाओ भाईचारा बनाओ सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन 15 मार्च को दोपहर 12 बजे से यमुनापार की तहसील बारा के विकास खण्ड जसरा के जारी बाजार स्थित चंद्रमुखी गेस्ट हाउस निकट कृषक इण्टर कालेज जारी में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री व प्रयागराज मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी एडवोकेट अनिल कुमार गौतम शामिल होंगे। आयोजक जिला कमेटी के जिला महामंत्री आईपी रामबृज के अनुसार कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा।

# मुबारकपुर इण्डेन गैस एजेंसी पर बुकिंग कराने को उपभोक्ताओं की भारी भीड़

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर/आजमगढ़।** मुबारकपुर नगर में गैस वितरण एजेंसी पर बृहस्पतिवार को सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ पड़ी है।सर्वर डाउन होने के कारण बुकिंग नहीं हो पा रही है। वहीं केवाईसी की समस्या से उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है। गैस उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भारी भरकम भीड़ देखी जा सकती है।

मुबारकपुर नगर के जीयनपुर मार्ग पर मोहल्ला नूरपुर बुतात में गैस वितरण एजेंसी मुबारकपुर से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को बुकिंग कराने को लोग पहुंच रहे हैं। पवित्र महीना रमजान माह का आखिरी अशरा चल रहा है।ईरान अमेरिका युद्ध से तेल संकट से पहले गैस का संकट हो चला है।

गैस एजेंसी बुकिंग कराने को भारी संख्या में लोग एजेंसी पर पहुंचे और वहां सुबह से लाइन में खड़े हैं। सर्वर डाउन होने से किसी भी उपभोक्ता की मोबाइल पर ओटीपी मैसेज नहीं पहुंच रहा है। बता दें कि मुबारकपुर में लोहरा, ढकवा, इब्राहीमपुर, पिचरी,नरांव विभिन्न गांवों के अलावा नगर सहित तमाम लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। रेखा राणा ,गुलाम अशरफ,अनिल कुमार, ने बताया कि सुबह से लाइन में खड़े हैं। पासबुक जमा हो गया है। कुछ लोगों का केवाईसी नहीं है तो अधिकांश लोग सर्वर डाउन होने से इन्तजार कर रहे हैं। चर्चा यह भी है कि सिलेंडर की आपूर्ति पूर्व की भांति नहीं हो रही है। इस सम्बन्ध में गैस वितरण एजेंसी संचालक देवेन्द्र कुमार ने बताया कि मुबारकपुर में गैस उपभोक्ताओं की कुल संख्या 25000 है।इधर हाल में सर्वर डाउन होने से ओटीपी मैसेज नहीं पहुंच रहा है। जबकि आदेश है कि बिना ओडीपी के उपभोक्ताओं को सिलेंडर का वितरण न किया जाए। ऐसे में सर्वर आने पर ही वितरण किया जायेगा।

# पांच माह के बेटे की गुस्से में मां ने ही कर दी हत्या

- पत्थर से हमला कर पेट फाड़ दिया, मौत के बाद लकड़ी के ढेर में लाश छिपाई

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** सरायममरेज थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव में मां ने अपने 5 माह के बच्चे की हत्या कर दी। पत्थर से वार करके उसका पेट फाड़ डाला। हत्या के बाद लाश को लकड़ी के ढेर में छिपा दिया। परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की तो बच्चे का क्षत-विक्षत शव मिला। पुलिस के अनुसार पति से झगड़े के बाद गुस्से में उसने मैंने ऐसा किया। एक ही वार में उसका पेट फट गया और उसकी जान चली गई। इसके बाद बहुत डर गई, इसीलिए शव को लकड़ी के ढेर में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायममरेज थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव निवासी संतोष यादव खेती-बाड़ी करते हैं। उनकी शादी मनोरमा यादव से हुई। पांच महीने पहले मनोरमा ने एक बच्चे को जन्म दिया, जिसका नाम ईश्वर रखा गया। आस-पड़ोस में रहने वालों ने बताया कि पति-पत्नी में आए दिन खाना बनाने और अन्य बातों को लेकर झगड़ा होता रहता था। पिछले तीन चार दिनों से लगातार दोनों में झगड़ा चल रहा था।

संतोष के नाना हरी लाल यादव ने बताया कि 11 मार्च को पत्नी से एक बार फिर झगड़ा हुआ। इसके बाद संतोष काम पर चला गया। घर में मनोरमा और उसका बेटा था। शाम को बेटा कहीं दिखाई नहीं दिया। उसके रोने की आवाज भी नहीं सुनाई दी। पूछने पर मनोरमा ने कुछ नहीं बताया। उसने कहा कि वह कुछ नहीं जानती। बच्चे के नहीं मिलने पर परिवार वाले परेशान हो गए। उन्होंने संतोष को फोन कर जानकारी दी।

संतोष ने कुछ देर में लौटने की बात कही। उधर, मनोरमा चुप्पी साधे रही। रात 10 बजे के करीब परिवार वाले तलाश करते हुए टिन शेड वाले उस कमरे में पहुंचे, जहां खाना बनता था। यहां लकड़ी के ढेर के नीचे बच्चे का क्षत-विक्षत शव पड़ा देख परिजन चीखने लगे। जानकारी पर संतोष भी आ गया।

इसके बाद मनोरमा से परिवार वालों ने सख्ती से पूछताछ की। इस पर उसने बताया कि मैंने ही शाम 6 बजे के करीब गुस्से में पत्थर मारकर बेटे को मार डाला। पति से झगड़े के बाद मेरा खून खौल उठा था और इसके बाद ही मैंने यह कदम उठाया। कहा कि मैं बच्चे को मारना नहीं चाहती थी, लेकिन गुस्से में किए गए एक वार से ही उसका पेट फट गया। कुछ ही देर बाद उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद मैं डर गई और लाश को लकड़ी के ढेर में छिपा दिया।

सरायममरेज थानाध्यक्ष अतुल मिश्रा ने बताया- महिला को हिरासत में ले लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। बच्चे के बाबा ने तहरीर दी है। इसके आधार पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में महिला ने यह बताया है कि पति आए दिन उससे झगड़ा करता था।

# भू-माफियाओं पर जमीन हड़पने का आरोप, एसपी से न्याय की मांग



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जनपद के थाना सिधारी अंतर्गत रामपुर गांव में भू-माफियाओं द्वारा दबंगई के बल पर सार्वजनिक देवस्थल और ग्रामीणों की निजी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। पीड़ित ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक (SP) को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र के दो कथित भू-माफिया, जो पेशे से अधिवक्ता बताए जा रहे हैं, गाटा संख्या 346 में केवल 25 कड़ी जमीन का बैनामा कराकर 84 कड़ी जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे हैं। इस विवादित जमीन में ग्रामीणों द्वारा दान की गई शिवकुटी देवस्थल की सार्वजनिक भूमि भी शामिल है। शिकायती पत्र के अनुसार, जब ग्रामीणों ने इस अवैध निर्माण का विरोध किया, तो आरोपियों ने 15-20 बाहरी व्यक्तियों को बुलाकर गाली-गलौज की और फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी अपनी रसूख का हवाला देकर ग्रामीणों को डरा रहे हैं और पुलिस बल का दुरुपयोग कर उन्हें परेशान कर रहे हैं। राजेश यादव सहित समस्त ग्रामवासियों ने मांग की है कि प्रशासन इस मामले की निष्पक्ष जांच कराए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ एफआईआर (FIR) दर्ज करने और देवस्थल की पवित्र भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की अपील की है। फिलहाल, इस मामले में पुलिस के उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप का इंतजार है।

# कब्जा दिलाने की कार्रवाई अधूरी

- पीड़ित सीएम योगी से लगा रहे मदद की गुहार
- पुलिस बल न मिलने से टल रही कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** सीएम योगी ने खाकी का चेहरे बदलने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, कोरोना काल में पुलिस ने दवाई के साथ कच्चा राशन व भोजन देने का काम किया था जिसके बाद से खाकी का रूप सूबे में बदला नजर आने लगा, लेकिन सीएम योगी के लाख समझाने के बावजूद सरकार की उपलब्धियों पर पलीता लगाने का आरोप प्रयागराज मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र की पुलिस पर लग रहा है। मामला प्रयागराज मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत के रहने वाले त्रिगुण नारायण का जिनकी पुस्तैनी संपत्ति का कब्जा का मामला पिछले कई सालों से कोर्ट में चल रहा था। जिसमें अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट, प्रयागराज की अदालत में लंबित इजरा वाद संख्या 01/2025 (त्रियुगी नारायण बनाम रमेश चंद्र जायसवाल) में कब्जा दिलाने की कार्रवाई पुलिस बल के अभाव में पूरी नहीं हो सकी। अदालत ने मामले में संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। अदालत के आदेश के अनुसार न्यायालय अमीन द्वारा 23 फरवरी 2026 को मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र स्थित विवादित भवन संख्या 1040, बादू नंबर 1525 पर कब्जा दिलाने की कार्यवाही के लिए पहुंच गया था। मौके पर डिक्रीदार उपस्थित मिले और उनके द्वारा बताए गए नक्शे व सीमांकन के आधार पर संपत्ति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भवन के मुख्य द्वार पर बाहर से ताला बंद था। डिक्रीदार के अनुसार उक्त संपत्ति वर्तमान में गोदाम के रूप में उपयोग में है। मौके पर ताला बंद होने और पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध न होने के कारण कब्जा दिलाने की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी। इसके बाद न्यायालय अमीन ने अपनी आख्या अदालत में प्रस्तुत की। अदालत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुनः कब्जा दिलाने के लिए परवाना जारी किया है। साथ ही अदालत ने मुट्ठीगंज थानाध्यक्ष को नोटिस जारी कर निर्देश दिया है कि अमीन द्वारा मांग किए जाने पर आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराया जाए, ताकि कब्जा दिलाने की कार्यवाही विधिवत पूरी कराई जा सके। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 मार्च 2026 की तिथि निर्धारित की थी लेकिन पुलिस ने पर्याप्त बल न होने का हवाला देकर तीसरी बार कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज़ अनूप कुमार गुप्ता अपने बूढ़े पिता के साथ अपने हाथों में सीएम योगी की तस्वीर लेकर न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं।

# विकास योजनाओं में मैनपुरी को प्रदेश में तीसरा स्थान

- सीएम डैशबोर्ड में मैनपुरी ए-कैटेगरी में
- जनकल्याणकारी योजनाओं में मैनपुरी की बेहतर रैंकिंग

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा के दौरान प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद अधिकांश लाभार्थीपरक, जल कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में विगत् कई माह से निरतंर ए-कैटेगरी में चल रहा है, सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के सम्मिलित प्रयासों से शासन स्तर से जारी माह फरवरी की रैंकिंग में प्रदेश में तीसरा एवं मंडल में प्रथम स्थान मिला है। उन्होने समीक्षा के दौरान पं. दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट, पी.एम. सूर्य मुफ्त बिजली योजना, सोलर स्ट्रीट लाईट बी.के.एस ग्राम उन्नति योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, पर ड्रॉप मोर क्राप माइक्रोइरीगेशन, खराब ट्रांसफॉर्मर की शिकायतें, दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण, शहरी, विद्युत बिल में सुधार, कृषि रक्षा रसायन डी.बी.टी., प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम, बीज डी.बी.टी., डे एन.आर.एल.एम., प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, एम्बुलेंस 102, 108, सीटी स्कैन सेवाएं, दूध मूल्य भुगतान, सहकारी दुग्ध समितियां, दिव्यांग, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, 05वां राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-02, राज्य योजना, समाजिक वनीकरण प्रपत्र 37, ऑपरेशन कायाकल्प, पी.एम. पोषण विद्यालय निरीक्षण, अंडा उत्पादन, निराश्रित गोवंश का संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, संरक्षित निराश्रित गोवंश की सुपुर्दगी, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निराश्रित महिला, वृद्धावस्था, दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, सेतुओं का निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण, कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, ओ.डी. ओ.पी. टूलकिट योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, अनुसूचित जाति, सामान्य वर्ग दशमोत्तर, पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली, टेल फीडिंग, सिल्ट सफाई में ए-श्रेणी में पाये जाने पर संतोष व्यक्त किया। श्री सिंह ने जनपद को ए प्लस कैटेगरी में पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों, कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी के प्रयासों से विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में जनपद की प्रगति प्रदेश में काफी बेहतर है, योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने में सभी ने अपना योगदान दिया है, सभी अधिकारी, कर्मचारी इसी टीम भावना के साथ जनपद को प्रदेश में शिखर पर ले जाने में अपना सहायोग प्रदान किया है। उन्होने समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद अभी आई.सी.डी. एस. पोषण अभियान में डी-श्रेणी, 05वां वित्त आयोग ग्रा.पं. में सी-श्रेणी, निर्माण कार्य (सी.एम.आई. एस.), ओ.डी.ओ.पी. वित्त पोषण योजना, जल जीवन मिशन हर घर जल, फैमिली आई.डी. में बी.-कैटेगरी में पाये जाने पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से कहा कि इस ओर ध्यान दें और अपने विभागों की संचालित योजनाओं की प्रगति सुधार कर इन योजनाओं को भी ए-कैटेगरी में लाने के प्रयास करें। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं, परियोजना प्रबंधकों से कहा कि जनपद में निर्माणाधीन सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, निश्चित समयावधि में परियोजना पूर्ण न होने के कारण शासन स्तर से अंकों में कटौती की जाती है, जिस कारण विकास कार्यक्रमों की रैंकिंग में गिरावट की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनों की निर्धारित समय-सीमा पूरी हो चुकी है, उन सभी परियोजनाओं को 31 मार्च तक पूर्ण कराकर संबंधित विभाग को हैंडोवर कराना सुनिश्चित करें, 31 मार्च तक पूर्ण न होने की दशा में कार्य की समयावधि बढ़वाना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में जिम्मेदारी तयकर कार्यवाही होगी।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-1 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 1631/EE-1/नि. दिनांक- 12/03/2026

**(अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 19/03/2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 19/03/2026 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जल कल विभाग लखनऊ के नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्ट मनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | (18%) जी.एस.टी. | योग | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Boring work of mini Tubewell size 200*200 at Barafkhana Nai Basti Udaiganj. | 8400.00 | 450.00 | 82.00 | 532.00 | 07 दिवस |
| 2 | Devlopment, Supply of p-gravil & other mechanical work for mini Tubewell board at Barafkhana Nai Basti Udaiganj. | 8500.00 | 450.00 | 82.00 | 532.00 | 07 दिवस |
| 3 | Supply and Fixing of by pass system & electrical/civil works for newly bore mini tube well at Barafkhana Nai Basti Udaiganj. | 7000.00 | 350.00 | 64.00 | 414.00 | 07 दिवस |
| 4 | Laying of 90 mm 230 mtr. PVC Pipeline at Vishwa Samwad Kendra to Hanuman Mandir Jiyamau. | 5200.00 | 300.00 | 54.00 | 354.00 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता, जोन -1
जल कल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

# कूलिंग के भविष्य का आगाजः डायकिन इंडिया ने पेश की AI-पावर्ड VRV अल्फा और 2026 की अत्याधुनिक एसी रेंज



**लखनऊ।** जापानी तकनीक और भारतीय विश्वास के संगम, डायकिन एयरकंडीशनिंग इंडिया ने आज लखनऊ में अपने बहुप्रतीक्षित 2026 प्रोडक्ट लाइनअप का अनावरण कर कूलिंग जगत में एक नई क्रांति की शुरुआत की। ऊर्जा दक्षता और स्मार्ट क्लाइमेट कंट्रोल के संकल्प के साथ, डायकिन ने अपनी नई BEE 2026 स्टार रेटेड रूम एसी रेंज और एआई-संचालित VRV अल्फा सीरीज को बाजार में उतारा है।

**राष्ट्रीय सम्मानः**

डायकिन को भारत सरकार द्वारा नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवार्ड 2025 से नवाजा गया है। मॉडल FTM50 को एप्लायंस ऑफ द ईयर चुना गया, जिसे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

54C की गर्मी भी अब लगेगी सुहानीः रूम एसी का नया अवतार

डायकिन की 2026 रूम एसी रेंज को रिस्पॉन्सिबल कूलिंग के दर्शन पर तैयार किया गया है। यह सिर्फ एक एसी नहीं, बल्कि आधुनिक इंजीनियरिंग का चमत्कार है।

स्ट्रीमर डिस्चार्ज और स्विंग कंप्रेसरः शुद्ध हवा और अधिकतम बिजली बचत का बेजोड़ संगम।

भीषण गर्मी का समाधानः हाई-एम्बिएंट परफॉर्मेंस तकनीक, जो 54C के प्रचंड तापमान में भी शिमला जैसी ठंडक दे।

**स्मार्ट फीचर्सः** 101% कनेक्टिविटी और अल्ट्रा-क्वाइट (बेहद शांत) ऑपरेशन के साथ प्रीमियम घरों की पहली पसंद।

VRV अल्फाः जब कूलिंग को मिला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का दिमाग

बड़े प्रोजेक्ट्स और आलीशान घरों के लिए डायकिन ने VRV अल्फा पेश किया है। यह दुनिया का ऐसा सिस्टम है जो AI के जरिए खुद फैसले लेता है, मौसम के बदलाव को भांपता है और कम से कम बिजली में सबसे सटीक कूलिंग देता है। यह 21वीं सदी के स्मार्ट इंडिया की पहचान है।

**नेतृत्व का विजनः जापानी विरासत, भारतीय जरूरत**

इस मील के पत्थर पर कंवलजीत जावा (चेयरमैन एवं एमडी, डायकिन इंडिया) ने रवि तनेजा (मार्केटिंग हेड, नॉर्थ इंडिया) और शक्ति सिंह (ब्रांच ऑपरेशंस हेड, ईस्ट यूपी) की उपस्थिति में कहाः

हमारा 60+ मॉडलों का नया 2026 लाइनअप हमारी जापानी नवाचार की विरासत और भारतीय जरूरतों का एक सुंदर मेल है। तीन फैक्ट्रियों की ताकत के साथ, हम न केवल क्षमता बढ़ा रहे हैं, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल समाधान भी प्रदान कर रहे हैं।

# टेक्नो भारत में ग्राहकों के लिए बड़े लकी ड्रॉ इनामों के साथ 'समर फेस्ट'' लेकर आया



**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरे भारत में गर्मियों का तापमान बढ़ने लगा है, टेक्नो अपने देशव्यापी समर फेस्ट के साथ इस मौसम में अतिरिक्त उत्साह जोड़ रहा है। 2 मार्च से 22 मार्च, 2026 तक चलने वाली इस पहल को टेक्नो के ग्राहकों के लिए स्मार्टफ़ोन अपग्रेड को और भी ज़्यादा फ़ायदेमंद बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है जिससे हर खरीदारी आकर्षक इनाम जीतने का एक मौका बन जाती है। इसके अलावा, टेक्नो अपना बायर इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम भी चला रहा है, जिसके तहत टेक्नो पोवा कर्व 2 खरीदने वाले ग्राहक अपने डिवाइस का एक छोटा सोशल मीडिया वीडियो बनाकर और पोस्ट करके पक्की एक्सटेंडेड वारंटी पा सकते हैं। इसमें हिस्सा लेने वालों को बस अपने फ़ोन का 15-30 सेकंड का एक वीडियो इंस्टाग्राम, फेसबुक या यूट्यूब जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर अपलोड करना होगा और क्वालिफ़ाई करने के लिए टेक्नो के क्यूआर कोड के ज़रिए रजिस्टर करना होगा। जो लोग इस गर्मी में अपनी टेक को अपग्रेड करना चाहते हैं, उनके लिए इससे बेहतर समय हो ही नहीं सकता। इस फेस्ट के दौरान पोवा कर्व 2, पोवा स्लिम या स्पार्क गो 3 खरीदने वाले ग्राहक एक बड़े लकी ड्रॉ में हिस्सा ले सकते हैं। टेक्नो टचपॉइंट्स पर या सोशल मीडिया पर उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन करके, ग्राहक टेक्नो व्हाट्सएप चैनल के ज़रिए रजिस्टर करके इस कॉन्टेस्ट में शामिल हो सकते हैं। इस लकी ड्रॉ में 25 आकर्षक इनाम शामिल हैं, जिनमें एक नई स्कूटी, 10,000 के गोल्ड वाउचर और कुछ लेटेस्ट टेक्नो स्मार्टफ़ोन शामिल हैं। पूरी तरह से पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, इस ग्रैंड लकी ड्रॉ का सीधा प्रसारण यूट्यूब पर टेक्नो के मुख्यालय से किया जाएगा। इस लकी ड्रॉ में कुल 25 आकर्षक इनाम रखे गए हैं, जिनमें एक नई स्कूटी, 10,000 के गोल्ड वाउचर और टेक्नो के कुछ नवीनतम स्मार्टफोन्स शामिल हैं। पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ग्रैंड लकी ड्रॉ का सीधा प्रसारण यूट्यूब पर टेक्नो के मुख्यालय से लाइव किया जाएगा। समर फेस्ट के साथ, टेक्नो का उद्देश्य अपने ग्राहकों के लिए इस मौसम को और भी ज़्यादा रोमांचक बनाना है, जिसके लिए हर खरीदारी में जश्न का एक खास एहसास जोड़ा गया है।

## आईकू जेड 11 एक्स भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** हाईपरफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने आज भारत में आईकू जेड11एक्स लॉन्च किया। खास तौर पर उन छात्रों को ध्यान में रखकर इसे डिजाइन किया गया है जो पढ़ाई, एंटरटेनमेंट और अपने रोजमर्रा के कामों के बीच संतुलन बनाते हैं। आईकू जेड11एक्स में सेगमेंट लीडिंग बैटरी, दमदार प्रोसेसिंग क्षमता और बेहतर मजबूती दी गई है। यह डिवाइस आज के छात्रों की तेज़ लाइफस्टाइल के साथ चलने के लिए बनाया गया है, जिससे वे पूरे दिन प्रोडक्टिव, एंटरटेंड और कनेक्टेड रह सकें। जेड सीरीज़ में नए डिवाइस के बारे में आईकू के सीईओ निपुन मार्या ने कहा, आईकू में जेड सीरीज़ हमेशा से युवा ग्राहकों के लिए भरोसेमंद परफॉर्मेंस और पूरे दिन चलने वाली पावर देने पर केंद्रित रही है, खासकर कॉलेज जाने वाले छात्रों के लिए जिनका दिन सुबह से रात तक व्यस्त रहता है। आईकू जेड11एक्स के साथ हम अपनी 'फुल डे, फुली लोडेड' सोच को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसमें दमदार हार्डवेयर को सेगमेंट की सबसे बड़ी बैटरी के साथ जोड़ा गया है, ताकि उनकी मल्टीटास्किंग जरूरतों को पूरा किया जा सके। चाहे लंबे समय तक पढ़ाई हो, प्रतिस्पर्धी गेमिंग सेशन्स हों या पूरे दिन लगातार एंटरटेनमेंट, आईकू जेड11एक्स बिना किसी समझौते के स्मूथ, भरोसेमंद और बेहतरीन अनुभव देने के लिए बनाया गया है। स्मार्टफोन्स, एक्सेसरीज़ और पोस्टपर्चेज सर्विसेज के कैटेगरी लीडर तनमय शाह ने कहा, हम आईकू के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए एक और रोमांचक डिवाइस, आईकू जेड11एक्स के लॉन्च से खुश हैं।

## नोवा आई.वी.एफ फर्टिलिटी, लखनऊ के मुताबिक पुरुषों की इन्फर्टिलिटी के मामलों में 40 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई है

**लखनऊ।** नोवा आई.वी.एफ फर्टिलिटी, लखनऊ के फर्टिलिटी एक्सपर्ट्स के मुताबिक बदलती जीवनशैली और हवा के बढ़ते प्रदूषण के कारण इन्फर्टिलिटी के मामले भी बढ़ रहे हैं। पुरुषों की इन्फर्टिलिटी 40 प्रतिशत बढ़ी है और महिलाओं में हार्मोन की समस्या में 30 प्रतिशत वृद्धि हुई है।डॉ. सईदा वसीम, फर्टिलिटी स्पेशियलिस्ट, नोवा आई.वी.एफ फर्टिलिटी, हजरत गंज, लखनऊ ने कहा, ''बदलती जीवनशैली के कारण महिलाओं और पुरुषों में इन्फर्टिलिटी बढ़ रही है। महिलाओं में गतिहीन जीवनशैली और प्रोसेस्ड फूड के कारण पी.सी.ओ.एस, फैलोपियन ट्यूब्स में ब्लॉकेज, एंडोमेट्रियोसिस और यूटेराईन फायब्रॉयड्स के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे 30 साल की उम्र में भी महिलाओं को इन्फर्टिलिटी हो रही है। साथ ही, पुरुषों में भी इन्फर्टिलिटी के मामले 40 प्रतिशत बढ़े हैं। उनके शरीर में स्पर्म की कम संख्या, स्पर्म के पैरामीटर्स में गड़बड़ी सामने आई है। इसके बाद भी इन्फर्टिलिटी को ज्यादातर महिलाओं से जोड़कर देखा जाता है। पुरुषों में इन्फर्टिलिटी के कारणों में तम्बाकू और मदिरा का सेवन, लंबे समय तक लैपटॉप और मोबाईल फोन का उपयोग करना, नींद में गड़बड़ी और जंक फूड का ज्यादा सेवन करना है। इससे उनमें मोटापे के साथ मेटाबोलिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं।डॉ. स्वर्णिमा सक्सेना, फर्टिलिटी स्पेशियलिस्ट, नोवा आई.वी.एफ फर्टिलिटी, गोमती नगर, लखनऊ ने कहा, ''इन्फर्टिलिटी एक मेडिकल समस्या है।

# पियरसन इंडिया और इन्फिनिटी लर्न ने मिलकर एआई-पावर्ड कॉम्पिटिटिव एग्जाम टेस्ट सीरीज किया लॉन्च



**लखनऊ।** देश की प्रमुख इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच पियरसन इंडिया और इन्फिनिटी लर्न ने मिलकर एआई-पावर्ड कॉम्पिटिटिव एग्जाम टेस्ट सीरीज लॉन्च की है। इसका उद्देश्य जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को अधिक प्रभावी और आत्मविश्वास के साथ अध्ययन करने में मदद देना है। इस टेस्ट सीरीज़ की प्रमुख पेशकश जेईई मेन.एआई 2026 है, जिसे देश की सबसे प्रतिस्पर्धी प्रवेश परीक्षाओं में से एक जेईई की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए तैयार किया गया है। यह कार्यक्रम पियरसन इंडिया की विश्वसनीय शैक्षणिक सामग्री को इन्फिनिटी लर्न के एआई-आधारित डिजिटल लर्निंग टूल्स के साथ जोड़ता है, जिससे छात्रों को वास्तविक परीक्षा जैसी संरचित और व्यक्तिगत तैयारी का अनुभव मिलता है। इस प्लेटफॉर्म का मुख्य आधार एआईएनए नामक एक बुद्धिमान वॉयस-फर्स्ट एआई मेंटर है, जो 24X7 उपलब्ध रहेगा। एआईएनए छात्रों को चरणबद्ध तरीके से समस्याओं को हल करने, तुरंत डाउट क्लियर करने और उनकी प्रदर्शन के आधार पर व्यक्तिगत फीडबैक देने में मदद करता है। इससे विद्यार्थी अपनी कमजोरियों की पहचान कर सकते हैं, रणनीतियों में सुधार कर सकते हैं और बेहतर परिणाम हासिल कर सकते हैं। जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) मेन में हर वर्ष 13 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल होते हैं, जो आईआईटी, एनआईटी और आईआईआईटी जैसे प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में सीमित सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

## सैमसंग गैलेक्सी एस26 सीरीज़ और गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ भारत में उपलब्ध

**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी नई गैलेक्सी एस26 सीरीज़ और गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ की वैश्विक उपलब्धता की घोषणा कर दी है। सैमसंग की तीसरी पीढ़ी के एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) स्मार्टफोन्स के रूप में गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस26+ और गैलेक्सी एस26 उपयोगकर्ताओं को अधिक सहज और स्मार्ट एआई अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जिससे वे कम चरणों में अधिक काम कर सकते हैं।

शुरुआती प्री-ऑर्डर आंकड़ों में दहाई अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। इनमें गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा सबसे लोकप्रिय मॉडल बनकर उभरा है, जिसे वैश्विक स्तर पर 70 प्रतिशत से अधिक ग्राहकों ने चुना। उपयोगकर्ता गैलेक्सी एस26 की क्षमताओं को नए गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ के साथ और बेहतर बना सकते हैं, जिसमें सैमसंग के सबसे उन्नत ऑडियो और वियरेबल्स (पहनने योग्य तकनीक) नवाचार को एक सहज अनुभव में एकीकृत किया गया है। गैलेक्सी बड्स4 प्रो और गैलेक्सी बड्स4 अब तक की गैलेक्सी बड्स सीरीज़ में सर्वश्रेष्ठ सुनने का अनुभव प्रदान करने के लिए बेहतर हाई-फाई ऑडियो और रोज़मर्रा की पहनने की सुविधा देते हैं।

## टीवीएस ऑर्बिटर वी1 लॉन्च, अब BaaS मॉडल के साथ 49,999 से उपलब्ध

**लखनऊ।** दो और तीन पहिया वाहनों के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) ने अपने इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए 1.8 kWh बैटरी के साथ टीवीएस ऑर्बिटर वी1 लॉन्च किया है। यह कंपनी की लाइन-अप में सबसे किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर है। इसके साथ ही कंपनी ने अपने पूरे ईवी पोर्टफोलियो में बैटरी-एज़-ए-सर्विस मॉडल भी पेश किया है, जो ग्राहकों को अधिक लचीला ओनरशिप विकल्प देता है। टीवीएस ऑर्बिटर वी1 और BaaS मॉडल के साथ कंपनी की ईवी स्कूटर रेंज अब ?49,999 (एक्स-शोरूम दिल्ली, पीएम ई-ड्राइव सहित) से शुरू होती है। BaaS मॉडल से स्कूटर की शुरुआती कीमत कम हो जाती है और ग्राहकों को बैटरी की दीर्घकालिक सुरक्षा मिलती है। वहीं, जो ग्राहक बिना BaaS के ऑर्बिटर वी1 खरीदना चाहते हैं, वे इसे 84,500 (एक्स-शोरूम दिल्ली, पीएम ई-ड्राइव सहित) में खरीद सकते हैं। टीवीएस ऑर्बिटर वी1÷ नए भारत की स्मार्ट, सस्टेनेबल, अर्बन ईवी सवारी

1.8 kWh बैटरी से लैस टीवीएस ऑर्बिटर वी1 को रोजमर्रा की शहरी यात्रा को आसान और व्यावहारिक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। अब ऑर्बिटर रेंज दो वेरिएंट में उपलब्ध है–वी1 (1.8 kWh) और वी2 (3.1 kWh)। यह स्कूटर 86 किमी की प्रमाणित IDC रेंज देता है और लगभग 2 घंटे 20 मिनट में 0-80% चार्ज हो सकता है। इसमें कनेक्टेड मोबाइल ऐप, फ्रंट एलईडी हेडलैंप के साथ वाइज़र और इनकमिंग कॉल डिस्प्ले वाला कलर्ड एलसीडी क्लस्टर जैसे फीचर दिए गए हैं।

**डिजाइन फिलॉस्फी**

टीवीएस ऑर्बिटर वी1 का डिजाइन आधुनिक और व्यावहारिक है। इसमें 845 मिमी लंबी फ्लैट सीट, 290 मिमी का सीधा फुटबोर्ड, और चौड़ा व ऊंचा हैंडलबार दिया गया है, जो आरामदायक राइडिंग पोजिशन देता है।

# एक्सिस मैक्स लाइफ ने टियर 2 और 3 के बाजारों में भरोसे का पता के रूप में 50 नए एजेंसी ऑफिस खोले

**नई दिल्ली।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड, जिसे पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, ने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश,ओडिशा, पश्चिम बंगाल और असम के टियर 2 और 3 बाजारों में 50 नए एजेंसी ऑफिस खोलते हुए अपने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की है। साथ ही कंपनी ने दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु जैसे प्रमुख मेट्रो शहरों में भी अपना फुटप्रिंट बढ़ाया है। यह पहल 2047 तक सभी के लिए बीमा के इरडा के मिशन के लिए उत्प्रेरक की तरह काम करेगी। यह पहल जीवन बीमा को एक पुश प्रोडक्ट (जबर्दस्ती दिए जाने वाले प्रोडक्ट) से जमीनी स्तर पर जरूरी प्रोडक्ट के रूप में बदल रही है। भारत के इमर्जिंग इकोनॉमिक कॉरिडोर में अपनी एजेंसियों की मौजूदगी बढ़ाते हुए एक्सिस मैक्स लाइफ का उद्देश्य प्रोटेक्शन गैप को खत्म करते हुए और वित्तीय समावेश को बढ़ावा देते हुए अंतिम छोर तक सर्विस देने वाली कंपनी के रूप में खुद को स्थापित करना है।

एक्सिस मैक्स लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सुमित मदान ने कहा, हमारी प्रतिबद्धता यह सुनिश्चित करना है कि वित्तीय सुरक्षा देश के हर कोने तक पहुंचे। इसकी शुरुआत उन इलाकों में मजबूत पहुंच से होनी चाहिए, जहां लोग इससे वंचित हैं। 50 नए ऑफिस का खुलना टियर 2 एवं 3 के बाजारों पर हमारे फोकस को दिखाता है। इससे उभरते भारत की प्रोटेक्शन की जरूरतों को सीधे तौर पर पूरा करना संभव होगा।

## पोको इंडिया ने लॉन्च किया पोको C85× 5G

**नई दिल्ली।** पोको इंडिया ने आज पोको C85× 5G स्मार्टफोन लॉन्च करने की घोषणा की। यह स्मार्टफोन रोज़मर्रा के यूजर्स के लिए भरोसेमंद परफॉर्मेंस, बड़ा शानदार डिस्प्ले और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। छात्रों, पहली बार स्मार्टफोन खरीदने वालों और रोज़ाना भरोसेमंद परफॉर्मेंस चाहने वाले यूज़र्स की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया यह डिवाइस कुशल हार्डवेयर, व्यावहारिक फीचर्स और लंबे समय तक सॉफ्टवेयर सपोर्ट के साथ आता है।पोको C85× 5G में ऑक्टा-कोर प्रोसेसर दिया गया है, जो 6nm तकनीक पर बना है और बेहतर परफॉर्मेंस के साथ बैटरी की बचत भी करता है। इसमें 2.2GH5 तक की स्पीड वाले A78 परफॉर्मेंस कोर और Mali-G57 GPU है, जिससे ब्राउज़िंग, सोशल मीडिया, वीडियो देखना और हल्की-फुल्की गेमिंग आसानी से हो जाती है। यह स्मार्टफोन 4GB + 64GB और 4GB+ 128 वेरिएंट में उपलब्ध है, जिसमें LPDDR4X रैम और FS 2.2 स्टोरेज दिया गया है। इससे ऐप्स तेज़ी से लोड होते हैं और मल्टीटास्किंग भी आसानी से होती है।

# भारत के सेमीकंडक्टर उदय को सशक्त कर रहे हैं आईईएसए टेक्नोवेशन अवार्ड्स

**लखनऊ।** आईईएसए विज़न समिट 2026 के दौरान आईईएसए टेक्नोवेशन अवार्ड्स दिए गए। ये भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम) और सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार हैं। इंडस्ट्री, सरकार, स्टार्ट अप और शिक्षा जगत के सबसे तेज़ दिमागों को एक साथ लाते हुए, दो दिन के इस समिट -जिसकी थीम थी 'डिज़ाइन टू मैन्युफैक्चरिंगः सिनर्जी ऑफ प्रोडक्ट, प्रोडक्शन एंड स्किल'- ने भारत के प्रोडक्ट नेशन बनने के सपने में एक अहम बदलाव का संकेत दिया। बैंगलुरु में लीला भारतीय सिटी कन्वेंशन सेंटर में सम्पन्न समिट में भारत के सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स ईकोसिस्टम को मज़बूत करने में उनके शानदार योगदान के लिए इस साल के टेक्नोवेशन अवॉर्ड विजेताओं को बधाई देते हुए आईईएसए के प्रेसिडेंट अशोक चांडक ने कहा विजेताओं की उपलब्धियां नवोन्मेष की गहराई, उद्यमिता की भावना और कार्यान्वयन की उत्कृष्ट क्षमता दर्शाती हैं, जो भारतीय प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार दे रही हैं। सेमीकंडक्टर और ईएसडीएम वैल्यू चेन में बेहतरीन प्रदर्शन को प्रकाश में लाकर ये पुरस्कार भारत में टेक्नोलॉजी लीडरशिप और ईकोसिस्टम पर असर के लिए नए मानक स्थापित सेट करते रहेंगे।''

उन्होंने आगे कहा पिछले कुछ सालों में, टेक्नोवेशन अवाड्र्स भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग में तेज़ी से हो रहे बदलाव के साथ-साथ आगे बढ़े हैं। अब इन श्रेणियों में स्टार्टअप्स, सूक्ष्म-लघु-मध्यस्म उद्यम, ऐंटरप्राइज़ और सर्विसेज़, टेक्नो-विज़नरी लीडर, और स्किलिंग व एकेडेमिया शामिल हैं - जो इनोवेशन, मैन्युफैक्चरिंग ताकत, ग्लोबल डिलीवरी क्षमता और प्रतिभा विकास के पूरे विस्तार को दिखाते हैं जो हमारे ईकोसिस्टम को परिभाषित करते हैं।'

# क्या होता है कार्डिएक अरेस्ट रीजेंसी हेल्थ कानपुर के विशेषज्ञों ने बताए चेतावनी संकेत और त्वरित इलाज की आवश्यकता



**कानपुर।** रीजेंसी हेल्थ कानपुर ने कार्डिएक अरेस्ट के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने की बढ़ती जरूरत पर जोर दिया है। कार्डिएक अरेस्ट एक ऐसी इमरजेंसी स्थिति होती है जिससे हर उम्र के लोग प्रभावित होते हैं। अस्पताल के विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया है कि समय पर कार्डिएक अरेस्ट के शुरुआती संकेतों को पहचानने से और तुरंत मेडिकल हस्तक्षेप करने से व्यक्ति के बचने की संभावना को काफी बढ़ाया जा सकता है। कार्डिएक अरेस्ट तब होता है जब हृदय अचानक से काम करना बंद कर देता है। इससे व्यक्ति अचेत हो जाता है और उसकी धड़कन बंद हो जाती है। अक्सर यह बिना किसी खास संकेतों के होता है लेकिन रीजेंसी हेल्थ के विशेषज्ञों में यह नोट किया है कि कार्डिएक अरेस्ट होने से पहले हल्के लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इनमें बिना किसी वजह के सीने में तकलीफ़, दिल की धड़कन का अनियमित होना, अचानक सांस फूलना और अजीब तरह से थकान होना शामिल है। रीजेंसी हेल्थ कानपुर के कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के एसोसिएट डॉयरेक्टर डॉ अभिनीत गुप्ता ने कहा, लोग अक्सर इन संकेतों को छोटी-मोटी दिक्कतें समझकर नज़रअंदाज़ कर देते हैं, लेकिन ये कार्डिएक अरेस्ट में शरीर के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में त्वरित चिकित्सा जांच से जान बचाई जा सकती है। हॉस्पिटल की हेल्थकेयर टीम कार्डिएक अरेस्ट और हार्ट अटैक के बीच अंतर समझने की ज़रूरत पर भी ज़ोर देती है। हार्ट अटैक खून के बहाव में रुकावट की वजह से होता है, जबकि कार्डिएक अरेस्ट में अचानक इलेक्ट्रिकल खराबी होती है जिससे दिल की धड़कन रुक जाती है। दोनों ही स्थितियों में तुरंत देखभाल की ज़रूरत होती है, लेकिन कार्डिएक अरेस्ट में दिल की धड़कन को सामान्य करने के लिए तुरंत CPR और डिफिब्रिलेशन की ज़रूरत होती है।

रीजेंसी हेल्थ कानपुर विशेष उपचार प्रोटोकॉल, त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रिया और मरीज-केंद्रित उपचार प्रक्रियाओं के माध्यम से हृदय संबंधी उपचार के परिणामों को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। हॉस्पिटल परिवारों को जागरूक रहने, नियमित हृदय जांच कराने और हृदय-स्वस्थ लाइफस्टाइल अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित करता है, जिससे अचानक होने वाली हृदय संबंधी इमरजेंसी बीमारियों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## डिज़्नी एडवेंचर सिंगापुर से अपनी पहली यात्रा पर निकला



**लखनऊ।** आज, डिज़्नी एडवेंचर ने अपने पहले मेहमानों का स्वागत किया और उसी के साथ जहाज़, सिंगापुर से अपनी पहली यात्रा पर निकला और एशिया में घरेलू बंदरगाह पर पहुंचने वाला पहला डिज़्नी क्रूज़ लाइन जहाज़ बन गया। यह जहाज़ डिज़्नी की 100 से ज़्यादा सालों की कहानी सुनाने की कला पर आधारित है, जो एशिया में मेहमानों के लिए पसंदीदा डिज़्नी, मार्वल और पिक्सर की कहानियों को बिल्कुल नए तरीकों से जीवंत करता है। डिज़्नी एडवेंचर पर, जादू सात खास विषय वाले एरिया में जीवंत होता है- डिज़्नी इमेजिनेशन गार्डन, टॉय स्टोरी प्लेस, सैन फ्रांसिस्को स्ट्रीट, टाउन स्क्वायर, वेफ़ाइंडर बे, डिज़्नी डिस्कवरी रीफ़ और मार्वल लैंडिंग। इन सभी एरिया में फैले, मेहमान परिवार में सभी के लिए कुछ न कुछ पा सकते हैं, जिसमें बेहतरीन मनोरंजन की पेशकश, रोमांचक आकर्षण, स्वादिष्ट खाने के विकल्प, खास खुदरा गंतव्य और भी बहुत कुछ शामिल है। समुद्र में सर्वश्रेष्ठ मनोरंजन प्रदान करने के लिए जानी जाने वाली, डिज़्नी क्रूज़ लाइन डिज़्नी एडवेंचर पर 40 से ज़्यादा शानदार मनोरंजन अनुभवों के साथ खुद को बेहतर साबित करती है। डिज़्नी के सीज़ द एडवेंचर और इसके अलग अलग कैरेक्टर के साथ मुलाकात और बातचीत पर आधारित मीट-एंड-ग्रीट्स जैसे पसंदीदा आयोजन वापस आ रहे हैं। इसके साथ ही इस जहाज़ के लिए खास तौर पर तैयार की गई कई रोमांचक नई पेशकशें भी हैं–जिसमें प्राइवेट कराओके रूम, एकदम नए गेम शो और वॉल्ट डिज़्नी थिएटर में रिमेम्बर नाम का एक शानदार नया स्टेज शो शामिल है। मेहमान ऊपरी डेक पर पूरे परिवार के लिए डिज़ाइन किए गए कई तरह के आकर्षणों का भी आनंद ले सकते हैं। मार्वल लैंडिंग में, ग्रूट गैलेक्सी स्पिन एक मज़ेदार राइड है जहां मेहमान अंतरिक्ष यान (स्पेसक्राफ्ट) चलाते हैं, जबकि टॉय स्टोरी प्लेस में, वुडी और जेसीज़ वाइल्ड स्लाइड्स बच्चों और दिल से जवान लोगों के लिए पानी में छप-छप करने का मज़ा देती है।

# भारत के स्वच्छ ऊर्जा मिशन को गति देने के लिए टाटा पावर-सेल्सफोर्स का समझौता



**लखनऊ।** भारत की सबसे बड़ी वर्टिकली इंटीग्रेटेड पावर कंपनियों में से एक टाटा पावर ने आज दुनिया की नंबर 1 AI CRM कंपनी सेल्सफोर्स के साथ सहयोग की घोषणा की है। इस सहयोग का उद्देश्य टाटा पावर के तेजी से बढ़ रहे रूफटॉप सोलर, ईवी चार्जिंग और स्मार्ट होम सॉल्यूशंस व्यवसायों का डिजिटल रूपांतरण करना है।

यह सहयोग भारत के नेट-जीरो लक्ष्यों के अनुरूप टाटा पावर के दीर्घकालिक स्वच्छ ऊर्जा रोडमैप को और मजबूत करेगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऑटोमेशन और डेटा-आधारित इनसाइट्स की मदद से एक सुरक्षित, स्मार्ट और पूरी तरह एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा इकोसिस्टम विकसित करने पर इसका विशेष जोर रहेगा। यह प्लेटफॉर्म नवीकरणीय ऊर्जा वैल्यू चेन में स्केलेबल ग्रोथ, भागीदारों और ग्राहकों के साथ गहरा जुड़ाव, तथा संचालन में बेहतर दक्षता और उत्कृष्टता हासिल करने में मदद करेगा। इस डिजिटल परिवर्तन के तहत टाटा पावर ने अपनी नवीकरणीय ऊर्जा सहायक कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड में एजेंटफोर्स सेल्स, एजेंटफोर्स सर्विस और एजेंटफोर्स मार्केटिंग को लागू किया है। सेल्सफोर्स प्लेटफॉर्म बुद्धिमान और AI-सक्षम वर्कफ्लो को बढ़ावा देता है, जिससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ती है, निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होती है और सभी चैनलों पर ग्राहकों को सहज अनुभव मिलता है। इससे बड़े पैमाने पर दक्षता, फुर्ती और सेवा क्षेत्र में नेतृत्व को और मजबूती मिलती है।

## लीवाइस के 'बिहाइंड एवरी ओरिजिनल' अभियान की आलिया भट्ट के साथ नई शुरुआत




**मुंबई।** लीवाइस ब्रांड अपने 2026 के वैश्विक अभियान 'बिहाइंड एवरी ओरिजिनल' को भारत में लेकर आया है, जिसमें ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नज़र आ रही हैं। 'बिहाइंड एवरी ओरिजिनल अभियान इसी महान विरासत को आगे बढ़ाता है। यह वैश्विक स्तर पर मौलिकता के पीछे की गहरी सोच का जश्न मनाता है–वह जिज्ञासा, अटूट विश्वास और दुनिया को एक अलग नज़रिये से देखने का साहस, जो असल प्रगति को जन्म देते हैं। इस अभियान का मुख्य केंद्र अभिनेत्री आलिया भट्ट हैं, जो एक ऐसी कलाकार और वैश्विक सांस्कृतिक आइकन हैं जिनकी यात्रा निरंतर विकास, आत्मविश्वास और अद्वितीय व्यक्तित्व का मेल है। उनका यह सफर आज की उस पीढ़ी की आवाज़ है जो बनावटी पूर्णता के बजाय असलियत और प्रामाणिकता को चुनती है, और यही खूबी उन्हें लीवाइस की इस वैश्विक कहानी का एक सच्चा प्रतिनिधि बनाती है। इस सीज़न में लीवाइस रिलैक्स्ड फिट्स की बढ़ती लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए 'सिंच वेस्ट जींस' पेश कर रहा है, जिसे पीछे की ओर एक एडजस्टेबल डिटेल के साथ डिज़ाइन किया गया है।

# एआई एजेंट्स बिज़नेस की सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो रहा



**लखनऊ।** सेल्सफोर्स, दुनिया के स1 एआई सीआरएम ने आज अपनी नई स्टेट ऑफ़ सेल्स रिपोर्ट के नतीजों की घोषणा की, जिसमें पता चला कि 91प्रतिशत भारतीय सेल्स प्रोफेशनल्स का कहना है कि एआई एजेंट्स बिज़नेस की सफलता के लिए ज़रूरी हैं। जैसे-जैसे सेल्स टीमें (ब्रिकी टीमें) 2026 की शुरुआत बड़े लक्ष्यों के साथ कर रही हैं, वे अपने तय लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए एआई - खासकर एजेंट्स - की ओर रुख कर रही हैं। सर्वे से पता चलता है कि इस साल कंपनी की ग्रोथ को बढ़ाने के लिए एआई सबसे प्रमुख तकनीक है।

डेटा यह भी बताता है कि क्यों सेल्स टीमें ग्राहकों की लगातार बदलती मांगों और उन्हें पूरा करने के लिए सीमित बैंडविड्थ के बीच तेज़ी से खिंच रही हैं। रिसर्च से पता चलता है कि उत्पादकता पर असली असर मेहनत या कौशल का नहीं है; बल्कि प्रशासनिक रुकावटों का है।

संगीता गिरी, एसवीपी और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिस-साउथ एशिया, सेल्सफोर्स ऑफ़िसर, ने कहा कि भारत के बहुत ज़्यादा प्रतियोगी बाजार में, हम हसल (उलझनों) से हाई-प्रिसिजन (बेहद सटीक) की ओर एक बड़ा बदलाव देख रहे हैं। एआई एजेंट्स रुकावटों को दूर करके, सीखने की रफ़्तार बढ़ाकर, और टीमों को ग्राहकों के साथ भरोसा बनाने के लिए ज़रूरी समय देकर, बराबरी करने वाले बन रहे हैं। भारत जैसे तेज़ी से बदलते और रिश्तों पर चलने वाले मार्केट में, 2026 में जीतने वाले सेलर्स वे होंगे जो इंसानी फ़ैसले को एआई एजेंट्स के साथ जोड़ेंगे जो बैकग्राउंड में लगातार काम कर रहे हैं।

# विधायक का प्रयास लाया रंग, सेवरही में बस स्टैंड निर्माण कार्य शुरू

- लगभग 2.75 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक बस स्टैंड
- सेवरही सहित बिहार के दर्जनों गांवों को मिलेगा आवागमन का बेहतर साधन

**अवधनामा संवाददाता**



बस स्टैंड निर्माण के लिए भूमि पूजन करते विधायक डॉ असीम कुमार राय

**सेवरही, कुशीनगर।** नगर पंचायत सेवरही के वार्ड नंबर 6 (शिव शक्ति नगर) में सरकारी बस स्टैंड के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। क्षेत्रीय विधायक डॉ. असीम कुमार के प्रयासों से परिवहन विभाग द्वारा स्वीकृत लगभग पौने तीन करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले बस स्टैंड का निर्माण कार्य बृहस्पतिवार को विधिवत भूमि पूजन के साथ शुरू हो गया।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. असीम कुमार की उपस्थिति में नगर पंचायत अध्यक्ष सोनिया त्रिभुवन जायसवाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। बस स्टैंड निर्माण की शुरुआत होने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है और लोगों ने विधायक तथा नगर पंचायत प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत सेवरही के शिव शक्ति नगर वार्ड में परिवहन विभाग द्वारा बस स्टैंड निर्माण के लिए आवश्यक सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। बिहार सीमा से सटे महत्वपूर्ण कस्बा सेवरही में लंबे समय से बस स्टैंड की मांग की जा रही थी। मंजूरी मिलने के बाद कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में खुशी का माहौल है।विधायक डॉ. असीम कुमार ने बताया कि बस स्टैंड बनने से सेवरही और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को तो लाभ मिलेगा ही, साथ ही सीमावर्ती राज्य बिहार के दर्जनों गांवों के लोग भी इसका सीधा लाभ उठा सकेंगे। इससे लंबी दूरी की बसों से यात्रा करना आसान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि 4 अप्रैल 2023 को प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा अधिग्रहित भूमि पर बस स्टैंड की आधारशिला रखी गई थी और यहां से लंबी दूरी की बसों के संचालन की घोषणा भी की गई थी। उस समय एक कमरे का भवन और शौचालय का निर्माण कराया गया था, लेकिन शेष कार्य अधूरा रह गया था। अब एक बार फिर विधायक के प्रयास से परिवहन विभाग के प्रबंध निदेशक द्वारा बस स्टैंड निर्माण के लिए धन स्वीकृत कर दिया गया है, जिससे वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण परियोजना का रास्ता साफ हो गया है। गौरतलब है कि बिहार से सटा कस्बा सेवरही एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक केंद्र है। बस स्टैंड न होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बस स्टैंड बनने से क्षेत्र के व्यापार, आवागमन और विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर गन्ना समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र उर्फ राजू राय, पूर्व मंडल अध्यक्ष हिमांशु जायसवाल, सभासद दीपक जायसवाल, पप्पू जायसवाल, अजय गुप्ता, ब्यास निषाद, संतोष वर्मा, संजय गुप्ता, बृजभूषण मिश्र उर्फ बड़का बाबू, बैजनाथ वर्मा, विजय देवड़ा, सुधीर तिवारी, सोनिया वर्मा, सुभाष यादव, मक्खन जायसवाल, श्रीकांत सिंह, विजय तुलस्यान आदि उपस्थित रहे।

## सहजनवा पुलिस की तत्परता : 6 घंटे में लापता भाई-बहन को सकुशल ढूंढ निकाला

**गोरखपुर।** थाना सहजनवा क्षेत्र में लापता हुए दो मासूम भाई-बहन को पुलिस ने महज 6 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार नीतू पत्नी उमेश, निवासी रेलवे स्टेशन के पीछे, थाना सहजनवा, जनपद गोरखपुर ने बीती रात अपने दो बच्चों अंजलि (10 वर्ष) और राज (7 वर्ष) के अचानक लापता होने की सूचना थाने में दी, जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर तत्काल खोजबीन शुरू कर दी। थाना प्रभारी सहजनवा महेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में सब इंस्पेक्टर विशाल सिंह और सब इंस्पेक्टर सुरेश यादव ने पुलिस टीम के साथ तेजी से तलाश अभियान चलाया। करीब 6 घंटे की खोजबीन के बाद दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया। जांच में पता चला कि दोनों बच्चे घर से निकलकर पास के एक मैरिज हॉल में खाना खाने चले गए थे। पुलिस ने बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों को सौंप दिया।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा पड़रिया गांव का पंचायत भवन, बना जुआरियों का अड्डा

- फर्जी रिपोर्ट लगाने में माहिर बढ़नी ब्लाक के अधिकारी एपीओ शाहिद सिराज व एमआई संतोष कुमार गुप्ता, व राम सेवक यादव भ्रष्टाचार को दे रहे बढ़ावा

**अवधनामा संवाददाता**



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भले ही जीरो टॉलरेंस के बात करती हो और भ्रष्टाचार मुक्त करने की लाख दावे कर ले, पर धरातल पर हकीकत कुछ और ही नजर आ रहा है। शायद ब्लाक स्तर पर जुड़े जिम्मेदार अधिकारी खुद भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं और आंखों पर पट्टी बांध कर जांच करते है। या फिर भ्रष्टाचारियों से मिली भगत कर उन्हें संरक्षण देकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी रिपोर्ट अपलोड कर मुख्यमंत्री को भी चुनौती दे रहे हैं। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

ताजा मामला विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़रिया का प्रकाश में आया है। जहां बताया जाता है कि अनिल कुमार द्वारा मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत संख्या 40018426002143 के माध्यम से उक्त गांव में खेलकूद मैदान व पंचायत भवन में सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आदि विकास के नाम पर ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा किये गये कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। जिसकी जांच के संबंध में बीडीओ बढ़नी अनिशि मणि पांडेय द्वारा तीन सदस्यीय टीम गठित की गई थी। जिसमें मनरेगा से एपीओ शाहिद सिराज व एमआई संतोष कुमार गुप्ता व कृषि सहायक विकास अधिकारी राम सेवक यादव द्वारा हस्ताक्षर युक्त रिपोर्ट में लिखा गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में खेलकूद मैदान निर्माण कार्य पर अनुमानित धनराशि 1058000.00 के सापेक्ष 373220.00 का भुगतान किया गया है। और पंचायत भवन में कुर्सी मेज इनवर्टर बैट्री लैपटॉप आलमारी सीसीटीवी कैमरा आदि संतोषजनक पाया गया है। जबकि एपीओ से फोन वार्ता के दौरान बताया कि उस दिन जांच के दौरान केवल संतोष कुमार व रामसेवक यादव गये थे।

## ग्राम चौपाल में सुनी गई समस्याएं

**अमेठी।** शासन की योजनाओं को गांव स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से गुरुवार को ग्राम पंचायत नन्दौर में ग्राम चौपाल का आयोजन उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया की अध्यक्षता में हुआ। चौपाल के दौरान उप जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान तथा उपस्थित ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने विभिन्न विषयों से जुड़ी समस्याओं को रखा जिनमें विशेष रूप से राजस्व संबंधी मामलों पर चर्चा की गई। उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भी उपस्थित रही जिन्होंने ग्रामीणों से भूमि खसरा-खतौनी सीमांकन तथा अन्य राजस्व कार्यों से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

## परिवहन विभाग और पुलिस के संयुक्त अभियान में 15 वाहनों का चालान



**बृजेश कुमार शुक्ल**

**बस्ती।** आयुक्त परिवहन के निर्देश के क्रम में प्रदेश में 10 मार्च से चलाए जा रहे कर बकाये में संचालित वाहनों के विरूद्ध सघन प्रवर्तन अभियान में परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने 15 वाहनों के चालान से 1.25 लाख प्रशमन शुल्क एवं 44 हजार रुपए टैक्स की वसूली की गई।

सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सुरेश कुमार के नेतृत्व में यात्रीकर अधिकारी प्रदीप कुमार श्रीवास्तव एवं पुलिस विभाग के यातायात निरीक्षक अवधेश तिवारी ने जनपद में सघन अभियान 15 वाहनो का चालान किया गया। जिसमें कुल 09 वाहनों को विभिन्न थानों में कर बकाया, फिटनेस फेल, परमिट फेल, बीमा फेल व ओवरलोड तथा अन्य अभियोग में निरूद्ध किया गया जिसमें थाना पैकोलिया में जिसमें 4 ट्रक,1 वैन एवं 1 मैजिक कुल 6 वाहन साथ ही परशुरामपुर थाना के अन्तर्गत 1 ट्रक ओवरलोड, 2 स्कूल बस निरूद्ध की गई तथा वाहनों से 1.25 लाख प्रशमन शुल्क एवं 44 हजार रुपए टैक्स की वसूली की गई।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**अमेठी।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर अंतर्गत तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गई।हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार संग्रामपुर थाना क्षेत्र के कालीकन विशेश्वरगंज मार्ग स्थित भैरोपुर गांव के पास बुधवार देर रात तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई।हादसे में बाइक चला रहे प्रदीप वर्मा पुत्र धर्मवीर वर्मा निवासी भगतपुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।गुरुवार सुबह ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची संग्रामपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। युवक एक शादी समारोह में शामिल होकर देर रात अपने घर लौट रहा था।थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**अवधनामा ब्यूरो**



प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी

**कुशीनगर।** जनगणना-2027 की तैयारियों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में कंप्यूटर कक्ष/लाइब्रेरी में जिला एवं चार्ज स्तरीय अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के समस्त ग्रामीण एवं नगरीय चार्ज अधिकारियों ने प्रतिभाग करते हुए जनगणना से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा उपस्थित होकर अधिकारियों को जनगणना की प्रक्रिया, उसके महत्व एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के समग्र विकास तथा योजनाओं के निर्माण की आधारशिला है, इसलिए इस कार्य को पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न किया जाना आवश्यक है।अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना के प्रति व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करें तथा जनगणना से संबंधित सूचनाओं की गोपनीयता बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में संपन्न कराया जाएगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक किया जाएगा। इसके पूर्व 7 मई 2026 से 21 मई 2026 तक आम नागरिकों को स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार से संबंधित विवरण स्वयं दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य 9 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक संपन्न कराया जाएगा। जनगणना निदेशालय द्वारा नामित एवं जिला प्रभारी जनगणना अधिकारियों ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की तकनीकी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सीएमएमएस पोर्टल, हाउस लिस्टिंग ऑफिसर (एचएलओ) के गठन, डेटा संकलन एवं रिपोर्टिंग प्रणाली पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को जनगणना कार्य को पारदर्शी, व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा भी विभिन्न सत्रों में जनगणना की कार्यप्रणाली एवं जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला गया।

## गैस एजेंसियों का अफसरों ने किया निरीक्षण, पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस होना बताया

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जनपद में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की जांच के लिए जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय द्वारा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राजीव कुमार, पूर्ति निरीक्षक वैद्यनाथ सिंह तथा पूर्ति निरीक्षक विजय कुमार के साथ विभिन्न गैस एजेंसियों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गैस स्टॉक, वितरण व्यवस्था एवं उपभोक्ताओं को आपूर्ति की स्थिति का सत्यापन किया गया।

मे. नायक भारत गैस, सपहा के निरीक्षण में माह फरवरी 2026 के दौरान आगत 6458 एवं 3084 सिलेंडरों के सापेक्ष 5870 एवं 2954 सिलेंडरों का वितरण पाया गया तथा 588 एवं 130 सिलेंडर अवशेष रहे। मार्च माह में 12 मार्च 2026 तक एजेंसी पर घरेलू गैस के 130 सिलेंडर स्टॉक में पाए गए। ऑनलाइन बुकिंग के सापेक्ष 15 बुकिंग लंबित थीं। मौके पर गैस लेने पहुंचे तीन उपभोक्ताओं द्वारा पूर्व में रिफिल प्राप्त किए जाने तथा निर्धारित 25 दिन की अवधि पूर्ण न होने के कारण पुनः वितरण नहीं किया गया। मे. कांति गैस सर्विस, एचपीसीएल, कसया के निरीक्षण के दौरान एजेंसी खुली पाई गई तथा उपभोक्ताओं की भीड़ मौजूद थी। एजेंसी को 14.2 किलोग्राम घरेलू गैस का एक लोड (450 सिलेंडर) प्राप्त हुआ था, जिसमें से निरीक्षण तक 414 सिलेंडरों का वितरण किया जा चुका था। पुलिस बल की उपस्थिति में गैस वितरण कराया जा रहा था। स्टॉक में 14.2 किलोग्राम के 36 सिलेंडर उपलब्ध पाए गए, जबकि 19 किलोग्राम एवं 5 किलोग्राम सिलेंडर का स्टॉक शून्य था। मे. अनीता एचपी ग्रामीण वितरण, मैनपुर के निरीक्षण में एजेंसी का शोरूम एवं गोदाम बंद पाए गए तथा कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं मिला। सेल्स ऑफिसर से प्राप्त जानकारी के अनुसार एजेंसी को अभी गैस का कोई लोड प्राप्त नहीं हुआ है। एजेंसी बंद पाए जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है।

## 50 हजार का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ को चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह के तहत चेकिंग के दौरान इसौली रोड जाखा शिवपुर के पास मौजूद थे कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कबाड़ व्यापारी रमन अग्रहरि से रंगदारी की घटना में वांछित व रुपये 50 हजार का ईनामिया अभियुक्त कहीं जाने की फिराक में है। मुखबिर की बात पर विश्वास कर पुलिस टीम द्वारा इसौली रोड़ पर पहुंच कर घेराबंदी की गई तभी इसौली घाट की तरफ से एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी जिसे पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति गाड़ी मोड़कर गुलाम हैदर जाने वाले कच्चे रास्ते से भागने लगा और हडबड़ाकर गिर गया तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया।

## क्षेत्र की खुशहाली के लिए पूर्व मंत्री ने किया दुखदुरिया का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** विकास खण्ड भेटुवा के अमयेमाफी गांव में बाबू मान सिंह के चबूतरे पर गुरुवार को पूर्व मंत्री रही डॉ अमीता सिंह की ओर से दुखदुरिया कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें हजारों की संख्या में सुहागिनों ने हिस्सा लिया।

कथा के शुरुवात में डॉ अमीता सिंह ने सभी सुहागिनों को चुनरी ओढाई तत्पश्चात सती माता तथा अवसान माई के पूजन व कथा के बाद महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कथा के बाद पूर्व मंत्री डॉ अमीता सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह गांव पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह का जन्म स्थान है। हम लोगों को यहां से अपार प्रेम मिलता है।आज बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ अवसान माई की कथा दुखदुरिया हुई है। जिसका उद्देश्य अमेठी के लोगों में सुख -समृद्धि व खुशहाली लाना है। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने कहा कि हमारा अमयेमाफी से जन्म का नाता है इसी कार्यक्रम स्थल पर बचपन मे हम खेला करते थे। उन्होंने कहा कि जब तक हम एमएलए या एमपी रहे अमेठी में किसी की भी हिम्मत नहीं होती थी कि वह पैसा लेकर के जनता का कोई काम करें। डॉ संजय सिंह ने कहा कि हम लोगों ने हमेशा राजनीति को सेवा का माध्यम माना है जीवन भर लोगों की खुशहाली के लिए काम करते रहेंगे।

## लेखपाल पर अवैध कब्जा कराने का आरोप

**बस्ती।** विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष महंथ गिरिजेश दास ने आईजीआरएस के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके बस्ती सदर तहसील के ग्राम रामपुर मेडिकल कालेज के पीछे थाना मुण्डेरवा के गाटा सं0-333म/0.0240 भूमि पर तत्कालीन लेखपाल शीला प्रजापति के द्वारा विपक्षी से मिलकर अवैध निर्माण कराये जाने का आरोप लगाते हुये लेखपाल के विरूद्ध कार्रवाई और कब्जे को खाली कराये जाने की मांग किया है। शिकायती पत्र में महंथ गिरिजेश दास ने कहा है कि बस्ती सदर तहसील के ग्राम रामपुर, थाना मुण्डेरवा के गाटा सं0 333म पर तत्कालीन लेखपाल शीला प्रजापति की मिली भगत से उक्त कीमती भूमि पर माह जून 2025 में रामपुर निवासी इबरार पुत्र ऐश मोहम्मद से गाटा सं0-333म पर निजी लाभ हेतु तत्कालीन लेखपाल ने अवैध कब्जा कराकर पक्का निर्माण करा दिया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा उन्हें बताया गया कि तत्कालीन लेखपाल के द्वारा क्षेत्र में अपने कार्यकाल में तमाम लोगों को ग्राम समाज व सरकार की जमीनों पर अवैध कब्जा करा दिया गया है।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में 200 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण



**मथौली, कुशीनगर।** गायत्री शक्तिपीठ मस्तीचक द्वारा संचालित पूर्वी भारत के सबसे बड़े नेत्र अस्पताल अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल द्वारा विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत अजीजनगर में गुरुवार को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद निशुल्क दवा वितरण किया गया।

शिविर में डॉ रमेश कुमार पाठक, संजय सिंह, रामनयन सिंह, राजा राव के द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद निशुल्क दवा वितरण किया गया। इसके साथ ही लोगों को बेहतर इलाज हेतु सलाह भी दिया गया। शिविर में 200 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ जिसमें से कई मरीज मोतियाबिंद के मिले। शिविर का सुपरवाइजर राजा राव ने बताया कि उक्त कार्यक्रम अजीजनगर निवासी लालबहादुर सिंह उर्फ सीपीएन सिंह भावी प्रधान प्रत्याशी के द्वारा काफी प्रयास कर अपने द्वार पर दूसरी बार शिविर लगवाया जिससे ग्राम सभा में सैकड़ों लोगों को निःशुल्क इलाज किया गया। सीपीएन सिंह के इस सराहनीय कार्य की खूब चर्चा है। इस मौके पर विशाल सिंह, कन्हैया मद्धेशिया, राम समुझ रमाशंकर प्रसाद, नवनीत सिंह, आदित्य सिंह, सतिया देवी, यशोदा देवी, कलावती देवी, अनिरुद्ध सिंह, बालिका देवी, दुखनी देवी, रमेश, रजला देवी, आयुष सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मोतीचक में बिना साइन बोर्ड के चल रहा पिच निर्माण, गुणवत्ता पर उठे सवाल

- गाजे-बाजे के साथ नहीं, बल्कि पूरी तरह सन्नाटे में चल रहा है यह निर्माण कार्य
- जब तक विभाग के उच्चाधिकारियों की नींद खुलेगी, तब तक शायद घटिया सामग्री से बनी यह सड़क टूटना शुरू हो चुकी होगी

**शकील अहमद**



मां चेड़ा देवी मंदिर के समीप पचार माइनर पर बिना साइन बोर्ड के पुलिया निर्माण



नपं मथौली के वार्ड नंबर 16 में जेई के गैर मौजूदगी में पीच सड़क निर्माण

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** जिले के मोतीचक क्षेत्र व नगर पंचायत मथौली में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां नगर पंचायत के वार्ड नंबर 16 लोहेपार में करोड़ों रुपए (स्थानीय सूत्रों के अनुसार लाखों रुपए) की लागत से बन रही पिच सड़क का निर्माण पूरी तरह से नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए किया जा रहा है। सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि निर्माण स्थल पर आज तक कोई साइन बोर्ड (सूचना पट्ट) नहीं लगाया गया है, जो पारदर्शिता और जवाबदेही पर सीधा प्रहार है।

**गायब है साइन बोर्ड, छुपा है ठेकेदार का नाम :** पीडब्ल्यूडी के नियमों के अनुसार किसी भी निर्माण कार्य की शुरुआत से पहले एक साइन बोर्ड लगाना अनिवार्य होता है, जिसमें परियोजना की लागत, स्वीकृति राशि, ठेकेदार का नाम और पूर्णता तिथि का ब्योरा होता है। लेकिन मथौली के लोहेपार में बन रही इस सड़क पर ऐसा कोई बोर्ड नहीं है। ऐसे में यह पता लगाना मुश्किल हो रहा है कि आखिर यह निर्माण किस ठेकेदार को दिया गया है और इसकी लागत कितनी है। नागरिकों का आरोप है कि बिना साइन बोर्ड के निर्माण कराकर विभाग और ठेकेदार मिलीभगत से जनता की आंखों में धूल झोंकना चाहते हैं।

**मिट्टी दरकी, गिट्टी कमजोर गुणवत्ता पर बवाल :** खबर मिलते ही जब हमारी टीम मौके पर पहुंची, तो निर्माण की गुणवत्ता की असलियत सामने आ गई। सड़क के दोनों किनारों पर भरी जा रही मिट्टी रोलर चलते ही दरक रही है, जो भविष्य में सड़क धंसने का संकेत है। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क में घटिया किस्म की गिट्टी और बजरी का इस्तेमाल किया जा रहा है। सबसे बड़ी चिंता का विषय है कि सड़क के एक तरफ पोखरी है, जहां मजबूती के लिए कोई ठोस इंतजाम (जैसे पुलिया या पाइप) नहीं किए गए हैं। बारिश के मौसम में पोखरी के पानी भरते ही इस हिस्से के बह जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**गैरहाजिर जेई, लगे हाथ ठेकेदार का राज :** सूत्रों की मानें तो संबंधित जेई (जूनियर इंजीनियर) संजीव श्रीवास्तव ने निर्माण शुरू होने पर महज एक बार निरीक्षण किया और उसके बाद से वह गायब हैं। तब से ठेकेदार अपने मनमाने ढंग से बिना किसी तकनीकी निगरानी के निर्माण करा रहा है। जब इस संबंध में जेई संजीव श्रीवास्तव से फोन पर बात की गई तो उन्होंने टिप्पणी करने से साफ इनकार कर दिया। उनका कहना था, 'मुझे बाइट देने का अधिकार नहीं है। आप बड़े अधिकारियों से बात करें। निर्माण सब अच्छा हो रहा है।' वहीं इस पूरे मामले पर एक्सियन पीडब्ल्यूडी से जानकारी लेने के लिए जब फोन किया गया तो उनका फोन लगातार व्यस्त रहा, जिससे विभाग की मंशा पर और भी संदेह गहरा गया।

**मार्च का महीना, गोलमाल की मशीन हॉट :** मार्च का महीना वित्तीय वर्ष के समापन का होता है। ऐसे में अक्सर विभागों द्वारा बचे हुए बजट को खर्च करने की होड़ मचती है। मथौली में भी कुछ ऐसा ही नजर आ रहा है। 31 मार्च की डेडलाइन से पहले आनन-फानन में सड़क निर्माण कराकर सरकारी धन के गोलमाल की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। निवासियों ने पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि वे मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच करें और बिना साइन बोर्ड के चल रहे इस निर्माण पर तत्काल रोक लगाकर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह सड़क बनते-बनते ही इतिहास बन जाएगी।

### मोतीचक व कप्तानगंज क्षेत्र में इस स्थानों पर चल रहा कार्य

वित्तीय वर्ष मार्च के महीने में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के द्वारा मोतीचक क्षेत्र में करीब आधा दर्जन जगहों पर निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें मोतीचक ब्लॉक के ग्राम पंचायत नरायनपुर चरगहा में पीच सड़क पर नवनिर्माण का कार्य इसकी दूरी करीब 500 मीटर है। इसके अलावा मथौली-रगड़गंज मार्ग पर लक्ष्मीपुर माइन पर जर्जर पुल ध्वस्त कराकर निर्माण कराया जा रहा है। यहां कोई जिम्मेदार नहीं है, सबसे खराब बालू का प्रयोग किया जा रहा है। इसी तरह नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 16 लोहेपार में करीब एक किमी लंबी सड़क का निर्माण साथ ही मां चेड़ा देवी मंदिर के समीप पचार माइनर पर पुल का निर्माण हो रहा है। यहां भी कोई साइन बोर्ड नहीं लगाया गया है। उक्त पुल निर्माण में घटिया सरिया का प्रयोग किया जा रहा है, जबकि राहगीरों के आवागमन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं किया गया है। कप्तानगंज ब्लॉक क्षेत्र के सिंघाडी धुस पर मियां टोला होते हुए खभराभार को जाने वाले मार्ग पर नव निर्माण का कार्य चल रहा है। यहां भी कोई जिम्मेदार नहीं पहुंच रहे है, बिना साइन बोर्ड लगाए ही ठेकेदार द्वारा पीच सड़क का कार्य कराया जा रहा है जबकि गंभीरपुर धुस पर गिट्टी गिराकर छोड़ दिया गया है। कुल मिलाकर पीडब्ल्यूडी के द्वारा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए सरकारी धन का बंदरबांट करने में लगे हुए है।

अवधनामा



# डीएसओ ने गैस गोदामों व प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जिले के उपभोक्ताओं को सुविधापूर्वक घरेलू गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर बुधवार को जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी द्वारा मुख्तार गैस सर्विस (एचपीसीएल), बहराइच इण्डेन गैस सर्विस (आईओसीएल) तथा प्रगति गैस सर्विस (एचपीसीएल) के कार्यालय एवं गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया।

बाईपास रोड तिकोनी बाग चौकी के निकट स्थित मुख्तार गैस सर्विस एजेन्सी के कार्यालय के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गैस एजेन्सी के प्रबन्धक व कर्मचारी उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान उपभोक्ताओं द्वारा अपनी गैस की बुकिंग व केवाईसी का कार्य कराया जा रहा था। प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि एजेन्सी में घरेलू उपभोक्ता 17821 हैं। आज का प्रारम्भिक स्टॉक 14.2 किग्रा0 का 502 था तथा आज ऑयल कम्पनी से 335 सिलेण्डर की आमद हुई है। कुल 837 सिलेण्डर के सापेक्ष जांच के समय तक 425 सिलेण्डरों की बिकी हुई थी, अवशेष 412 सिलेण्डर गोदाम पर उपलब्ध हैं। महसी रोड स्थित गोदाम का निरीक्षण करने पर गोदाम में स्टॉक अभिलेखानुसार सही पाया गया। मौके पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार उनकी बुकिंग के आधार पर गैस सिलेण्डर निर्गत करें, तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अपने विकय अधिकारी एवं अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

इसी प्रकार हुजूरपुर रोड कटी चौराहा स्थित बहराइच इण्डेन गैस सर्विस के गोदाम के निरीक्षण के दौरान गैस एजेन्सी के प्रबन्धक व कर्मचारी की उपस्थिति में गोदाम का निरीक्षण किया गया। प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि उनके यहां घरेलू उपभोक्ता 34,000 हैं। आज का प्रारम्भिक स्टॉक 14.2 कि.ग्रा. का 784 था तथा आज ऑयल कम्पनी से 342 सिलेण्डर की आमद हुई है। कुल 1126 सिलेण्डर के सापेक्ष जांच के समय तक 903 सिलेण्डरों की बिकी हुई है अवशेष 223 सिलेण्डर गोदाम पर उपलब्ध हैं। गोदाम में उपलब्ध स्टॉक अभिलेखानुसार सही पाया गया। मौके पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार उनकी बुकिंग के आधार पर गैस सिलेण्डर निर्गत करें तथा किसी प्रकार की समस्या आने पर विक्रय अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी को अवगत कराया जाय।

इसके अलावा हुजूरपुर रोड कटी चौराहा स्थित प्रगति गैस सर्विस के निरीक्षण के दौरान गोदाम बिना किसी पूर्व सूचना/अनुमति के बन्द पाया गया। गोदाम के कर्मचारी इदरीश को उनके मोबाईल पर वार्ता करके उन्हें मौके पर बुलाया गया। जिनके द्वारा गोदाम का ताला खोलकर अपनी उपस्थिति में निरीक्षण कराया गया। गोदाम में 05 कि.ग्रा. के 18 सिलेण्डर खाली एवं 14.2 कि.ग्रा. के घरेलू सिलेण्डर 830 अदद खाली पाये गये। इसके अतिरिक्त कर्मचारी द्वारा बताया गया कि कामर्शियल के 41 सिलेण्डर हैं जिनमें से 40 सिलेण्डर कनेक्शनधारकों को गये हैं 01 सिलेण्डर भरा हुआ रखा है। गोदाम में कोई भी घरेलू गैस सिलेण्डर नहीं पाया गया, बताया गया कि भरे हुए सिलेण्डर का स्टॉक शून्य है। संभवतः आज कम्पनी से सिलेण्डर आयेगा।

गोदाम पर किसी भी प्रकार का कोई सूचना बोर्ड, स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड व विकय अधिकारी का मोबाइल नम्बर आदि महत्वपूर्ण सूचनाओं का प्रदर्शन नहीं पाया गया तथा मौके पर स्टॉक से सम्बन्धित कोई अभिलेख व स्टाक रजिस्टर नहीं दिखाया गया। गोदाम पर साफ-सफाई का भी अभाव पाया गया। डीएसओ ने बताया कि एजेन्सी का उक्त कृत्य आदेशों/निर्देशों तथा ऑयल कम्पनी की शर्तो का स्पष्ट उल्लंघन है, फलस्वरूप एजेन्सी को उक्त के सम्बन्ध में नोटिस निर्गत कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

## हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास में वाँछित अभियुक्त को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन मे जनपद मे चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर बीएनएस थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद वाँछित अभियुक्त को बालाजी मैरिज होम फरिहा रोड मुस्तफाबाद थाना क्षेत्र जसराना जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। जिसका नाम सुमनेश पुत्र जोर सिंह निवासी ग्राम मुस्तफाबाद थाना जसराना फिरोजाबाद उम्र 35 वर्ष है। सह अभियुक्त की तलाश अभी भी जारी है। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, व0उ0नि0 भैयालाल, सुधीर कुमार अत्री, का0 1330 योगेन्द्र सिंह थाना जसराना फिरोजाबाद शामिल रहे।

## वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह 15 को



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय अधिवेशन आगरा के आरबी रावत रिसोर्ट आगरा रोड कागारौल में आयोजित किया जायेगा। इसमें विवाह योग्य वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह किया जायेगा। जिसमें नगर से रोटी बैंक के संस्थापक एवं समाजसेवी राजीव गुप्ता को परिषद का प्रधान महासचिव चुने जाने पर उनको सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुमंत गुप्ता ने ग्रीन पार्क स्थित राजीव गुप्ता के कार्यालय में व्यक्त किये। उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 15 मार्च रविवार को सुबह 11 बजे आरबी रावत रिसोर्ट आगरा रोड कागारोल पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य वैश्य समाज के युवक-युवतियों को एक मंच पर परिचय का अवसर प्रदान करना, सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना तथा समाज के विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान करना है। सम्मेलन में देश भर से समाज के गणमान्य लोग, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में वैश्य समाज के परिवारों के शामिल होने की संभावना है। डा. गुप्ता ने अन्य सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक मुद्दों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में फिजूलखर्ची रोकने के लिए भी संकल्प लिया जायेगा। सम्मेलन के द्वारा वैश्य एकता अपनी ताकत का भी एहसास करायेगा। राजीव गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि नगर से कम से कम दो सौ लोग सम्मेलन में भाग लेने के लिए आगरा जाएंगे। वार्ता के समय राजीव गुप्ता, अरुण गुप्ता, अरविंद गुप्ता, विजय गुप्ता, प्रिंस जैन, आकाश गुप्ता, शिवा गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित अन्य वैश्य समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस पथराव के 2 अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम पर पथराव करने वाले 02 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधाकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम पर पथराव करने के आरोपी रामबीर पुत्र प्रागनारायन निवासी नगला खरी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद, विकास पुत्र भगवान निवासी नगला खरी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 02 खोखा कारतूस 315 बोर घटना स्थल से बरामद किया गया। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना सिरसागंज पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया तथा जिनके विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह, उ0नि0 उ0नि0 विरेन्द्र कुमार, उ0नि0 अशोक कुमार, उ0नि0 अरूण कुमार, म0उ0नि0 नीतू सिंह, का0 127 अमित कुमार, का0 1100 मनीष कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## एक जमीन, दो शपथ पत्र! एसडीएम कोर्ट ने पूछा आखिर सच कौन सा

**सुलतानपुर।** जिले के एसडीएम सदर न्यायालय में एक दिलचस्प मामला सामने आया है जहां एक ही प्रकरण में दो अलग-अलग शपथ पत्र दाखिल होने से सवाल खड़े हो गए हैं। मामला पूर्व कोषाधिकारी आत्माराम मिश्रा के पुत्र पशुपतिनाथ मिश्रा से जुड़ा है जिनसे कोर्ट ने एक हफ्ते के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। दरअसल वर्ष 1997 में स्वीकृत भवन मानचित्र संख्या 292/97 के साथ दिए गए शपथ पत्र में भूखंड का क्षेत्रफल 126.48 वर्ग मीटर बताया गया था। लेकिन समय का पहिया घूमते-घूमते जब मामला 22 जुलाई 2023 को नए मानचित्र संख्या 392/23 तक पहुंचा तो उसी जमीन का क्षेत्रफल बढ़कर 157.20 वर्ग मीटर हो गया। अब सवाल यह है कि आखिर जमीन बढ़ी, नाप बदल गई या फिर शपथ पत्र की स्याही ने ही चमत्कार कर दिया? यही पहेली सुलझाने के लिए पशुपतिनाथ मिश्रा से एक सप्ताह के भीतर स्पष्ट जवाब मांगा है। नोटिस में साफ कहा गया है कि तय समय में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिला तो मामला केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगा।

# रसोई गैस की किल्लत के चलते मेडिकल कॉलेज में बंद हुई परी रसोई

■ पिछले 6 वर्ष से 10 रुपए थाली भोजन उपलब्ध करा रहे थे विनय अग्रवाल

### रसोई गैस न मिलने के कारण बंद की गई परी रसोई सेवा

उधर इस संबंध में जब परी रसोई संचालक विनय अग्रवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया की रसोई गैस की किल्लत के चलते परी रसोई को बंद किया गया है हमारे मैनेजर ने कई जगह रसोई गैस लेने का प्रयास किया लेकिन नहीं मिल सकी इस कारण मजबूरन परी रसोई बंद करनी पड़ी जैसे ही रसोई गैस की व्यवस्था होगी तुरंत परी रसोई स्टार्ट कर दी जाएगी।

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जनपद में भी रसोई गैस की किल्लत के चलते समाजसेवी विनय अग्रवाल द्वारा पिछले 6 वर्षो से संचालित परी आपकी रसोई के माध्यम से 10 रुपए थाली वाली सेवा बंद हो गई है विनय अग्रवाल परी आपकी रसोई के माध्यम से हनुमत धाम शाहजहांपुर व मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में तीमारदारों को 10 में थाली भोजन उपलब्ध कराकर जनमानस की सेवा कर रहे थे फिलहाल जिले में जनमानस की सेवा के लिए चलाई जा रही आपकी परी रसोई बंद होने के बाद उन अधिकारियों के भी बयान पर सवाल उठने लगे हैं जो अभी तक रसोई गैस की किल्लत से इनकार कर रहे थे शाहजहांपुर जनपद के जिला पूर्ति अधिकारी चमन ने बुधवार को एक बयान जारी कर रसोई गैस की कमी को नकारते हुए रसोई गैस की किल्लत से इनकार किया था। लेकिन जब बृहस्पतिवार को जनपद में संचालित मेडिकल कॉलेज और हनुमत धाम पर परी आपकी रसोई गैस की किल्लत के चलते बंद हो गई और रसोई संचालन कर रहे समाजसेवी विनय अग्रवाल के मैनेजर अंकुर कटियार ने रसोई के बाहर एक बैनर लगा दिया और उसमें लिखा रसोई गैस उपलब्ध ना होने के कारण अस्थाई रूप से परी आपकी रसोई बंद की जाती है तो जिले में रसोई गैस किल्लत की चर्चा शुरू हो गई सवाल उठ रहा है जब मेडिकल कॉलेज के अंदर तीमारदारों को राहत प्रदान करने के लिए समाज सेवा के उद्देश्य से संचालित 10 रुपए में थाली भोजन सेवा बंद हो गई तो मेडिकल कॉलेज के मरीज के साथ आने वाले तीमारदार कहां जाएंगे।

# शाहजहांपुर पहुंची पीडीए मिनी रथ यात्रा का स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद में बृहस्पतिवार को बरेली के भोजीपुरा से चलकर शाहजहांपुर पहुंची मिनी मोटरसाइकिल पीडीए मिनी रथ यात्रा का शाहजहांपुर समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष तनवीर खां ने अपनी टीम के साथ स्वागत किया इस रथ यात्रा का बरेली जनपद के भोजीपुरा से अखिलेश यादव को 2027 में मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेकर सपा नेता अरविन्द यादव व प्रदीप यादव द्वारा शुभारंभ किया गया था जो प्रदेश के सभी 18 मंडल व प्रदेश के 75 जिले एवं 403 विधानसभाओं में समाजवादी पार्टी की नीतियों व PDA पर चर्चा के साथ भ्रमण करेगी इस यात्रा का सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत कर PDA समाजवादी बाइक मिनी रथ यात्रा को जनपद शाहजहांपुर की सभी विधानसभाओं में प्रचार प्रसार करने के लिए रवाना किया। इस मौके पर सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल,सपा जिला सचिव महिपाल सिंह यादव, सपा जिला सचिव मोहम्मद फैसल, दुर्गेश कुमार गुप्ता पूर्व सभासद, अरशद खान, सरताज अली इदरीसी, मोहम्मद हाशिम,फ़राज़ इदरीसी, सिद्दीक खान, गब्बर, विकास यादव,आरिफ खान, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

## शादी का झांसा व दुष्कर्म के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने व सोशल मीडिया पर फोटो-वीडियो वायरल करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन मे जनपद मे चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने व सोशल मीडिया पर फोटो-वीडियो वायरल करने वाले वाँछित अभियुक्त मुजीब अंसारी पुत्र मौहम्मद मुस्लेमिन निवासी बिजनौर रोड हनीफ कालौनी थाना कोतवाली देहात बिजनौर उम्र करीब 26 वर्ष को टूण्डला बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# करौदीकला-रवनिया मार्ग निर्माण में अनियमितता का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** करौदीकला से रवनिया तक बनने वाले सड़क मार्ग के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मार्ग के निर्माण हेतु सरकार द्वारा कई करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए तथा भुगतान भी कर दिया गया, लेकिन सड़क का निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं कराया गया है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क कई स्थानों पर अधूरी छोड़ दी गई है तथा जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होने की भी शिकायत सामने आ रही है, जिससे स्थानीय जनता में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का भी



अभाव दिखाई दे रहा है और कई स्थानों पर सड़क की हालत अत्यंत दयनीय बनी हुई है। लोगों ने मांग की है कि शासन और संबंधित विभाग इस मामले का संज्ञान लेकर सड़क निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराए तथा दोषी ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित करे। स्थानीय नागरिकों ने यह भी कहा कि सड़क मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसका शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाना आवश्यक है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## नजूल ज़मीन पर नक्शा पास का खेल

**सुल्तानपुर।** नगर में इन दिनों नजूल ज़मीनों पर निर्माण का खेल ज़ोरों पर है। हैरानी की बात यह है कि जिन ज़मीनों पर नियमों के अनुसार नक्शा पास ही नहीं हो सकता वहीं नक्शा जमा कर एसडीएम और जेई की स्वीकृति लेकर धड़ल्ले से निर्माण खड़ा किया जा रहा है। सूत्रों की पुख्ता मानें तो इस नक्शा पास की कहानी में कागज़ कम और सौदे ज़्यादा चल रहे हैं। कहा जा रहा है कि मोटा लेन-देन होने के बाद ही ये निर्माण इतने बेख़ौफ़ अंदाज़ में आगे बढ़ रहे हैं। गोपालदास पुल के निकट, यशराज ज्वेलर्स के बगल और रुद्रनगर क्षेत्र में चल रहे कुछ निर्माण खास तौर पर संदेह के घेरे में बताए जा रहे हैं। सवाल यह है कि जब नियम साफ कहते हैं कि नजूल ज़मीन पर नक्शा पास नहीं हो सकता तो फिर ये मंजूरी किस जादुई कलम से मिल गई?

# डाक विभाग की योजनाओं के अधिक से अधिक खाते खोलने का निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** गुरुवार को नगर के रामनरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित बैठक में डाक मंडल की निदेशक प्रीति अग्रवाल ने संयुक्त जिले अमेठी-सुल्तानपुर के सभी शाखा डाकपालों को डाक विभाग की जनहितकारी योजनाओं के अधिक से अधिक खाते खोलने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि डाक विभाग की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है और इसके लिए विभाग की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा।




निदेशक प्रीति अग्रवाल ने बताया कि जिस प्रकार सभी कर्मियों ने मिलकर पूरे प्रदेश में डाक जीवन बीमा में सुल्तानपुर डिवीजन को अग्रणी स्थान दिलाया है, उसी प्रकार अन्य सभी योजनाओं को भी प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि इस सफलता में अधीक्षक राजेश तिवारी तथा सभी निरीक्षकों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को बधाई देते हुए उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।


# कार्यालय उप निदेशक (निर्माण) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.

## नवीन मण्डी स्थल, बस्ती

पत्रांकः निर्माण/निविदा/बस्ती/2026-1397

दिनांक 11.03.2026

## ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित सम्पर्क मार्गो के कार्यो हेतु ई-निविदायें दिनांक 07.04.2026 को मण्डी परिषद एवं PWD, RE.D, U.P.R.N.N. तथा UPPCL विभाग में पंजीकृत वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं अनुभवी ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। आमंत्रित ई-निविदाओं की टेक्निकल बिड दिनांक 07.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। टेण्डर डोक्यूमेन्ट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 07.04.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना, नियम व शर्ते एवं अन्य विवरण कार्यालय में तथा उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी, पढ़ी व डाउनलोड की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र. सं. | मण्डी समिति का नाम | कार्य का नाम | कार्य की लागत 05 वर्ष अनुरक्षण लागत सहित (लाख रु. में) | धरोहर धनराशि (लाख रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि माह में | निविदा की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| जनपद बस्ती के क्षेत्रान्तर्गत | | | | | | | |
| 95 | बस्ती | स0 मार्ग महादेवा मार्ग से बैदोलिया अजायद तक मरम्मत कार्य। **2026_RKUMP_1123424** | 26.62 | 2.67 | 4750 | 3 माह | द |
| 96 | बस्ती | स0 मार्ग बस्ती महसों मार्ग से साहूपार तक मरम्मत कार्य। **2026_RKUMP_1123431** | 28.92 | 2.90 | 5150 | 3 माह | द |
| 97 | बस्ती | स0 मार्ग लखनौरा स्कूल से तेनुई तक मरम्मत कार्य। 2026_RKUMP_1123436 | 29.19 | 2.92 | 5200 | 3 माह | द |
| 98 | बस्ती | स0 मार्ग धर्मपुर से निर्माणधीन मार्ग चुइलकाजी होते हुए महूघाट तक मरम्मत कार्य। 2026_RKUMP_1123438 | 35.29 | 3.55 | 6300 | 3 माह | द |
| 99 | बस्ती | स0 मार्ग कैनोना चौराहे से चौगडवा होते हुए रामाज्ञासिंह के घर तक मरम्मत कार्य। 2026_RKUMP_1123442 | 21.76 | 2.18 | 3900 | 3 माह | द |
| जनपद सिद्धार्थनगर के क्षेत्रान्तर्गत | | | | | | | |
| 100 | नौगढ | स0 मार्ग एल0डी0 मार्ग से झण्डेनगर निश्चितपुर तक मरम्मत कार्य। 2026_RKUMP_1123452 | 29.48 | 2.95 | 5300 | 3 माह | द |
| 101 | नौगढ | स0 मार्ग बस्ती नौगढ मार्ग से सोनवल तक मरम्मत कार्य। 2026_RKUMP_1123454 | 13.91 | 1.40 | 2500 | 3 माह | द |
| 102 | नौगढ | स0 मार्ग उसका सोहास मार्ग से उंचहरिया बड़की तक मरम्मत कार्य। 2026_RKUMP_1123457 | 13.83 | 1.40 | 2500 | 3 माह | द |
| 103 | नौगढ | स0 मार्ग मधावपुर भट्टे से उसका लखनापार बन्धे तक मरम्मत कार्य। 2026_RKUMP_1123464 | 82.21 | 6.12 | 14600 | 3 माह | ब |
| 104 | बांसी | स0 मार्ग ससी चौराहे धर्मसिंह मार्ग से बैशार तक मरम्मत कार्य। 2026_RKUMP_1123466 | 27.36 | 2.75 | 4850 | 3 माह | द |
| 105 | बांसी | स0 मार्ग घोसियारी से कोटिया पाला होते हुए भूपतिजोत तक मरम्मत कार्य। 2026_RKUMP_1123657 | 55.01 | 4.76 | 9750 | 3 माह | स |
| जनपद संतकबीरनगर के क्षेत्रान्तर्गत | | | | | | | |
| 106 | खलीलाबाद | स0 मार्ग टेमी सेमरियावा मार्ग से नबीपुर तक मरम्मत कार्य। 2026_RKUMP_1123658 | 20.46 | 2.05 | 3700 | 3 माह | द |
| 107 | खलीलाबाद | स0 मार्ग महुली बस्ती मार्गे भगौतीपुर तक मरम्मत कार्य। 2026_RKUMP_1123659 | 30.46 | 3.05 | 5400 | 3 माह | द |

**नोट-**

(1) धरोहर धनराशि का मूल्य उपनिदेशक (निर्माण) के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा साऊंघाट बस्ती के खाता संख्या **30394488595** आई0एफ0एस0 कोड संख्या **SBIN0011200** एवं निविदा का मूल्य खाता संख्या **30394488415** आई0एफ0एस0 कोड संख्या **SBIN0011200** उपनिदेशक (निर्माण) के नाम अलग-अलग आर0टी0जी0एस0 करना होगा, जिसका बैंक से सत्यापित यू0टी0आर0 नम्बर हार्ड कापी में उपलब्ध कराना होगा, एवं अपलोड भी करना अनिवार्य होगा।

मण्डी परिषद् मुख्यालय के पत्रांकः मु0अभि0-2/(1168/भाग-4/2005)/2022-1190 दिनांकः 17.11.2022 द्वारा जारी आदेश/निर्देश के क्रम में 'द' श्रेणी को छोड़कर 'अ', 'ब' एवं 'स' श्रेणी में पंजीकृत निविदाओं की पारदर्शिता एवं अधिक प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त करने के उद्द्देश्य से पंजीकृत ठेकेदारों से Bid Capacity हेतु लोक निर्माण विभाग के standard Bidding Document (S.B.D) में Qualification of Bidders के section 4:6 में व्यवस्था दी गयी है जिसका विस्तृत विवरण मुख्य नियम शर्ते के बिन्दु संख्या 11 में अंकित है। Bid capacity की गणना प्रपत्र व सी0ए0 द्वारा प्रमाणित वॉछित टर्न ओवर एवं बैलेन्स शीट Bidding Document के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

2. उक्त निविदा तालिका में अंकित पंजीकरण श्रेणी के अतिरिक्त उच्च श्रेणी के मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मे भी प्रतिभाग कर सकती है।

3. उपरोक्त तालिका में अंकित 'अ' एवं 'ब' श्रेणी से सम्बन्धित कार्यो हेतु PWD, RE.D, U.P.R.N.N तथा PPCL विभाग में सामान्य श्रेणी अर्थात 'अ' एवं 'ब' श्रेणी के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है।

**उपनिदेशक (निर्माण)**

# इटावा में नौकरी का शानदार मौका

**अवधनामा ब्यूरो**

**यश इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक और स्टाफ के पदों पर भर्तियां**

**इटावा।** शिक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए एक अच्छी खबर है। सीबीएसई (CBSE) से मान्यता प्राप्त, इटावा के कचौरा रोड स्थित यश इंटरनेशनल स्कूल ने शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्तियां निकाली हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा योग्य उम्मीदवारों के चयन के लिए आगामी 14 और 15 मार्च 2026 को वॉक-इन-इंटरव्यू (Walk-In-Interview) का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न पदों के लिए शैक्षिक योग्यता और अनुभव की मांग इस प्रकार रखी गई है। शैक्षणिक पद (Teaching Posts)। वाइस प्रिंसिपल (Vice Principal)- उम्मीदवार पोस्ट ग्रेजुएट और B.Ed. होना चाहिए। साथ ही, टीचिंग और एडमिनिस्ट्रेशन दोनों क्षेत्रों में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है। टीजीटी (TGT- सभी विषय)ग्रेजुएशन, B.Ed. और CTET पेपर-II पास होना आवश्यक है। पीआरटी (PRT सभी विषय) ग्रेजुएशन के साथ D.El.Ed. और CTET (पेपर-I) क्वालीफाइड होना चाहिए। एनटीटी (NTT) ग्रेजुएशन के साथ NTT प्रशिक्षित होना आवश्यक है। अन्य शिक्षक खेल शिक्षक (Sports Teacher), लाइब्रेरियन, डांस और म्यूजिक टीचर के लिए संबंधित पेशेवर डिग्री या डिप्लोमा के साथ ग्रेजुएशन होना चाहिए। गैर-शैक्षणिक पद (Non-Teaching Posts) स्कूल को सहायक स्टाफ की भी आवश्यकता है, जिसके अंतर्गत रिसेप्शनिस्ट, चपरासी (Peon) हाउसकीपिंग स्टाफ, माली (Gardener) और बस ड्राइवर के पदों पर भी भर्तियां की जाएंगी। महत्वपूर्ण शर्तें और नियम उम्मीदवारों का अंग्रेजी भाषा में धाराप्रवाह (Fluency in English) होना अनिवार्य है। बेसिक कंप्यूटर की जानकारी रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। वेतन (Salary) उम्मीदवार की योग्यता और अनुभव के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

उम्मीदवारों को इंटरव्यू के दिन अपने सभी ओरिजिनल डॉक्यूमेंट्स और उनकी फोटोकॉपी साथ लाना अनिवार्य है।

साक्षात्कार (Interview) का विवरण- तारीख 14 मार्च (शनिवार) और 15 मार्च 2026 (रविवार)। समयः सुबह 09:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक स्थान (Venue) यश इंटरनेशनल स्कूल, कचौरा रोड, इटावा, यूपी 206245

गूगल मैप लिंक :- https://maps.app.goo.gl/UVNjtvWShu{BNykd~

आवेदन कैसे करें: इच्छुक उम्मीदवार अपना रिज्यूमे (CV) स्कूल की ईमेल आईडी hr@yashinternationalschool.com पर भेज सकते हैं। किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए हेल्पलाइन नंबर 8057059759, 6397428160 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनी शिकायतें



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक महोदय ने प्रत्येक प्रकरण का संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय-समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस एवं आमजन के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी माध्यम है। आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## नाबालिग के साथ बलात्कार के प्रयास मामले में दरोगा निलंबित

**प्रयागराज।** कोरांव थाने के दरोगा सुमित आनन्द को लापरवाही पर निलंबित कर दिया गया है। ज्ञात हो कि 4 मार्च को होली के दिन कोरांव थाना क्षेत्र के एक गांव में पशुओं को चारा देने गई एक नाबालिग लड़की को गांव का ही एक युवक जबरन अपनी बाइक से उठा ले गया और सूनसान जगह पर ले जाकर नाबालिग लड़की को मार-पीट कर उसके शरीर के सारे कपड़े उतार दिए और उसके साथ छेड़खानी करने और बलात्कार का प्रयास करने लगा। नाबालिग लड़की किसी तरह अपने कपड़े लेकर भागी और दूसरे खेत में छिपकर वह अपने कपड़े पहने और घर पहुंच आपबीती बताई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तीन दिनों तक पीड़ित थाने का चक्कर लगाता रहा। लेकिन दरोगा ने मामले में लापरवाही कर दी। पीड़ित न्याय के लिए डीसीपी यमुनानगर के कार्यालय पहुंचा। डीसीपी यमुनानगर ने तत्काल एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय को कार्रवाई के लिए आदेशित किया।

# शिविर में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीकी उपयोग पर दिया गया ज़ोर



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS यूनिट 5) के विशेष शिविर के चतुर्थ दिन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.अजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए उसे वैज्ञानिक और योजनाबद्ध तरीके से करना आवश्यक है, जिससे गुणवत्ता और सटीकता बढ़ती है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। कृषि, मत्स्य पालन और डेयरी जैसे क्षेत्रों में नई तकनीकों के प्रयोग से बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने छात्रों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ.बी. एस.चौहान, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र इटावा ने भी किसानों के विकास में आधुनिक तकनीकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उन्नत कृषि पद्धतियों, डेयरी प्रबंधन अपनाने से उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि संभव है। इस अवसर पर डॉ.राजीव सिंह, डॉ.के के पटेल, ई दिलीप कुमार वर्मा (कार्यक्रम अधिकारी), डॉ पवन कुमार यादव, बादल यादव सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। शिविर में भूमि, श्रेया पांडेय, मानसी सचान, निधि, अखिल, अभिषेक, सिंकल, सौरभ कुमार, टिंकू कुमार एवं नितेश कुमार आदि छात्र-छात्राएं सक्रिय रूप से शामिल रहे और सभी ने समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## एक दिन छोड़कर गैस आपूर्ति, ग्राहक परेशान

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे की एकमात्र गैस एजेंसी में एक दिन छोड़कर गैस की आपूर्ति होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को दोपहर बाद गैस की गाड़ी पहुंचते ही ग्राहक एजेंसी से लेकर गोदाम तक उमड़ पड़े। हिंदुस्तान पेट्रोलियम गैस एजेंसी में मंगलवार के बाद गुरुवार को ट्रक से 504 सिलेंडर पहुंचे। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेने पहुंच गए। समाचार लिखे जाने तक अधिकांश सिलेंडर वितरित हो चुके थे। वार्ड 15 संत कबीर नगर निवासी विधवा देने देवी ने बताया कि 13 मार्च को उसकी पुत्री की बारात आनी है और उसे चार सिलेंडरों की जरूरत है, लेकिन दो दिनों से चक्कर लगाने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। एजेंसी संचालक अखिलेश पालीवाल ने बताया कि गैस का कोई संकट नहीं है, हर दूसरे दिन गाड़ी आ रही है और ओटीपी देखकर सिलेंडर दिए जा रहे हैं। फिलहाल व्यावसायिक सिलेंडरों की कमी बनी हुई है।

## तीन माह से पाइपलाइन लीकेज, सीसी सड़क हो रही ध्वस्त



**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** ग्राम पंचायत विदोखर पुरई में नमामि गंगे परियोजना की पाइपलाइन तीन माह से लीकेज होने के कारण हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। साथ ही लीकेज के चलते सीसी सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है। ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति ने बताया कि गांव निवासी रूपेंद्र यादव के दरवाजे के पास तीन माह से पाइपलाइन लीकेज है, जिससे पानी घरों के सामने भर रहा है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के कुछ हिस्सों में अभी तक जल आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि लीकेज के कारण पावर हाउस से बंडा मार्ग तक दो वर्ष पूर्व जिला पंचायत द्वारा बनाई गई सीसी सड़क भी ध्वस्त हो रही है। शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। नमामि गंगे परियोजना के अवर अभियंता सुनील कुमार पाठक ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था, जानकारी मिलने के बाद एक-दो दिन में लीकेज ठीक करा दिया जाएगा।

## भरण-पोषण न देने पर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** वांछित और वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के तहत सिसोलर पुलिस ने अदालत के आदेश पर एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार धारा 125(3) सीआरपीसी के तहत जारी वारंट के आधार पर ग्राम क्योटरा खैर निवासी भागवत पुत्र मलखान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रामलाल यादव और हेड कांस्टेबल राजेश कुमार शामिल रहे।

## अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली क्षेत्र के छिमौली गांव में बुधवार रात एक अधेड़ व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कुलदीप उर्फ दीपू (45) के रूप में हुई है। वह गांव में एक प्राइवेट क्लिनिक चलाता था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक के पास कोई मेडिकल डिग्री नहीं थी। वह अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## पति की प्रताड़ना से तंग महिला बच्ची सहित तालाब में कूदी, मासूम की मौत

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** मुस्करा थाना क्षेत्र के हुसैना गांव में गुरुवार तड़के एक महिला पति की प्रताड़ना से तंग आकर अपनी दो वर्षीय बच्ची के साथ तालाब में कूद गई। ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला, लेकिन बच्ची की मौत हो गई जबकि महिला का इलाज अस्पताल में चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शोभा (34) पत्नी भगत सिंह यादव अपनी बच्ची नीशू को गोद में लेकर तालाब में कूद गई। पास से गुजर रहे लोगों ने आवाज सुनकर दोनों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि महिला का पति शराब का आदी है और अक्सर मारपीट करता था, जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## जीएसटी रिटर्न 20 मार्च तक दाखिल करने की अपील

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह को देखते हुए व्यापारियों से फरवरी 2026 का जीएसटीआर-3बी रिटर्न 20 मार्च तक अनिवार्य रूप से दाखिल करने की अपील की गई है। व्यापारियों को बताया गया कि सरकार को मिलने वाला राजस्व विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण होता है। इसलिए सभी व्यापारी समय से रिटर्न दाखिल कर राजस्व संग्रह में सहयोग करें।

## चार अपराधियों को छह माह के लिए जिलाबदर

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** अपराध नियंत्रण के तहत चार अपराधियों को छह माह के लिए जनपद की सीमा से जिलाबदर किया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक के आदेश पर इन सभी को जनपद से निष्कासित किया गया है। जिलाबदर किए गए लोगों में पप्पू निषाद निवासी केसरिया का डेरा, दीपक राजपूत निवासी बरगवां थाना जरिया, हनुमान मिश्रा निवासी कुपरा थाना जलालपुर और छोटू उर्फ अंकित निवासी पुरैनी थाना जलालपुर शामिल हैं। आदेश के अनुसार जिलाबदर अवधि के दौरान ये लोग जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे और बाहरी जनपद में रहने की सूचना संबंधित न्यायालय व स्थानीय पुलिस को देंगे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में सुरक्षा सप्ताह संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



- सुरक्षा जागरूकता के साथ मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह
- एनटीपीसी में सुरक्षा सप्ताह पर विजेताओं को सम्मान
- 'सेफ्टी फर्स्ट' को कार्यसंस्कृति बनाने पर जोर
- एनटीपीसी सिंगरौली में सुरक्षा शपथ के साथ कार्यक्रम संपन्न

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस/सप्ताह-2026 का समापन दिनांक 11.03.2026 को संयंत्र परिसर स्थित सेवा भवन पार्क में आयोजित समापन समारोह के साथ हुआ। 05 मार्च से प्रारंभ हुए इस सप्ताह का उद्देश्य कर्मचारियों, संविदा श्रमिकों तथा सहयोगी एजेंसियों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित कार्य-संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। समापन समारोह की शुरुआत उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा श्रमिकों एवं सहयोगी एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा सुरक्षा शपथ के साथ हुई, जिसमें सभी ने कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा सुरक्षित और जिम्मेदार कार्य-संस्कृति को अपनाने का संकल्प लिया।

समापन समारोह के दौरान सप्ताह भर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। सुरक्षा सप्ताह के दौरान एजेंसी सुपरवाइज़रों और कर्मचारियों के लिए जॉब सेफ्टी एनालिसिस (जेएसए) प्रतियोगिता, आपातकालीन प्रबंधन योजना (डीएमपी) पर प्रशिक्षण एवं सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, चालकों एवं क्रेन ऑपरेटरों के लिए सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, कर्मचारियों एवं श्रमिकों के लिए सुरक्षा गीत प्रतियोगिता, पीपीई पहनने की प्रतियोगिता, सुरक्षा नाटिका (स्किट) तथा कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त सुरक्षा विषय पर रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए नारा, पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गई, जिनमें कर्मचारियों, संविदा श्रमिकों तथा कर्मचारियों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस-2026 की थीम सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए लोगों की सहभागिता बढ़ाएँ, उन्हें शिक्षित करें और सशक्त बनाएं को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर संदीप नायक, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली ने कहा, सुरक्षा हमारे कार्यस्थल की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे मजबूत बनाने में प्रत्येक कर्मचारी, संविदा श्रमिक तथा सहयोगी एजेंसी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित गतिविधियों से जागरूकता और सहभागिता दोनों बढ़ती हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 'सेफ्टी फर्स्ट' केवल एक संदेश न रहकर हमारी दैनिक कार्य-संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बने।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारी तथा सहयोगी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी से कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए सुरक्षित एवं जिम्मेदार कार्य-संस्कृति को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।

सुरक्षा सप्ताह का आयोजन के. एस. वेंकटरमन, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) के संयोजन में किया गया। सप्ताह भर आयोजित विभिन्न गतिविधियों ने कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा सुरक्षित कार्य-संस्कृति को और सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के सी.एच. किशोर कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), रश्मिरंजन मोहंती, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), विवेक आर्य, सीआईएसएफ़ कमांडेंट, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण आदि सम्मिलित रहे।

## महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की सुनवाई 13 मार्च को

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी प्रोटोकाल ने अवगत कराया है कि राज्य महिला आयोग अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर प्राप्त) डॉ0 बबिता सिंह चौहान जी का जनपद में सर्किट हाउस चुर्क में 12 मार्च को रात्रि में आगमन होगा, अध्यक्ष 13 मार्च 2026 को जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मवोत्सव कार्यक्रम में प्रातः 09:30 बजे प्रतिभाग करेंगी, इसके पश्चात सर्किट हाउस में जनपद में महिलाओं की उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों की जन सुनवाई करेंगीं, प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इसके पश्चात सर्किट हाउस सभागार में महिलाओं का सम्मान गोद भराई व अन्नप्रासन कार्यक्रम में प्रतिभग करेंगी, इसके पश्चात अपरान्ह 01:30 बजे प्रेस वार्ता करेंगी, इसके पश्चात मॉ वैष्णों माता मंन्दिर डाला में अध्यक्ष दर्शन व पूजन करेगीं इसके पश्चात जिला करागार महिला बन्दीगृह का निरीक्षण करेगी तद् पश्चात अपने गनतब्य को प्रस्थान करेगी।

# हिण्डाल्को रेणुकूट में 55वें सुरक्षा सप्ताह का सफल समापन, रिडक्शन प्लांट की टीम बनी चैम्पियन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को रेणुकूट सेफ्टी विभाग द्वारा 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 4 मार्च से 11 मार्च तक सुरक्षा सप्ताह बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। सप्ताह के अंतिम दिन संस्थान के सेफ्टी ग्राउंड में सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह भव्य रूप में आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि इस संस्थान के मुखिया समीर नायक रहे। वहीं मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह, रिडक्शन हेड- जयेश पवार, एचआरबीपी हेड- अजय सिन्हा एवं प्लांट के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इस वर्ष की सुरक्षा प्रतियोगिता में फायर ड्रिल, रेस्क्यू एवं सीपीआर, सेफ्टी कविता ,सुरक्षा पहेली, ज्ञान प्रवाह, पीपीई यूजेज, सेफ्टी इनोवेशन, इन्सटेन्ट जेएसए, बीबीएसओ सहित कुल 11 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं, जिनका सत्यापन वरिष्ठ निर्णायक मण्डल के सदस्यों द्वारा किया गया। वहीं सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न प्लान्ट एवं विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता तथा कटिबद्धता को दिखाया। संस्थान में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों ने सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर पूरे उत्साह पूर्वक भाग लिया। फायर एण्ड सेफ्टी हेड- जय तिवारी ने सभा में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा सुरक्षा माह के दौरान सम्पन हुई प्रतियोगिताओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री समीर नायक ने अपने सम्बोधन में सुरक्षा माह के दौरान उपस्थित सभी टीमों एवं उनके प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने संविदाकार सुरक्षा प्रबंधन एवं सुरक्षा की नई कार्य संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी मिलकर ही अपने संस्थान को सुरक्षित बना सकते हैं तथा जीरो हार्म के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। इसके उपरान्त विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को समीर नायक, जसबीर सिंह, जयेश पवार, हिमांशु श्रीवास्तव, अजय सिन्हा, जय तिवारी, तपन पाल, कर्नल (सेनि.) रोहित शर्मा, मधुस्मिता साहू एवं कैलाश पधान ने पुरस्कार तथा ट्रॉफी से सम्मानित किया।

# साइबर क्राइम के क्षेत्र में सोनभद्र पुलिस की बड़ी सफलता

**अवधनामा ब्यूरो**



**01.02.2026 से अब तक साइबर ठगी के कुल 86 पीड़ितों को 35,86,160/- की धनराशि कराई गई वापस**

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा साइबर ठगी से पीड़ित नागरिकों को शीघ्र न्याय एवं राहत प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध के विरुद्ध सघन एवं निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल साइबर क्राइम) अनिल कुमार के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी (सहायक नोडल साइबर क्राइम) हर्ष पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय साइबर सेल/साइबर क्राइम पुलिस थाना एवं जनपद के समस्त थानों पर गठित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा अत्यंत सजगता, तकनीकी दक्षता एवं अथक प्रयासों के साथ कार्यवाही की गई।

पुलिस की निरंतर, सुनियोजित एवं समयबद्ध कार्यवाही के परिणामस्वरूप माह फरवरी दिनांक 01.02.2026 से अबतक साइबर ठगी से प्रभावित 86 पीड़ितों की कुल 35,86,160/- की धनराशि तथा विगत माह जनवरी वर्ष 2026 में दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक साइबर ठगी के कुल 48 पीड़ितों की कुल 23,12,636/- की धनराशि पीड़ितों के मूल बैंक खातों में सकुशल वापस कराया गया है। यह उल्लेखनीय सफलता जनपदीय साइबर सेल द्वारा NCRP पोर्टल पर सतत निगरानी, साइबर हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान, संदिग्ध खातों को तत्काल होल्ड कराना, डिजिटल एवं तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण तथा विभिन्न बैंकों से निरंतर समन्वय स्थापित कर प्राप्त की गई है।

जनपद सोनभद्र पुलिस साइबर अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति के तहत न केवल अपराधियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही कर रही है, बल्कि साइबर ठगी से पीड़ित आमजन की धनराशि सुरक्षित वापस दिलाने हेतु पूरी प्रतिबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। जनपद सोनभद्र पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## डीएम ने फैमिली आईडी हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** जनपद में पात्र परिवारों तक विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से फैमिली आईडी हेल्प डेस्क का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से नागरिकों को फैमिली आईडी बनवाने तथा उससे संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस पहल के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया जाए तथा जिन परिवारों की फैमिली आईडी नहीं बनी है, उनकी तत्काल फैमिली आईडी एवं राशन कार्ड बनाए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रशासन द्वारा जनपद वासियों से अपील की गई है कि वे निकटतम हेल्प डेस्क पर संपर्क कर अपनी फैमिली आईडी बनवाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मस्जिद दरगाह शरीफ में मुकम्मल हुआ कुरआन पाक



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** शहर के कटरा शहाब खां स्थित दरगाह हज़रत अबुल हसन शाह वारसी की मस्जिद में बुधवार इक्कीस रमज़ान मुबारक को तरावीह की नमाज़ में क़ुरआन पाक मुकम्मल हुआ। क़ुरआन पाक मुकम्मल होने पर हाफिज़ मशकूर आलम का नमाज़ियों व ट्रस्ट की ओर से गुलपोशी आदि कर इस्तक़बाल किया गया। इस मौके पर मस्जिद के पेश इमाम हाफिज़ दिलबर आदि हाफिज़ साहिबान की भी गुलपोशी कर इस्तक़बाल किया गया। हाफिज़ मशकूर के उस्ताद मौलाना ज़ाहिद रज़ा ने अंत में सब के हक़ में दुआये की। इक्कीस रमज़ान मुबारक को बाद नमाज़ अस्र हज़रत मौला अली शेरे ख़ुदा की नज़र पेश की गई और रोज़ा इफ्तार भी हुआ जिसमे काफी संख्या में रोज़ेदारों ने इफ्तार किया।

## अपर जिलाधिकारी न्यायिक कि अध्यक्षता में हुई अभियोजन कार्यो की समीक्षा बैठक



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** स्वामी विवेकानंद सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी कि अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में दीवानी, राजस्व एवं फौजदारी आदि के मामलों की जो सबसे पुराने मुकदमे लंबित है उनको अभियान चला कर निस्तारण करने निर्देश दिए। बैठक मे पास्को एक्ट के मुकदमों की समीक्षा की गयी। सरकारी भूमि कब्जे के मामले जो कोर्ट में चल रहे हैं निस्तारण करने निर्देश दिए। उन्होंने लेबर कोर्ट के लम्बित मामलों को निस्तारित करने निर्देश के दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी एवं शासकीय अधिवक्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने जन सनुवाई मे सुनी 71 शिकायतें




**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 71 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## दुग्ध व्यवसाय से जुड़े किसानों की आय बढ़ाने की पहल

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** दुग्ध के व्यवसाय से जुड़े किसानों की आय बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सतत प्रयास कर रही है। नन्द बाबा दुग्ध मिशन के माध्यम से इसे हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए नई दुग्ध सहकारी समितियों की स्थापना बड़े पैमाने पर की गई हैं। सरकार एक तरफ नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत देशी नस्ल के गोवंश के पालन पर जोर दे रही है तो वहीं दूसरी तरफ इन दुग्ध डेयरियों से मिलने वाले उत्पाद का उचित मूल्य प्रदान करने के लिए सहकारी दुग्ध समितियों की स्थापना कर रही है। प्रयागराज दुग्ध सहकारी संघ के महाप्रबंधक मनीष कुमार चौधरी बताते हैं कि मंडल में मौजूदा वित्तीय वर्ष में 120 नई दुग्ध सहकारी समितियों की स्थापना की गई है।

अवधनामा



# एलपीजी को लेकर घबराहट न फैलने दें : मुख्यमंत्री

- कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश
- रसोई गैस की आपूर्ति सामान्य रखने के निर्देश
- एलपीजी वितरण की सीएम ने की समीक्षा
- अफवाहों पर ध्यान न दें, आपूर्ति सामान्य : सीएम



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में रसोई गैस (एल.पी.जी.) की निर्बाध और सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एल.पी.जी. की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की घबराहट की स्थिति न बनने दी जाए तथा आमजन को समय-समय पर सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध करायी जाए। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और तेल कम्पनियों के उच्च अधिकारियों के साथ आहूत एक बैठक में प्रदेश में एल.पी.जी. की वर्तमान माँग और आपूर्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर एल.पी.जी. की कृत्रिम कमी उत्पन्न न होने पाए। जिन उपभोक्ताओं ने एल.पी.जी. की बुकिंग करायी है, उन्हें निर्धारित नियमों के अनुसार समयबद्ध ढंग से रसोई गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उपभोक्ताओं को उनकी अगली रिफिल की सम्भावित तिथि के सम्बन्ध में भी समुचित जानकारी उपलब्ध करायी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति उतनी गम्भीर नहीं है, जितना कि अफवाहों के माध्यम से प्रचारित करने का प्रयास किया जा रहा है। तेल कम्पनियाँ प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एल.पी.जी. की आपूर्ति और वितरण की वास्तविक स्थिति के बारे में आमजन को नियमित रूप से अवगत कराएं। केन्द्र सरकार भी आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई वितरक एजेंसी अथवा निजी व्यक्ति कालाबाजारी या जमाखोरी में लिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल एफ.आई.आर. दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर एल.पी.जी. वितरक केन्द्रों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए, ताकि कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति न बने और वितरण कार्य सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके। अधिकारियों ने बैठक में अवगत कराया कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा इनके वितरण में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए विकल्प के रूप में प्रदेश को 80 लाख लीटर केरोसिन आवंटित किया गया है। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि इसे विकल्प के रूप में रखा जाए और आवश्यकता के अनुसार इसका यथोचित वितरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने छात्रावासों, धर्मशालाओं, अस्पतालों, होटलों तथा विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों से संवाद स्थापित कर उन्हें वैकल्पिक ईंधन के उपयोग के लिए भी प्रेरित करने के निर्देश दिए। खाद्य एवं रसद विभाग में कण्ट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद की स्थिति की सतत् निगरानी की जाए। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला पूर्ति अधिकारी तथा तेल कम्पनियों के स्थानीय प्रतिनिधि आपसी समन्वय से एल.पी.जी. की समुचित आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित कराएं।

## जुमातुल विदा की नमाज़ आज

अवधनामा ब्यूरो

- ईदगाह में नमाजियों की सुविधाओं पर चर्चा
- सुरक्षा के लिए ड्रोन से होगी निगरानी
- मस्जिदों के आसपास सफाई व व्यवस्था के निर्देश

**लखनऊ।** ऐशबाग ईदगाह में जुमातुल विदा और ईदुल फित्र की तैयारियों को लेकर इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया व जिला व पुलिस प्रशासन की बैठक हुई। बैठक में इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि इस साल अलविदा की नमाज 13 मार्च को अदा की जाएगी। उन्होंने मस्जिदों के आस-पास सफाई का विशेष इंतजाम करने की मांग की। मौलाना ने कहा कि ईदगाह जामा मस्जिद में जुमातुल विदा की नमाज 12:45 बजे अदा की जाएगी। उन्होंने रोजेदार नमाजियों को अधिक से अधिक सहूलियत पहुंचाने की मांग की। मौलाना ने कहा कि रमजान के रोजे पूरे होने पर रोजेदारों को खुदा की तरफ से ईदुल फित्र के तौर पर खुशी और जश्न मनाने का मौका दिया जाता है। यह ऐसा त्योहार है जिसमें अन्य धर्मो के अनुयायी भी मुसलमानों के साथ शामिल होकर खुशियां मनाते हैं। मौलाना ने कहा कि ईदुल फित्र का चांद 19 मार्च को देखा जाएगा और चांद नजर आने पर 20 मार्च को ईद होगी नहीं तो 21 मार्च को ईदुल फित्र का त्योहार मनाया जाएगा। मौलाना ने ईदगाह के आस-पास सफाई का विशेष ध्यान देते हुए नमाजियों की सुरक्षा और नमाज के वक्त में आवारा जानवरों को बंद राने और वजू के लिए पानी के टैंकरों की व्यवस्था कराने की मांग की। इसी के साथ उन्होंने नगर निगम से शहर की मस्जिदों के आस-पास साफ-सफाई कराने और बिजली-पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। बैठक में डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि जिन बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित कराया गया है उन पर कार्रवाई होगी।

## शबे कद्रः इबादत में गुजारी रात, मस्जिदें रहीं गुलजार

**लखनऊ।** शबे कद्र के मौके पर लोगों ने पूरी रात अल्लाह की इबादत में गुजारी। जगह-जगह अमाल-ए-शबे कद्र का आयोजन के साथ छह दिन की नमाजे भी अदा की गयी और कुराने पाक की तिलावत से मस्जिदें नूरानी हो गयी। जहां पुरूष ने मस्जिदों में अमाल करे वहीं महिलाओं ने घरों आमाल किये और छह दिन की नमाजे अदा करके कुराने पाक की तिलावत की। पुरूषों और महिलाओं के साथ-साथ बच्चों में भी इबादत का बड़ा उत्साह था। इस मौके पर मस्जिदों को बिजली की झालरों से सजाया भी गया था। शबे कद्र के मौके पर हसनपुरिया, मंसूर नगर, कश्मीरी मोहल्ला, रूस्तम नगर, मौला नगरी, मुफ्तीगंज, काजमैन, नूरबाड़ी, दरगाह, हुसैनाबाद, गोलागंज, मैदान एलएचखां,तोप दरवाजा,शेर दरवाजा, सरफराजगंज, टापे वाली गली,शीश महल, महताब बाग, बजाजा, जनाब वाली गली, अली कालोनी और जाफरया कालोनी आदि में काफी चहल-पहल रही।

## किसानों के खातों में आएंगे 4335 करोड़ रुपये

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** मोदी-योगी सरकार अन्नदाता किसान की समृद्धि को बढ़ा रही है। डबल इंजन सरकार खेत से लेकर किसानों के सम्मान तक निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को पीएम मोदी असम से किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त भेजेंगे। इससे उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इनके खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे 4335.11 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। यूपी के किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की अब तक (21वीं किस्त) 94,668.58 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी जा चुकी है। 'प्रतिवर्ष तीन किस्त में दी जाती है छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता' शुक्रवार को जारी होने वाली पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त से उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इन किसानों के खाते में 4335.11 करोड़ की धनराशि आएगी। योजना की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इसमें पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता वर्ष में तीन किस्त में प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 19 नवंबर 2025 को कोयम्बटूर से सम्मान निधि का लाभ किसानों को दिया था।

## एल्बम में अभद्र भाषा पर उठे सवाल

**लखनऊ।** विदित हो कि हरियाणा के गायक बादशाह की एल्बम ''टटीरी'' में महिलाओं के प्रति अभद्र भाषा एवं अशोभनीय दृश्य प्रस्तुत किए गए हैं। उक्त सामग्री में स्कूल यूनिफॉर्म पहने छात्राओं को अनुचित ढंग से प्रदर्शित किया गया है तथा विद्यालय जैसे पवित्र स्थान को भी अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया गया है, जोकि न केवल महिलाओं की गरिमा बल्कि शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक मूल्यों का भी घोर अपमान है।

## एनएसडीसी के माध्यम से इजराइल गए यूपी के श्रमिक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन, डॉ0 एम0 के0 शनुगा सुन्दरम् ने बताया वर्तमान में उत्तर प्रदेश के कुल 6,004 निर्माण श्रमिक इजराइल में विभिन्न निर्माण कंपनियों में कार्यरत हैं। ये श्रमिक राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एन0एस0डी0सी0) एवं इजराइल की सरकारी संस्था पीबा (च्वचनसंजपवदए प्उउपहतंजपवद ंदक ठवतकमत ।नजीवतपजल) के माध्यम से चयनित होकर वर्ष 2024 के दौरान इजराइल भेजे गए थे। ये श्रमिक इजराइल की विभिन्न निर्माण कंपनियों/परियोजनाओं में कार्यरत हैं तथा नियमित रूप से अपने कार्यस्थलों पर कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा इनके कुशलक्षेम पर सतत निगरानी रखी जा रही है। मध्य एशिया में वर्तमान में जारी स्थिति के दृष्टिगत भारतीय दूतावास, तेल अवीव द्वारा इजराइल में निवास कर रहे सभी भारतीय नागरिकों हेतु दिनांक-28 फरवरी, 2026 को सुरक्षा परामर्श जारी किया गया है। दूतावास द्वारा भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने, स्थानीय प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी गई है। किसी भी आपात स्थिति में भारतीय नागरिक दूतावास के हेल्पलाइन नंबर एवं ईमेल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। इस हेतु तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास द्वारा हेल्पलाइन नम्बर एवं ईमेल का पता भी जारी किया गया है। किसी भी आपात स्थिति में भारतीय नागरिक भारतीय दूतावास, तेल अवीव से 24म7 हेल्पलाइन के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

## रोजा मानवीय अस्तित्व में धैर्य और दृढ़ता की रूह फूंकता है

- कारवाने-खुलूस के अध्यक्ष सैयद महबूब हुसैन जैदी का रमजान के अवसर पर वक्तव्य

अवधनामा ब्यूरो



**अमरोहा।** अल्लाह की ओर से ईमान वालों पर फर्ज की गई तमाम इबादतें जहाँ परलोक में मुक्ति और सफलता का साधन हैं, वहीं ये मानवीय आत्मा की शांति और शारीरिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन विचारों का व्यक्त कारवाने-खुलूस, अमरोहा के अध्यक्ष और शहर की प्रमुख सामाजिक हस्ती सैयद महबूब हुसैन जैदी ने रमजान की महिमा पर चर्चा करते हुए किया। उन्होंने रमजान-उल-मुबारक को मोमिनों के लिए एक महान ईश्वरीय उपहार बताते हुए कहा कि यह पवित्र महीना अल्लाह की इबादत में डूबने और अपने खालिक से लौ लगाने का सबसे अच्छा अवसर है। रोजा केवल एक धार्मिक कर्तव्य ही नहीं, बल्कि मानव शरीर को अनगिनत बीमारियों से मुक्त करने का एक प्राकृतिक साधन भी है। जैदी ने संवाददाता से बातचीत में इस बात पर विशेष जोर दिया कि रोजा इंसान के भीतर वह इच्छाशक्ति पैदा करता है जो उसे कठिनाइयों के सामने डटकर खड़ा होना सिखाती है। उनका कहना था कि जीवन के उतार-चढ़ाव में अक्सर इंसान भावनाओं के बहाव में बह जाता है, लेकिन रोजा उसे गुस्से पर काबू पाने और विनम्रता व सहनशीलता अपनाने का पाठ पढ़ाता है। रोजा हमें धैर्य की सीख देता है और धैर्य व दृढ़ता ही वे रहस्य हैं जिनके माध्यम से बड़ी से बड़ी मुश्किल पर विजय प्राप्त की जा सकती है। बातचीत के दौरान महबूब जैदी ने इस संकल्प को दोहराया कि यदि हम रमजान में प्राप्त होने वाली नेकियों और पवित्र परिवर्तनों को शेष ग्यारह महीनों में भी बरकरार रखें, तो न केवल हमारी दुनिया संवर जाएगी बल्कि परलोक में भी सफलता हमारा मुकद्दर होगी। वक्तव्य के अंत में उन्होंने जनता से अपील की कि इस मुबारक महीने में देश की प्रगति, विश्व शांति और राष्ट्र की खुशहाली के लिए विशेष प्रार्थनाएँ की जाएं।

## लखनऊ में मजालिस-ए-अज़ा का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मरकज़-ए-तालीम-ओ-तर्बियत ट्रस्ट की ओर से शहर भर में जारी महदवी समाज शैक्षिक एवं प्रशिक्षण कक्षाओं (educational and training classes) के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए शहादत-ए-अमीरुल मोमिनीन हजरत अली इब्न अबी तालिब अलैहिस्सलाम के अवसर पर दो महत्वपूर्ण स्थानों पर मजालिस-ए-अज़ा का आयोजन किया गया। इन मजलिसों में ट्रस्ट के छात्रों के साथ-साथ बड़ी संख्या में मोमिनीन व मोमिनात ने शिरकत कर मौला-ए-काएनात की बारगाह में अपनी अकीदत का नजराना पेश किया।

पहली मजलिस का आयोजन कर्बला दियानतुद्दौला में किया गया,



जहाँ हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लिमीन मौलाना सैयद मोहम्मद मियां आब्दी साहब ने खिताब फरमाया। उन्होंने अहले बैत (अ.स.) की महानता और रज़ा-ए-इलाही (ईश्वर की इच्छा) पर रोशनी डालते हुए कहा कि अहले बैत का घराना वह है जो अपनी मर्जी को खुदा की मर्जी में मिला देता है। उनकी हाँ खुदा की हाँ और उनकी ना खुदा की ना होती है, यानी वे अपनी ज़ात (स्वयं) के लिए कुछ नहीं चाहते बल्कि हर हाल में अल्लाह की रज़ा पर राज़ी रहते हैं।

दूसरी मजलिस छोटा इमामबाड़ा, हुसैनाबाद में आयोजित हुई, जिसे हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लिमीन मौलाना शेख अली इमाम साहब ने संबोधित किया। उन्होंने कुरान की आयत कुल कफा बिल्लाहे शहीदम बैनी व बैनकुम व मन इंदहू इल्मुल किताब की व्याख्या करते हुए कहा कि खुदा ने अपने हबीब (स.अ.व.व.) से फरमाया कि कह दीजिए कि मेरे और तुम्हारे दरमियान गवाही के लिए अल्लाह और वह हस्ती काफी है जिसके पास पूरी किताब का ज्ञान है। मुफस्सिरीन (व्याख्याकारों) के अनुसार, वह महान हस्ती जिसकी गवाही को अल्लाह ने अपनी गवाही के साथ ज़िक्र किया, वह ज़ात-ए-ग्रामी अमीरुल मोमिनीन अली इब्न अबी तालिब अलैहिस्सलाम की है।

मजलिसों के अंत में शोककुल लोगों (अज़ादारों) ने नौहाख्वानी और सीनाज़नी करके इमाम-ए-वक़्त (अ.त.फ.श.) की बारगाह में पुरसा पेश किया। मरकज़-ए-तालीम-ओ-तर्बियत ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए इस संकल्प को दोहराया कि शैक्षिक जागरूकता के साथ-साथ धार्मिक और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का सिलसिला जारी रहेगा।

## मौलाना यासूब अब्बास, खामेनई के इसाले सवाब की मजालिस को खिताब करेंगे



**रूदैली (अवधनामा ब्यूरो)** जिला अयोध्या, 14-मार्च, मक़बरा ग्वाल टोली कानपुर, 15-मार्च, मौलाना नावेद साहब के वालिद की मजलिसे इसाले सवाब झांसी, 16-मार्च, मथुरा महावन, 17-मार्च, सिरसी जिला सम्भल, 18 मार्च अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़, 19-मार्च, दिल्ली, 22-मार्च, बस्ती, 23-मार्च, अमीलो जिला आज़मगढ़, 24-मार्च, मुबारकपुर आज़गढ़, 25-मार्च, पखरी जिला अम्बेडकर नगर, 26-मार्च, बेड़ा सादात जिला मुजफ्फरनगर, 27-मार्च, इदारए तहाफ़्फ़ुज़ ए अज़ा की जानिब से ताज़ियती जलसा व मजलिस छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद लखनऊ, 28-मार्च, 08-शव्वाल एहतिजाज इन्हिदाम ए जन्नतुल बक़ी शहीद स्मारक लखनऊ, शब में 08:00 बजे मजलिसे चेहलुम वालिदा जनाब युसूफ रज़ा साहब शरग़ा पार्क, लखनऊ, 29-मार्च सालाना मजालिस छज्जूपूरा सादात जिला बिजनौर, बादे ज़ोहर शब में मौलाना तनवीर साहब के देसे की मजलिस सिरसी सादात, जिला सम्भल, 30-मार्च, रांची झारखण्ड, 01-अप्रैल, चालिसवां शहीद ए राहे हक़ आयतुल्लाह सैय्यद अली खामेनई (अ.म.) छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद लखनऊ, 02-अप्रैल, जलालपुर, 03-अप्रैल, वाराणसी, जनाब सैफी ज़ंगीपुरी साहब, 04-अप्रैल, मुज़फ़्फ़रपुर बिहार, 05-अप्रैल, मुज़फ़्फ़रपुर बिहार व 11-अप्रैल को सुल्तानपुर में मुन्किद मजालिस को ख़िताब करेंगे।

## जश्ने इमाम हसन कल

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स) के नवासे हजरत इमाम हसन (अस) की विलादत की याद में अता ए जहरा हादी लाइन सरफराजगंज में 14 मार्च को मग़रिब की नमाज़ के बाद जश्ने इमाम हसन का आयोजन किया जाएगा। तिलावते कुरआन ए पाक से शुरू होने वाले जश्न को मौलाना मोहम्मद अस्करी ख़िताब करेंगे जबकि जश्न का संचालन कौसर रिज़वी करेंगे। इससे पहले मगरिब की नमाज होगी उसके बाद रोजा इफ्तार का आयोजन किया जाएगा। जश्ने महफ़िल के बाद शायर इमाम हसन की शान में अपने कलाम पेश करेंगे।

## रमज़ानः सवालों के जवाब

### रोजे की हालत में खुशबू लगाई जा सकती है : शिया हेल्पलाइन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी से जारी शिया हेल्पलाइन पर नीचे दिए गये सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी हेल्पलाइन शुरू की गयी है जिसमें महिलाओं के सवालों के जवाब खातून आलेमा देगीं।

**हेल्पलाइन नं. महिला 6386897124**
**पुरूष 9415580936 व 9839097407**
**समय सुबह 10 से 12 बजे**
**22 रमजान 12 मार्च 2026**

**सवाल-** अगर कोई व्यक्ति अपनी वार्षिक बचत से खुम्स अदा नहीं करता है, तो क्या हुक्म है?
**जवाब** अगर कोई व्यक्ति खुम्स का पैसा अदा नहीं करता है, तो उसका माल पाक नहीं होता है और वह हक-ए-सादात और हक-ए-इमाम का गासिब कहलाएगा।
**सवाल** क्या रोजे की हालत में रोजेदार हिजामा करवा सकता है?
**जवाब-** रोजेदार रोजे की हालत में हिजामा करवा सकता है, लेकिन यह मकरूह है। यानी न करवाए तो बेहतर है, हालांकि इससे रोजा नहीं टूटेगा।
**सवाल-**अगर कोई व्यक्ति फितरा की रकम रमजान में अदा करे, तो क्या यह सही है?
**जवाब-** फितरा चाँद निकलने के बाद वाजिब होता है, इसलिए इसे 29 रमजान (चाँद रात) को देना चाहिए।
**सवाल-** अगर कोई व्यक्ति ईद-उल-फितर की नमाज पढ़कर चला जाए और खुतबा न सुने, तो क्या हुक्म है?
**जवाब-** उसकी नमाज सही है। ईद की नमाज का खुतबा सुनना जरूरी नहीं है, लेकिन सुना जाए तो बेहतर है।
**सवाल-** क्या रोजेदार के लिए रोजे की हालत में खुशबू लगाना जायज है?
**जवाब-** रोजे की हालत में खुशबू लगाई जा सकती है, जैसे सेंट, अत्तर आदि। इससे रोजा बातिल नहीं होगा और रोजा सही रहेगा।

### सीमेंट और ईंटों पर सज्दा करने में कोई हरज नहीं है

**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिंद के ज़ेरे एहतेमाम जारी माहे रमज़ान हेल्पलाइन पर पूछे गए सवालात जवाबात रहबर-ए-मुअज्ज़म आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामेनई के फ़तवों के मुताबिक़ हैं।

**हेल्पलाइन नं. पुरुष- 9833028596**
**महिला- 7390026883**

**सवाल-** सीमेंट और ईंटों पर सज्दा और तयम्मुम करने का क्या हुक्म है?
**जवाब-**सीमेंट और ईंटों पर सज्दा करने में कोई हरज नहीं है, लेकिन एहतियात यह है कि उन पर तयम्मुम न किया जाए।
**सवाल-**नमाज़-ए-जुमा में वाजिब-ए-तख़यीरी का क्या मतलब है?
**जवाब-** इसका मतलब यह है कि जुमा के दिन मुकल्लफ़ को इख्तियार है कि वो नमाज़-ए-जुमा पढ़े या नमाज़-ए-ज़ुहर। (रहबरे मोअज़्ज़म)
**सवाल-** मैं सिगरेट पीने का बहुत आदी हूँ, सिगरेट छोड़ना मेरे लिए तकलीफ और चिड़चिड़ेपन का कारण बनता है, मेरे रोज़े का क्या हुक्म है?
**जवाब-** रोज़ा वाजिब है, इसे छोड़ा नहीं जा सकता।
**सवाल-**मुझे शक है कि क्या मैंने अपने तमाम क़ज़ा रोज़े अदा कर लिए हैं या नहीं, मेरी शरई जिम्मेदारी क्या है?
**जवाब-**आप सिर्फ़ उन रोज़ों की क़ज़ा करें जिनके अदा न होने का यक़ीन है, या उतने रोज़ों की क़ज़ा कर लें जिससे आपको यक़ीन हो जाए कि आपकी जिम्मेदारी पूरी हो गई है।

### अगर फूफी और खाला हकदार हैं तो जकात दे सकते हैं : सुन्नी हेल्पलाइन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रमजान हेल्पलाइन में इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के तहत् दारूल निजामिया फरंगी महल में रोज़ेदारों के सवालात के जवाब मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने दिये।

**हेल्पलाइन नं. 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677**

**सवाल-** क्या जकात की रकम अपनी फूफी और खाला को दे सकते हैं?
**जवाब-** अगर वह हकदार हैं तो दे सकते हैं।
**सवाल-** दुलहन का वह महर जो शौहर ने अदा नही किया है तो क्या इस सूरत में दुलहन के जिम्मे इस महर पर भी जकात है?
**जवाब-** महर वुसूल होने से पहले उस पर जकात नही।
**सवाल-** वित्र की नमाज में वाजिबुललैल (रात की वाजिब) कहना कैसा है?
**जवाब-** वित्र की नियत में यह कहना चाहिए कि नियत करता हूँ मैं वित्र की वाजिब नमाज की और अगर वाजिबुललैल (रात की वाजिब) भी कह दिया तो कोई बात नही।
**सवाल-** रमजान के अलावा वित्र की नमाज जमाअत के साथ पढ़ना कैसा है?
**जवाब-** वित्र की नमाज रमजान के अलावा जमाअत के साथ पढ़ना सही नही है।
**सवाल-** क्या बेवा औरत पर फित्रः वाजिब है?
**जवाब** अगर बेवा निसाब की मालिक हो तो उसको फित्रः देना जरूरी है।

## कूड़ा प्लांट में कार्यरत हेल्पर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के शिवरी स्थित कूड़ा प्लांट में कार्यरत एक हेल्पर की गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह लेबर कॉलोनी के सामने बने बाथरूम में उसका शव मिलने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कामता प्रसाद पांडे (लगभग 51 वर्ष) पुत्र राम बच्चन पांडे, निवासी ग्राम आशापुर इमलिया सिकरा, जिला सुल्तानपुर के रूप में हुई है। वह शिवरी स्थित कूड़ा प्लांट में हेल्पर के रूप में कार्यरत थे और लेबर कॉलोनी में रहकर काम करते थे। बताया गया कि बुधवार रात वह लेबर कॉलोनी के सामने बने बाथरूम की ओर गए थे। गुरुवार सुबह जब लोग वहां पहुंचे तो वह बाथरूम के अंदर जमीन पर अचेत अवस्था में पड़े मिले। सहकर्मियों द्वारा उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बेहटा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## करोंद में हज़रत अली की शहादत पर मजलिस

- मौलाना हैदर अब्बास रिज़वी ने की तकरीर
- रमज़ान के आख़िरी अशरे की अहमियत बयान
- मजलिस में हज़रत अली की सादगी पर रोशनी
- शब-ए-क़द्र में अमन-ओ-अमान की दुआ



**भोपाल (मध्य प्रदेश)** रमज़ान के मुबारक महीने 40 हिजरी में दुनिया ने इंसाफ के प्रतीक हज़रत अली अलैहिस्सलाम की शहादत का दुखद मंजर देखा था। हर साल की तरह इस वर्ष भी भोपाल के करोंद इलाके में स्थित अजाखाना इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम में हज़रत अली की शहादत की याद में मजलिस-ए-ग़म का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ख़िताब करने के लिए लखनऊ से मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिज़वी तशरीफ़ लाए। मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिज़वी ने अपनी तकरीरों में हज़रत अली अलैहिस्सलाम के फ़ज़ाइल और कमालात बयान करते हुए रमज़ान के आख़िरी अशरे की अहमियत पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि जैसे किसी त्योहार के आने पर दुकानदार अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए समय की परवाह नहीं करता, उसी तरह इंसान को अपनी रूहानी और आध्यात्मिक तरक़्क़ी के लिए रमज़ान के आख़िरी दस दिनों में खास ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि पैग़म्बर-ए-इस्लाम हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहु अलैहि व आलिहि वसल्लम आख़िरी दस दिनों में इबादत में पूरी तरह मशग़ूल हो जाते थे।मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना रिज़वी ने नौजवानों को खास तौर पर नसीहत की कि ईरान की इस्लामी क्रांति ने हमें एक रास्ता दिखाया है कि हम अपनी निजी और सामाजिक ज़िंदगी में अधिक से अधिक कोशिश करें। उन्होंने कहा कि रहबर-ए-इंक़लाब की शहादत ने दुनिया भर के जागरूक लोगों को यह कहने पर मजबूर कर दिया कि शिया-ए-अली ने मुसलमान होने का हक़ अदा किया है। उन्होंने आगे कहा कि आज के इस कठिन दौर में मजलिस-ए-ख़ुबरेगान-ए-रहबरी ने नए रहबर का चयन कर उम्मत को भटकाव से बचा लिया है और यह फैसला अंधेरे में उम्मीद की एक किरण साबित हुआ है। मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिज़वी ने हज़रत अली की सादगी भरी और आध्यात्मिक ज़िंदगी का ज़िक्र करते हुए कहा कि दुनिया के कई हुक्मरान अपनी दुनिया संवारने के लिए सत्ता संभालते हैं, चाहे इसके लिए ग़ज़ा के मासूम बच्चों की जान क्यों न चली जाए या ईरान के मीनाब शहर में डेढ़ सौ से अधिक बच्चियों की शहादत जैसी घटनाएँ क्यों न हों। जबकि हज़रत अली और उनके रास्ते पर चलने वाले लोग हमेशा ज़ुल्म के ख़ात्मे के लिए सत्ता संभालते हैं।